रजिस्ट्री सं० बी० (डी०)-73

Registered No. D. (D)73

CENTRAL SECT... GOVT OF INDIA

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 12] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 25, 1978/चैत्र 4, 1900
No. 12] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 25, 1978/CHAITRA 4, 1900

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गये साधारण नियम जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उपनियम आदि सम्मिलित है

General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc., of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, 9 मार्च, 1978

सा०का०नि० 388—केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना लोक हित में आवश्यक और समीचीन है ;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, आयुध अधिनियम, 1959 (1959 का 54) की धारा 41 के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे की सारणी के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट वर्ग के व्यक्तियों को, उक्त सारणी के स्तम्भ (4) में विनिर्दिष्ट तत्संबंधी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट शर्तों के अधीन रहते हुए, उक्त सारणी के स्तम्भ (3) में की तत्संबंधी प्रविष्टियों में विनिर्दिष्ट प्रवर्ग या वर्णन के शस्त्रास्त्रों की बाबत उक्त अधिनियम की धारा 3 और 4 के प्रवर्तन से छूट देती है।

सारणी

क्रम सं०	व्यक्तियों के वर्ग	शस्त्रास्त्रों के प्रवर्ग या वर्णन	शर्तें
1	2	3	4
1	महामहिम भूटान नरेश और भूटानी राज परिवार के सदस्य	सभी शस्त्रास्त्र, उनसे भिन्न जो आयुध नियम, 1962 की अनुसूची I के प्रवर्ग 1 (क) में विनिर्दिष्ट है।	--
2.	भूटानी सेना/पुलिस कार्मिक, भारत से होकर भूटान में दो स्थानों के बीच आते-जाते समय, या भारत में प्रशिक्षण आदि के लिए आते-जाते समय, चाहे अकेले या समूह में।	सभी शस्त्रास्त्र	छूट, भूटानी राज सेना के किसी अधिकारी द्वारा जिसे भूटान नरेश द्वारा कमीशन प्राप्त हो या रायल भूटान पुलिस के तत्सम रैंक के किसी अधिकारी द्वारा गमनागमन आदेश/कमान प्रमाणपत्र जारी करने पर दी जा सकेगी।

[सं० 15/2/76-जी पी ए-5]
एच० बी० राय, अवर सचिव

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

New Delhi, the 9th March 1978

G. S. R. 388—Whereas the Central Government is of opinion that it is necessary and expedient in the public interest so to do;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by clause (a) of Section 41 of the Arms Act, 1959 (54 of 1959), the Central Government hereby exempts the classes of persons specified in column (2) of the Table below from the operation of the provisions of sections 3 and 4 of the said Act in respect of the category or description of arms and ammunition, specified in the corresponding entry in column (3) of the said Table, subject to the condition specified in the corresponding entry in column (4) of the said Table.

TABLE

Sl. No.	Classes of persons	Category or description of arms and ammunition	Conditions
1	2	3	4
1.	His Majesty the King of Bhutan and members of the Bhutanese Royal family.	All arms and ammunitions except those specified in category I (a) in Schedule I to the Arms Rules, 1962.	
2.	Bhutanese Army/Police personnel moving individually or in groups either during journey between two points in Bhutan through Indian territory or for attending training, etc. in India.	All arms and ammunition.	Exemption shall be subject to the issue of a movement order/command certificate issued by an Officer of Royal Bhutanese Army Commissioned by the King of Bhutan or an Officer of corresponding rank in the Royal Bhutan Police.

[No. 15/2/76—GPA.-V]

H. B. Roy, Under Secy.

(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

नई दिल्ली, 8 मार्च, 1978

सा० का० नि० 389—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंध संस्थान, गृह मंत्रालय, कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग में संयुक्त निदेशक, (व्यावहारिक प्रशिक्षण) के पद पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने वाले निम्नलिखित नियम बनाते हैं अर्थात :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंध संस्थान, संयुक्त निदेशक (व्यावहारिक प्रशिक्षण) भर्ती नियम, 1978 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. पद संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान :—उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उसका वेतनमान वे होंगे जो इससे उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ 2 से 4 तक में विनिर्दिष्ट हैं।

3. भर्ती की पद्धति, आयु सीमा और अर्हताएं आदि :—उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से 13 तक में विनिर्दिष्ट है —

4. निरर्हताएं :—वह व्यक्ति—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया हो; उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार मौजूद है तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. नियम शिथिल करने की शक्ति :—जहां केन्द्रीय सरकार की राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह, उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. व्यावृत्ति :—इन नियमों की कोई भी बात ऐसे आरक्षणों और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य विशेष प्रवर्गों के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद अथवा अचयन पद	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए शैक्षिक और अन्य अर्हताएं
1	2	3	4	5	6	7
संयुक्त निदेशक (व्यावहारिक प्रशिक्षण)	1	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'क' राजपत्रित, अलिपिकवर्गीय	1500-60-1800 रु०	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नति की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि यदि कोई हो	भर्ती की पद्धति/भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जाएगा	प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा परामर्श किया जाएगा
8	9	10	11	12	13
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण द्वारा	प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण : केन्द्रीय सेवा, समूह 'क' के अधिकारी जिन्होंने इस रूप में 7 वर्ष की नियमित सेवा की हो, या केन्द्रीय सचिवालय सेवा की श्रेणी-1 के अधिकारी जिन्होंने इस रूप में 3 वर्ष की नियमित सेवा की हो और जिनके पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की उपाधि या समतुल्य हो और जिन्हें अधिमानतः मनोविज्ञान या व्यावहारिक विज्ञान में पढ़ाने का अनुभव हो। (प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया 4 वर्ष से अधिक नहीं होगी)	लागू नहीं होता	जब तक भर्ती नियम के उपबंधों को किसी समय शिथिल करने की आवश्यकता न हो, संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श आवश्यक नहीं होगा।

[सं० 13012/6/76-स्था०I]

एम० बी० भमभानी, डेस्क अधिकारी

(Department of Personnel and Administrative Reforms)

New Delhi, the 8th March, 1978

G.S.R. 389.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating method of recruitment to the post of Joint Director (Behavioural Training) in the Institute of Secretariat Training and Management, Ministry of Home Affairs, Department of Personnel and Administrative Reforms, namely :—

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Institute of Secretariat Training and Management Joint Director (Behavioural Training) Recruitment Rules, 1978.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the official Gazette.

2. Number of post, classification and scale of pay.—The number of the said post, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule hereto annexed.

3. Method of recruitment, age limit and other qualifications.—The method of recruitment to the said post, age limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns 5 to 13 of the said Schedule.

4. Disqualification.—No person,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post :

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to relax.—Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing, and in consultation with the Union Public Service Commission relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. Saving.—Nothing in these rules shall affect reservations and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of post	No. of Posts	Classification	Scale of pay	Whether Selection Post or non-selection post	Age limit for direct recruits	Educational and other qualifications required for direct recruits
1	2	3	4	5	6	7
Joint Director (Behavioural Training)	1	General Central Service Group 'A' Gazetted Non-Ministerial	Rs. 1500-60-1800	Not applicable	Not applicable	Not Applicable

Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of Promotees	Period of probation if any	Method of recruitment whether by direct recruitment or by Promotion or by deputation/transfer & percentage of the vacancies to be filled by various methods	In case of recruitment by promotion/deputation/transfer grades from which promotion/deputation/transfer to be made	If a Departmental Promotion Committee exists what is its compositions	Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment
8	9	10	11	12	13
Not Applicable	Not Applicable	By transfer on deputation	Transfer on deputation: Officers from the Central Services Group 'A' with 7 years' regular service as such or officers of Grade I of Central Secretariat Service with 3 years' regular service as such and possessing a degree of a recognised University or equivalent and preferably having experience of teaching in Psychology or Behavioural Sciences. (Period of deputation shall ordinarily not exceed 4 years.)	Not Applicable	Consultation with the Union Public Service Commission not necessary unless it is intended to relax, at any time, the provisions of the recruitment rules.

[No. 13012/6/76—Trg. I]

M. B. BHAMBHANI, Desk Officer

नई दिल्ली, 9 मार्च, 1978

सा० का० नि० 390—संविधान के अनुच्छेद 299 के खण्ड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति, उप केन्द्रीय आसूचना अधिकारी, पुणे के कार्यालय व निवास स्थान के लिये पुणे स्थित "मधु मालती" नामक सम्पत्ति खरीदने के वास्ते सहायक आसूचना ब्यूरो, बम्बई के उप निदेशक का सेल डीड निष्पादित करने के लिये प्राधिकृत करते हैं।

[सं 1/सी०11/73(जे०)-10(एफ०पी०5)]
पी० प्रसाद, निदेशक

New Delhi, the 9th March, 1978

G.S.R 390.—In exercise of the powers confered by clause (1) of Article 299 of the Constitution, the President is pleased to authorise the Deputy Director, Subsidiary Intelligence Bureau, Bombay to execute a sale deed for purchase of property known as 'Madhu Malti" at Pune, for use as office-cum-residence of the Deputy Central Intelligence Officer, Pune.

[No 1/CII/73(J)-10(F P V)]
P PRASAD, Director

नई दिल्ली, 15 मार्च, 1978

सा० का० नि० 391—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत तिब्बत सीमा पुलिस में लिपिकीय अनुभाग में कतिपय अराजपत्रित पदों पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने वाले निम्नलिखित नियम बनाते हैं अर्थात् —

1 संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम भारत तिब्बत सीमा पुलिस (लिपिकीय अनुभाग के अराजपत्रित पद) भर्ती नियम, 1978 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2 लागू होना—ये नियम इससे उपबन्ध अनुसूची के स्तम्भ 1 में विनिर्दिष्ट पदों को लागू होंगे।

3 पद संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान—उक्त पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण और उनके वेतनमान वे होंगे जो इससे उपाबन्ध अनुसूची के स्तम्भ 2 से 4 तक में विनिर्दिष्ट है।

4 भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा और अर्हताएं आदि—उक्त पदों पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से 13 तक में विनिर्दिष्ट है।

5 निरर्हताएं—यह व्यक्ति—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार मौजूद है तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

6 नियम शिथिल करने की शक्ति—जहां केन्द्रीय सरकार की राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां वह, उसके लिए जो कारण है उन्हें लेखबद्ध करके इन नियमों के किसी उपबन्ध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों या पदों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

7 व्यावृत्ति—इन नियमों की कोई भी बात ऐसे आरक्षणों और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन-जातियों और अन्य विशेष प्रवर्गों के व्यक्तियों के लिए उपबन्ध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन अथवा अचयन पद	सीधे भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु सीमा	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए शैक्षिक और अन्य अर्हताएं
1	2	3	4	5	6	7
सूबेदार लिपिक	5	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह "ग" (अराजपत्रित) लिपिक वर्गीय पुलिस रैंक।	550-20-650-25-750ई०	चयन	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नति की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि यदि कोई हो	भर्ती की पद्धति/भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	प्रोन्नति, प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जाएगा	यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा परामर्श किया जाएगा
8	9	10	11	12	13
लागू नहीं होना	दो वर्ष	(1) 40 प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा, (2) 60 प्रतिशत जमादार लेखा, स्थानान्तरण द्वारा और दोनों के न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण/स्थानान्तरण द्वारा या भूतपूर्व सैनिक कार्मिकों के पुनर्नियोजन द्वारा	प्रोन्नति द्वारा ऐसे जमादार मुख्य लिपिकों में से जिन्होंने उस श्रेणी में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् 5 वर्ष सेवा की हो और जिन्होंने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस द्वारा आयोजित सामान्य/लेखा पाठ्यक्रम पूरा किया हो। स्थानान्तरण द्वारा ऐसे जमादार लेखापालों में से जिन्होंने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस द्वारा आयोजित लेखा पाठ्यक्रम पूरा किया हो और उस श्रेणी में कम से कम 5 वर्ष तक सेवा की हो। प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण/स्थानान्तरण. समतुल्य/सदृश्य रैंक धारण करने वाले ऐसे व्यक्ति जिन्हें अन्य केन्द्रीय सरकार के विभागों में लिपिकीय और लेखाकार्य का अनुभव हो। (प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक हो) पुनर्नियोजन : समतुल्य प्रास्थिति के सेवा निवृत्त या निर्मुक्त ऐसे सेवा कार्मिकों के पुनर्नियोजन द्वारा लेखा और लिपिकीय कार्य का अनुभव हो।	समूह "ग" विभागीय प्रोन्नति समिति जिसमें निम्नलिखित होंगे — 1. उप-महानिरीक्षक (मुख्यालय)—अध्यक्ष। 2. कमांडेंट (कर्मचारी-वृन्द) (पी)—सदस्य। 3. कमांडेंट (कर्मचारी-वृन्द) (टी)—सदस्य। 4. ज्येष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (स्थापना)—सचिव	लागू नहीं होता

[सं० आई० 12013/1/77-स्थापना/पर्स-I]

ब० चक्रवर्ती, निदेशक

New Delhi, the 15th March, 1978

G.S.R. 391.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to certain non-gazetted posts of Clerical Section in the Indo-Tibetan Border Police, namely :—

1. Short title and commencement :—(1) These rules may be called the Indo-Tibetan Border Police (Non-Gazetted posts of Clerical Section) Recruitment Rules, 1978.

(2) They shall come into force on the date of their issue.

2. Application :—These rules shall apply to the posts as specified in column 1 of the Schedule annexed to these rules.

3. Number, classification and scale of pay :—The number of posts, their classification and the scale of pay attached thereto, shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule annexed hereto.

4. Method of recruitment, age limit and qualification etc. :—The method of recruitment to the said posts, age limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns 5 to 13 of the said Schedule.

5. Disqualification :—No person—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to any of the said posts :

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

6. Power to relax :—Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expendient so to do, it may by order, for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons or posts.

7 Saving :—Nothing in these rules shall affect reservations and other concessions required to be provided for candidates belonging to the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of Post	No. of Posts	Classification	Scale of pay	Whether selection post or non-Selection post	Age limit for direct recruits	Educational and other qualifications required for direct recruits
1	2	3	4	5	6	7
4. Subedar Clerk	Five	General Central Service, Group-C (Non-Gazetted), Ministerial Police Rank	Rs. 550-20-650-25-750	Selection	Not applicable	Not applicable

Whether age and Educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotee	Period of probation if any	Method of recruiting whether by direct recruitment or by promotion or by deputation or transfer and percentage of the vacancies to be filled by various methods	In case of recruiting by promotion/deputation/transfer grades from which promotion/ deputation transfer to be made	If a Departmental Promotion Committee exists what is its composition	Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment
8	9	10	11	12	13
No applicable	Two years	(i) 40% by promotion ; (ii) 60% by transfer of Jamadar Accounts, failing both by transfer on deputation/transfer or by re-employment of Ex-Army personnel.	By promotion : From amongst Jamadar Head Clerks with 5 years' service in the grade rendered after appointment thereto on a regular basis and who have also undergone the General/ Accounts Course organised by Indo-Tibetan Border Police. By transfer : From amongst Jamadar Accountants who have undergone the General/Accounts Course organised by Indo-Tibetan Border Police and have also rendered not less than 5 years' service in the grade. By transfer on deputation/ Transfer : Persons holding equivalent/ analogous rank, having experience in Clerical and Accounts work in other Central Government Departments. (Period of deputation shall ordinarily not exceed 3 years). Re-employment : By re-employment of retired or released Army personnel of equivalent status, having experience in Accounts as well in Clerical works.	Group-C— Departmental Promotion Committee consist of :- 1 Deputy Inspector General (Headquarters) —Chairman 2. Commandant Staff (P) —Member 3. Commandant Staff(T) —Member 4. Senior Administrative Officer (Establishment) —Secretary	Not applicable

[No. I. 12013/1/77-Estt./Pers.-I]
C. CHAKRABARTY, Director

(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

शुद्धि-पत्र

नई दिल्ली, 16 मार्च, 1978

सा०का०नि० 392—दिनांक 10 दिसम्बर, 1977 के सा० का० नि० सं० 1655 के अधीन भारत के राजपत्र भाग II खण्ड 3, उपखण्ड (i) में प्रकाशित गृह मंत्रालय की अधिसूचना सं० 11039/4/77-अ०भा०से० (1) में पैरा 1 मे आये हुए "(2) वे तत्कालीन प्रभाव से लागू होंगे" प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि रखी जाए :—

"(2) ये राजपत्र मे इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।"

[सं० 11039/4/77-अ०भा०से० (1)]

आर० एन० दत्ता, डैस्क अधिकारी

(Department of Personnel & Administrative Reforms)

CORRIGENDUM

New Delhi, the 16th March, 1978

G.S.R. 392.—In the Ministry of Home Affairs notification No. 11039/4/77-AIS(I), published in the Gazette of India, Part II Section 3, Sub-section (i) under G.S.R. No 1655 dated 10th December, 1977, for the entry—"(2) They shall come into force with immediate effect" appearing in para 1 thereof following entry may be substituted :—

"(2) They shall come into force on the date of their publication in the official gazette."

[No. 11039/4/77-AIS(I)]

R. N. DATTA, Desk Officer.

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, 25 मार्च, 1978

केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क

सा० का० नि० 393.—केन्द्रीय सरकार, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क नियम, 1944 के नियम 8 के उपनियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) की अधिसूचना सं० 312/77 केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क, तारीख 4 नवम्बर, 1977 में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

उक्त अधिसूचना मे पैरा 2 में "31 मार्च, 1978" अंकों और शब्दों के स्थान पर "31 मार्च, 1979" अंक और शब्द रखे जाएंगे।

[सं० 83/78-के० उ०शु० फा० सं० 102/7/77-के०उ०शु० 3]

एन० राजा, अवर सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

New Delhi, the 25th March 1978

CENTRAL EXCISES

G.S.R.393.—In exercise of the powers conferred by sub-rule (1) of rule 8 of the Central Excise Rules, 1944, the Central Government hereby makes the following amendment in the notification of the Government of India in the Ministry of Finance (Department of Revenue) No. 312/77--Central Excises, dated the 4th November, 1977, namely :—

In the said notification, in paragraph 2, for the figures, letters and words "31st day of March, 1978", the figures, letters and words "31st day of March, 1979", shall be substituted.

[No. 83/78-C. E.-F. No. 102/7/77-CX. 3]

N. RAJA, Under Secy.

(आर्थिक कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 13 मार्च, 1978

सा० का० नि० 394—भारत के संविधान के अनुच्छेद 299 की धारा (i) के साथ पठित अनुच्छेद 77 की धारा (2) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाते है, अर्थात् —

भारत सरकार तथा अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ के बीच हुए निम्नलिखित विकास ऋण करारों तथा भारत सरकार तथा अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक के बीच हुए उधार करार अर्थात् :—

(1) विकास ऋण करार संख्या 685-आई०एन० (सिंगौली तापीय विद्युत परियोजना)

(2) विकास ऋण करार संख्या 720-आई०एन० (पैरीयार वेगाई सिंचाई परियोजना)

(3) विकास ऋण करार संख्या 736-आई०एन० (महाराष्ट्र सिंचाई परियोजना)

(4) विकास ऋण करार संख्या 740-आई०एन० (उड़ीसा सिंचाई परियोजना)

(5) उधार करार संख्या 1472-आई०एन० (बम्बई अपतट विकास परियोजना)

के उपबन्धों के अनुसरण मे संघ की कार्यकारी शक्तियो का प्रयोग करते हुए सभी आवेदन-पत्र, प्रमाणपत्र या अन्य दस्तावेज जिन पर हस्ताक्षर किए जाने हों या जिन पर हस्ताक्षर करने की अनुमति हो अथवा जिन्हे निष्पादित किया जाना हो या जिन्हे निष्पादित करने की अनुमति हो, राष्ट्रपति की ओर से वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग के किसी भी वरिष्ठ लेखा अधिकारी या लेखा अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित, निष्पादित और अधिप्रमाणित किए जाएंगे।

राष्ट्रपति के आदेश तथा नाम से

[संख्या एफ० 6(5) 77—एफ०बी० 5]

जे० के० मित्रल, उप-सचिव

(Department of Economic Affairs)

New Delhi, the 13th March, 1978

G.S.R. 394.—In exercise of the powers conferred by clause (2) of Article 77, read with clause (1) of Article 299 of the Constitution of India, the President hereby makes the following rules, namely :—

All applications, certificates or other documents required or permitted to be signed or executed in exercise of the executive power of the Union in pursuance of the provisions of the following Development Credit Agreements entered into between the Government of India and the International Development Association and Loan Agreement enterd into between the Government of India and the International Bank for Reconstruction and Development viz :—

(1) Development Credit Agreement No. 685-IN (Singrauli Thermal Power Project)

(2) Development Credit Agreement No. 720-IN (Periyar Vaigai Irrigation Project)

(3) Development Credit Agreement No. 736-IN (Maharashtra Irrigation Project)

(4) Development Credit Agreement No. 740-IN (Orissa Irrigation Project)

(5) Loan Agreement No. 1472-IN (Bombay High Offshore Development Project).

shall be signed or executed and authenticated on behalf of the President by any of the Senior Accounts Officers or Accounts Officers in the Department of Economic Affairs, Ministry of Finance.

By order and in the name of the President.

No. F. 6(5)77-FB. V

J. K. SIBAL Dy. Secy.

नई दिल्ली, 3 फरवरी, 1978

सा०का०नि० 395.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति एतद्द्वारा वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंक नोट प्रैस, देवास, अवर्गीकृत औद्योगिक संवर्ग पद) भारतीय नियमावली, 1975 में और आगे संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते है, अर्थात :—

1. (i) इन नियमों को वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंक नोट प्रैस, देवास, अवर्गीकृत औद्योगिक संवर्ग पद) भर्ती संशोधन नियमावली, 1978 कहा जाएगा।

(ii) ये नियम सरकारी राजपत्र में इनके प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे।

2 वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंक नोट प्रेस, देवास, अवर्गीकृत औद्योगिक संवर्ग पद), भरती नियमावली, 1975 की अनुसूची में, "कनिष्ठ मशीन सहायक (इन्क फैक्टरी)" के पद से सम्बन्धित क्रम संख्या 7 के सामने, वर्ग II के शीर्षक के अंतर्गत कालम 12 में की गई प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि को अंकित कर दिया जाएगा अर्थात् :—

"210-290 रुपए के वेतनमान में परिचार (अटैण्डेण्ट, इन्क फैक्टरी) के रूप में 4 वर्ष की सेवा"

[संख्या एफ 4/5/78-बैंक नोट प्रैस]

New Delhi, the 3rd February, 1978

G.S.R. 395.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Ministry of Finance, Department of Economic Affairs (Bank Note Press, Dewas, Unclassified Industrial Cadre posts) Recruitment Rules, 1975, namely :—

1. (1) These rules may be called the Ministry of Finance, Department of Economic Affairs (Bank Note Press, Dewas, Unclassified Industrial Cadre posts) Recruitment Amendment Rules, 1978.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the Ministry of Finance, Department of Economic Affairs (Bank Note Press, Dewas, Unclassified Industrial Cadre posts) Recruitment Rules, 1975, under the heading 'Group II', against Serial Number 7 relating to the post of "Junior Machine Assistant (Ink Factory)", in column 12, for the entry, the following shall be substituted, namely :—

"Attendant (Ink Factory) with 4 years service in the grade of Rs. 210-290".

[F. No. 4/5/78-BNP]

नई दिल्ली, 6 मार्च, 1978

सा० का० नि० 396.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति, एतद्द्वारा भारत सरकार टकसाल (श्रेणी III के पद) भर्ती नियमावली, 1976 में और आगे संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात :—

1. (1) इन नियमों को भारत सरकार टकसाल (श्रेणी III के पद) भरती (संशोधन) नियमावली 1978 कहा जाएगा।

(2) यह नियम सरकारी राजपत्र में इनके प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे।

2 भारत सरकार टकसाल (श्रेणी III के पद) भरती नियमावली, 1976 की अनुसूची में :—

(क) कालम II में क्रम संख्या 12 के सामने की गई प्रविष्टियों के बाद निम्नलिखित टिप्पणी जोड़ दी जाएगी, अर्थात् :—

"टिप्पणी :—चुने गए प्रत्याशियों को—

(i) 30,000 रुपए नकद प्रतिभूति जमा करनी पड़ेगी; और

(ii) दो 15,000-15,000 रुपए के व्यक्तिगत जमानती और बीमा कम्पनी से 30,000 रुपए के निष्ठापत्र देने पड़ेंगे।"

(ख) कालम II में क्रम संख्या 13 के सामने की गई प्रविष्टियों के उपरान्त निम्नलिखित टिप्पणी जोड़ दी जाएगी, अर्थात :—

"टिप्पणी :—चुने गए प्रत्यासी को 3,000 रुपए नकद जमानत जमा करनी पड़ेगी।

[संख्या एफ० 3/17/77-कोइज]

एस० एल० दत्त, अवर सचिव

New Delhi, the 6th March, 1978

G.S.R. 396.—In exercise of the powers conferred the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the India Government Mints (Class III Posts) Recruitment Rules, 1976, namely :—

1. (1) These Rules may be called the India Government Mints (Class III Posts) Recruitment (Amendment) Rules, 1978.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the India Government Mints (Class III Posts) Recruitment Rules, 1976,—

(a) against Serial No. 12, in column 11, after the entry, the following note shall be inserted, namely :—

"Note : The selected candidate will have to—

(i) deposit in cash a security of Rs. 30,000 ; and

(ii) furnish two personal sureties of Rs. 15,000 each and a fidelity bond for Rs. 30,000 from an insurance company." :

(b) against Serial No. 13, in column 11, after the entry the following note shall be inserted, namely :—

"Note : The selected candidate will have to deposit in cash a security of Rs. 3,000".

[No. F. 3/17/77-Coin]

S. L. DUTT, Under Secy.

वाणिज्य मंत्रालय

नई दिल्ली, 8 मार्च, 1978

सा०का०नि० 397.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कांडला निर्बाध व्यापार क्षेत्र प्रशासन, विदेश व्यापार मंत्रालय (अराजपत्रित पद) भर्ती नियम, 1971 में संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात :—

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम कांडला निर्बाध व्यापार क्षेत्र प्रशासन, विदेश व्यापार मंत्रालय (अराजपत्रित पद) संशोधन नियम, 1978 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. कांडला निर्बाध व्यापार क्षेत्र प्रशासन, विदेश व्यापार मंत्रालय (अराजपत्रित पद) भर्ती नियम 1971 में,—

(i) नियम 1 के उपनियम (1) में, "विदेश व्यापार" शब्दों के स्थान पर "वाणिज्य" शब्द रखा जाएगा।

(ii) नियम 6 के पश्चात, निम्नलिखित अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात :—

"7 व्यावृत्ति:—इन नियमों की कोई भी बात, इस सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार द्वारा समय समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों या व्यक्तियों के अन्य विशेष प्रवर्गों के लिए उपबन्ध करने के लिए अपेक्षित आरक्षणों और अन्य रियायतों को प्रभावी नहीं करेगी।"

(iii) अनुसूची में,—

(क) "निरोधक अधिकारी, श्रेणी 1 के पद से सम्बन्धित क्रम सं० 2 के सामने—

(क) स्तम्भ 4 में, "वर्ग 3" शब्द और अंक के स्थान पर, "समूह 'ग'" शब्द और अक्षर रखा जाएगा।

(ख) स्तम्भ 5 में की मद के स्थान पर, मद "425-15-500-द०रो०-15-560-20-700-द०रो०-25-800 रु०" रखी जाएगी।

(ग) स्तम्भ 11 में की मद के स्थान पर, "मद 33 1/3 प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा तथा 66 2/3 प्रतिशत प्रतिनियुक्ति द्वारा" रखी जाएगी।

(घ) स्तम्भ 12 में की मद के स्थान पर, निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात :—

"(1) ऐसे निरोधक अधिकारी, श्रेणी 2 से प्रोन्नति जिसका उस श्रेणी में 7 वर्ष का अनुभव हो,

(2) सीमा शुल्क और केन्द्रीय उत्पादन शुल्क विभाग में तत्सम श्रेणी के उपयुक्त अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति (प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी);

(ङ) स्तम्भ 13 में की मद के स्थान पर, निम्नलिखित रखा जाएगा अर्थात—

"समूह 'ग'" विभागीय प्रोन्नति समिति जिसमें निम्नलिखित होंगे

1. विकास आयुक्त—अध्यक्ष
2. सहायक कलक्टर, कांडला निर्बाध व्यापार क्षेत्र—सदस्य
3. सहायक कलक्टर, कांडला—सदस्य
4. लेखा अधिकारी—सदस्य-सचिव
5. प्रशासन अधिकारी—सदस्य-सचिव

(ख) 'कार्यालय अधीक्षक' पद से सम्बन्धित क्रम सं० 3 के सामने—

(क) स्तम्भ 4 में, "वर्ग 3" शब्द और अंक के स्थान पर, "समूह 'ग'" शब्द और अक्षर रखा जाएगा,

(ख) स्तम्भ 5 में की मद के स्थान पर, मद "550-20-650-25-750 रु० रखी जाएगी।

(ग) स्तम्भ 11 में की मदों के स्थान पर, निम्नलिखित रखा जायेगा अर्थात—

"ऐसे प्रधान लिपिक तथा लेखापाल की, जिसका 5 वर्ष का अनुभव हो, तथा विकास आयुक्त के ऐसे वैयक्तिक सहायक, जिसका 7 वर्ष का अनुभव हो, प्रोन्नति द्वारा";

(घ) स्तम्भ 13 में की मद के स्थान पर, निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात :—

"समूह 'ग' विभागीय प्रोन्नति समिति में निम्नलिखित होंगे;

1. विकास आयुक्त—अध्यक्ष
2. सहायक कलक्टर, कांडला निर्बाध व्यापार क्षेत्र—सदस्य
3. सहायक कलक्टर, कांडला—सदस्य
4. लेखा अधिकारी, कांडला निर्बाध व्यापार क्षेत्र—सदस्य
5. प्रशासन अधिकारी—सदस्य-सचिव"

ग. 'प्रधान लिपिक' पद से सम्बन्धित क्रम संख्या 5 के सामने—

(क) स्तम्भ 4 में, "वर्ग 3" शब्द और अंक के स्थान पर "समूह 'ग'" शब्द और अक्षर रखा जाएगा;"

(ख) स्तम्भ 5 में की मद के स्थान पर, मद "425-15-500-द०रो०-15-560-20-700 रु०" रखी जाएगी;

(ग) स्तम्भ 12 में की मदों के स्थान पर, निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात :—

"ऐसे उच्च श्रेणी लिपिकों तथा आशुलिपिकों की प्रोन्नति द्वारा जिनकी उस श्रेणी में न्यूनतम 5 वर्ष की सेवा हो।"

(घ) स्तम्भ 13 में की मद के स्थान पर, निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात :—

"समूह 'ग' विभागीय प्रोन्नति समिति, जिनमें निम्नलिखित होंगे :—

1. विकास आयुक्त—अध्यक्ष
2. सहायक कलक्टर, कांडला निर्बाध व्यापार क्षेत्र—सदस्य
3. सहायक कलक्टर, कांडला—सदस्य
4. लेखा अधिकारी, कांडला निर्बाध व्यापार क्षेत्र—सदस्य
5. प्रशासन अधिकारी—सदस्य सचिव।"

(घ) 'अग्नि शामक' अधीक्षक पद से सम्बन्धित क्रम सं० 7 के सामने—

(क) स्तम्भ 4 में, "वर्ग 3" शब्द और अंक के स्थान पर, "समूह 'ग' " शब्द और अक्षर रखा जाएगा;

(ख) स्तम्भ 5 में की मद के स्थान पर, "425-15-500-द०रो०-15-560-20-700 रु०" रखी जाएगी।

(ग) स्तम्भ 11 में की मद के स्थान पर, "प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा" रखी जाएगी;

(घ) स्तम्भ 12 में की मद के स्थान पर, निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात :—

"ऐसे अग्नि शामक जमादार की प्रोन्नति द्वारा जिसे 10 वर्ष का अनुभव हो जिसके पास एन०एफ०एस० सी० का कनिष्ठ अधिकारियों के कोर्स का प्रमाणपत्र हो ;"

(ङ) स्तंभ 13 में की मद के स्थान पर, निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"समूह 'ग' विभागीय प्रोन्नति समिति, जिसमें निम्नलिखित होंगे :—

1. विकास आयुक्त—अध्यक्ष
2. सहायक कलक्टर, कांडला निर्बाध व्यापार क्षेत्र—सदस्य
3. सहायक कलक्टर, कांडला—सदस्य
4. लेखा अधिकारी, कांडला निर्बाध व्यापार क्षेत्र—सदस्य
5. प्रशासन अधिकारी, कांडला निर्बाध व्यापार क्षेत्र—सदस्य-सचिव"।

(ङ) निरोधक अधिकारी, श्रेणी 2, पद से संबंधित क्रम सं० 8 के सामने—

(क) स्तंभ 4 में, "वर्ग 3" शब्द और अंक के स्थान पर, "समूह 'ग' " शब्द और अक्षर रखा जाएगा ;

(ख) स्तंभ 5 में की मद के स्थान पर, मद "330-10-380-द०रो०-12-500-द०रो०-15-560 रु०" रखी जाएगी ;

(ग) स्तंभ 11 में की मद के स्थान पर, मद "स्थानान्तरण द्वारा" रखी जाएगी ;

(घ) स्तंभ 12 में की मद के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"ऐसे उच्च श्रेणी लिपिकों तथा आशुलिपिकों को स्थानान्तरण द्वारा जिनकी उनकी अपनी अपनी श्रेणी में 3 वर्ष की सेवा हो ।";

(च) 'उच्च श्रेणी लिपिक' पद से संबंधित क्रम सं० 9 के सामने—

(क) स्तंभ 4 में, "वर्ग 3" शब्द और अंक के स्थान पर, "समूह 'ग' " शब्द और अक्षर रखा जाएगा ;

(ख) स्तंभ 5 में की मद के स्थान पर, मद "330-10-380-द०रो० 12-500-द०रो०-15-560" रखी जाएगी,

(ग) स्तंभ सख्या 11 में की मद के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

(1) 50 प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा ;

(2) 25 प्रतिशत स्थानान्तरण द्वारा ;

(3) 25 प्रतिशत सीमित प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा, जो ऐसे निम्न श्रेणी लिपिकों या परिचार तक सीमित होगी जिन्होंने उस श्रेणी में 5 वर्ष सेवा की हो" ;

(घ) स्तंभ 12 में की मद के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"ऐसे निम्न श्रेणी लिपिकों या परिचारकों में से प्रोन्नति द्वारा जिन्होंने उस श्रेणी में 5 वर्ष सेवा की हो ।"

"ऐसे निरोधक अधिकारी, श्रेणी 2 में से स्थानान्तरण द्वारा जिसने उस श्रेणी में 3 वर्ष सेवा की हो ।",

(ङ) स्तंभ 13 में की मद के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"समूह 'ग' विभागीय प्रोन्नति समिति, जिसमें निम्नलिखित होंगे :—

1. विकास आयुक्त—अध्यक्ष
2. सहायक कलक्टर, कांडला निर्बाध व्यापार क्षेत्र—सदस्य
3. सहायक कलक्टर, कांडला—सदस्य
4. लेखा अधिकारी, कांडला निर्बाध व्यापार क्षेत्र—सदस्य
5. प्रशासन अधिकारी, कांडला निर्बाध व्यापार क्षेत्र—सदस्य सचिव ।"

(छ) 'अग्निशामक जमादार' पद से संबंधित क्रम सं० 15 के सामने—

(क) स्तंभ 4 में, "वर्ग 3" शब्द और अंक के स्थान पर, "समूह 'ग' " शब्द और अक्षर रखा जाएगा ;

(ख) स्तंभ 5 में की मद के स्थान पर, मद "260-6-290 द०रो०-6-326-8-366-द०रो०-8-390-10-400 रु०" रखी जाएगी ;

(ग) स्तंभ 6 में की मद के स्थान पर, मद "अचयन" रखी जाएगी ;

(घ) स्तंभ 8 में की मदों के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"आवश्यक

1. मैट्रिकुलेशन या समकक्ष ।
2. एन०एफ०एस० महाविद्यालय से प्रशिक्षण प्रमाणपत्र आदि
3. अभ्यर्थियों में नीचे वर्णित शारीरिक मान होने चाहिए ;

ऊंचाई : 5'—5"

सीना : न्यूनतम 33"

सीना, फुलाने पर : 35"

वजन : न्यूनतम 110 पौंड

किसी संगठित अग्निशामक सेवा में अग्निशामक के रूप में कम से कम एक वर्ष की सेवा ।"

(ङ) स्तंभ 13 में की मद के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"समूह 'ग' विभागीय प्रोन्नति समिति, जिसमें निम्नलिखित होंगे,

1. विकास आयुक्त—अध्यक्ष
2. सहायक कलक्टर, कांडला निर्बाध व्यापार क्षेत्र—सदस्य
3. सहायक कलक्टर, कांडला—सदस्य
4. लेखा अधिकारी—सदस्य
5. प्रशासन अधिकारी, कांडला निर्बाध व्यापार क्षेत्र :—सदस्य-सचिव ।"

(ज) 'चपरासी' के पद से संबंधित क्रम सं० 21 के सामने—

(क) स्तंभ 4 में, "वर्ग 4" शब्द और अंक के स्थान पर, "समूह 'च'" शब्द और अक्षर रखा जाएगा ;

(ख) स्तंभ 5 में की मद के स्थान पर, मद "196-3-220-द०रो०-3-232 रु०" रखी जाएगी ;

(ग) स्तंभ 11 में की मद के स्थान पर, मद "25% स्थानान्तरण द्वारा, 75 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा" रखी जाएगी ;

(घ) स्तंभ 12 में की मद के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"ऐसे झाड़ूकशों, चौकीदारों तथा फराशों में से स्थानान्तरण द्वारा, जिनकी उस श्रेणी में 5 वर्ष की सेवा है और जो सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हताएं न रखते हों किन्तु जो प्राथमिक रूप से साक्षर हों और हिन्दी, अंग्रेजी या प्रादेशिक भाषा को लिख और पढ़ सकने का प्रमाण साधारण लिखित परीक्षा के आधार पर दे सकते हों ।"

[सं० 1/35/71-एफ० टी० जैड]

यू० आर० कुरमेकर, अवर सचिव ।

MINISTRY OF COMMERCE

New Delhi, the 8th March, 1978

G.S.R. 397.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the constitution, the President hereby makes the following rules to amend the Kandla Free Trade Zone Administration, Ministry of Foreign Trade (Non-Gazetted Posts) Recruitment Rules, 1971, namely :—

1. (1) These rules may be called the Kandla Free Trade Zone Administration, Ministry of Foreign Trade (Non-Gazetted Posts) Amendment Rules, 1978.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Kandla Free Trade Zone Administration, Ministry of Foreign Trade (Non-Gazetted Posts) Recruitment Rules, 1971,

(i) in sub-rule (i) of rule 1, for the words "Foreign Trade", the word "Commerce" shall be substituted ;

(ii) after rule 6, the following shall be inserted namely :—

"7. Saving : Nothing in these rules shall affect reservations and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes and other categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard." ;

(iii) In the Schedule,—

(A) against S. No. 2 relating to the post of 'Preventive Officer Fr. I' ;

(a) in column 4, for the word and figures "Class III", the word and letter "Group 'C'" shall be substituted ;

(b) for the entry in column 5, the entry "Rs. 425-15-500-EB-15-560-20-700-EB-25-800" shall be substituted ;

(c) for the entry in column 11, the entry "33-1/3 per cent by promotion and 66-2/3 per cent by deputation" shall be substituted ;

(d) for the entry in column 12 the following shall be substituted, namely :—

"(1) Promotion from Preventive Officer Gr. II having 7 years' experience in the grade.

(2) Deputation of suitable officers of corresponding grade from Customs and Central Excise Department (Period of deputation ordinarily not exceeding 3 years)." ;

(e) for the entry in column 13, the following shall be substituted, namely :—

"Group 'C' D.P.C. the composition of which is as under :—

1. Development Commissioner	— Chairman
2. Asstt. Collector, KAFTZ	— Member.
3. Asstt. Collector, Kandla	— Member.
4. Accounts Officer	— Member-Secretary
5. Administrative Officer	— Member-Secretary.

(B) against S. No. 3, relating to the post of 'Office Superintendent' ;—

(a) in column 4, for the word and figures "Class III" the word and letter "Group 'C'" shall be substituted ;

(b) for the entry in column 5, the entry "Rs. 550-20-650-25-750" shall be substituted. ;

(c) for the entries in column 11, the following shall be substituted, namely :—

"By promotion from Head Clerk and Accountant with 5 years' experience and Personal Assistant to Development Commissioner with 7 years' experience" ;

(d) for the entry in column 13, the following shall be substituted, namely :—

"Group 'C' D.P.C. The composition of which is as under :—

1. Development Commissioner	— Chairman
2. Asstt. Collector, KAFTZ	— Member.
3. Asstt. Collector, Kandla	— Member.
4. Accounts Officer, KAFTZ.	— Member.
5. Administrative Officer	— Member-Secretary.

(C) against S. No. 5 relating to the post of 'Head-Clerk',

(a) in column 4, for the word and figures "Class III" the word and letter "Group 'C'" shall be substituted ;

(b) for the entry in column 5, the entry "Rs. 425-15-500-EB-15-560-20-700." shall be substituted ;

(c) for the entries in column 12, the following shall be substituted, namely :—

"Promotion from Upper Division Clerks and Stenographers with minimum 5 years' service in the grade." ;

(d) for the entry in column 13, the following shall be substituted namely :—

"Group 'C' D.P.C., the composition of which is as under :—

1. Development Commissioner	— Chairman
2. Asstt. Collector, KAFTZ.	— Member
3. Asstt. Collector, Kandla	— Member
4. Accounts Officer, KAFTZ.	— Member
5. Administrative Officer	— Member-Secretary." ;

(D) against S. No. 7 relating to the post of 'Fire Superintendent' :—

(a) in column 4 for the word and figures "Class III", the word and letter "Group 'C'" shall be substituted ;

(b) for the entry in column 5, the entry "Rs. 425-15-500-EB-15-560-20-700" shall be substituted ;

(c) for the entry in column 11, the entry "By promotion failing which by direct recruitment" shall be substituted ;

(d) for the entry in column 12, the following shall be substituted, namely :—

"Promotion from Fireman Jamadar with experience of 10 years and having certificate of Junior Officers' course and NFSC." ;

(e) for the entry in column 13, the following shall be substituted, namely :—

"Group 'C' D.P.C., The composition of which is as under :—

1. Development Commissioner	— Chairman
2. Asstt. Collector, KAFTZ	— Member
3. Asstt. Collector, Kandla	— Member
4. Accounts Officer, KAFTZ	— Member
5. Administrative Officer, KAFTZ	— Member-Secretary." ;

(E) against S. No. 8 relating to the post of 'Preventive Officer Gr. II' ;—

(a) in column 4, for the word and figures "Class III", the word and letter "Group 'C'" shall be substituted ;

(b) for the entry in column 5, the entry "Rs. 330-10-380-EB-12-500-EB-15-560" shall be substituted ;

(c) for the entry in column 11, the entry "By Transfer" shall be substituted ;

(d) for the entry in column 12 the following shall be substituted, namely :—

"By transfer from Upper Division Clerks or Stenographers having 3 years' service in the respective grade." ;

(F) against S. No. 9 relating to the post of 'Upper Division Clerk' ;—

(a) in column 4, for the word and figures "Class III" the word and letter "Group 'C'" shall be substituted ;

(b) for the entry in column 5, the entry "Rs. 330 10-380-EB-12-500-EB-15-560" shall be substituted ;

(c) for the entry in column 11, the following shall be substituted, namely :—

(1) 50 per cent by promotion ;

(2) 25 per cent by transfer ;

(3) 25 per cent by Limited Competitive Examination confined to Lower Division Clerks or Caretakers with 5 years' service in the grade" ;

(d) for the entry in column 12, the following shall be substituted, namely :—

"By promotion from Lower Division Clerks or Caretakers with 5 years' service in the grade." ;

"By transfer from Preventive Officer Gr. II with 3 years' service in the grade.";

(e) for the entry in column 13, the following shall be substituted, namely :—

"Group 'C' D.P.C., the composition of which is as under :—

1. Development Commissioner	— Chairman
2. Asstt. Collector, KAFTZ.	— Member
3. Asstt. Collector, Kandla.	— Member
4. Accounts Officer, KAFTZ	— Member
5. Administrative Officer, KAFTZ	— Member-Secretary." ;

(G) against S. No. 15 relating to the post of 'Fireman Jamadar' ;—

(a) in column 4, for the word and figures "Class III" the word and letter "Group 'C'" shall be substituted ;

(b) for the entry in column 5, the entry Rs. 260-6-290-EB-6-326-8-366-EB-8-390-10-400." shall be substituted ;

(c) for the entry in column 6, the entry "Non-Selection" shall be substituted ;

(d) for the entries in column 8, the following shall be substituted, namely :—

"Essential.

1. Matriculation or equivalent.

2. Certificate of Training from NFS College etc.

3. Candidate should possess physical standard as mentioned below :

Heigth : 5'-5" Chest Minimum 33"

Chest expanded 35" Weight minimum 110 lbs. At least one year service as fireman in organised fire service" ;

(e) for the entry in column 13, the following shall be substituted namely :—

"Group 'C' D.P.C., the composition of which is as under :—

1. Development Commissioner	— Chairman
2. Asstt. Collector, KAFTZ	— Member
3. Asstt. Collector, Kandla	— Member
4. Accounts Officer	— Member
5. Administrative Officer, KAFTZ.	— Member-Secretary." :

(H) against S. No. 21, relating to the post of 'Peon' ;—

(a) in column 4, for the word and figures "Class IV" the word and letter "Group 'D'" shall be substituted ;

(b) for the entry in column 5, the entry "Rs. 196-3-220-EB-3-232" shall be substituted ;

(c) for the entry in column 11, the entries "25 per cent by transfer ; 75 per cent by direct recruitment" shall be substituted ;

(d) for the entry in column 12, the following shall be substituted, namely :—

"Transfer from the grade of Sweepers, Chowkidars, Farashes having 5 years service in the grade and who do not possess the qualification prescribed for direct recruitment but possess the elementary literacy and give the proof of ability to read and write in Hindi English or Regional Language on the basis of a simple written test".

[No. 1/35/71/FTZ]

U. R. KURLEKAR, Under Secy.

सा०का०नि० 398.—राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आयात और निर्यात व्यापार नियंत्रण संगठन में तलाशियों में सहायता करने के लिए परिचारक के पद/पदों पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने वाले निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्

1 संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ --(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम तलाशियों आदि (आयात और निर्यात व्यापार नियंत्रण संगठन) में सहायता करने के लिए परिचारक भर्ती नियम 1978 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2 पद संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान --उक्त पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण और उनके वेतनमान वे होंगे जो इससे उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ 2 से 4 तक में विनिर्दिष्ट है ।

3 भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा और अर्हताएं आदि --उक्त पद/पदों पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से 13 तक में विनिर्दिष्ट हैं :

सा० का० नि० 419—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय वैद्युत इंजीनियरी सेवा, वर्ग 2, भर्ती नियम, 1954 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् —

1 (1) इन नियमों का नाम केन्द्रीय वैद्युत इंजीनियरी सेवा, वर्ग 2, भर्ती (संशोधन) नियम, 1978 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2 "केन्द्रीय वैद्युत इंजीनियरी सेवा, वर्ग 2, भर्ती नियम," में,

(1) भाग 2 में, नियम 3 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् —

"3 सेवा में भर्ती निम्नलिखित पद्धतियों में से किसी एक द्वारा की जाएगी —

(क) इन नियमों के भाग 3 के अनुसार भारत में प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा।

(ख) इन नियमों के भाग 4 के अनुसार पोन्नति द्वारा"

(2) भाग 4 और उसके अन्तर्गत नियम 23 का लोप किया जाएगा

(3) भाग 5 और उसके अन्तर्गत नियम 24 को क्रमशः भाग 4 और नियम 23 के रूप में पुनःसंख्यांकित किया जाएगा

(4) भाग 6 और उसके अन्तर्गत नियम 25 का लोप किया जाएगा।

[सं० 22011 क (5)/76-ई० डब्ल्यू० आई०]
एच० भट्टाचार्य अवर सचिव

G.S.R 419.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby make the following rules further to amend the Central Electrical Engineering Service, Class II, Recruitment Rules, 1954, namely :—

1 (1) These rules may be called "Central Electrical Engineering Service, Class II, Recruitment (Amendment) Rules, 1978"

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2 In the "Central Electrical Engineering Service, Class II, Recruitment Rules",—

(i) In part II, for Rule 3, the following shall be substituted, namely —

"3 Recruitment to the service shall be made by any of the following methods :—

(a) by competitive examination in India in accordance with part III of these Rules,

(b) by promotion in accordance with part IV of these rules".

(ii) Part IV and Rule 23 thereunder shall be omitted,

(iii) Part V and Rule 24 thereunder shall be renumbered as Part IV and Rule 23,

(iv) Part VI and Rule 25 thereunder shall be omitted.

[No 22011A(5)/76-EWI]

H. BHATTACHARYA, Under Secy

पूर्ति और पुनर्वास मंत्रालय

(पुनर्वास विभाग)

नई दिल्ली, 7 मार्च, 1978

सा० का० नि० 420—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति इसके द्वारा पूर्ति और पुनर्वास मंत्रालय (पुनर्वास विभाग) के अधीन मुख्य विकास-एवं-पुनर्वास आयुक्त अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह के कार्यालय में इंजीनियरी ओवरसियर के पदों पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करते हुए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् —

1 संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ —(1) ये नियम मुख्य विकास-एवं-पुनर्वास आयुक्त के कार्यालय में (इंजीनियरी ओवरसियर के पदों पर) भर्ती नियम, 1978 कहलायेंगे।

(2) ये सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तिथि से लागू होंगे।

2 पदों की संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान —इन पदों की संख्या, इनका वर्गीकरण और वेतनमान संलग्न अनुसूची के कालम 2 से 4 में दिए गए हैं।

3 भर्ती की पद्धति, आयु सीमा और योग्यताएं इत्यादि —उपर्युक्त पदों पर भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, योग्यताएं और इनसे संबंधित अन्य बातें उक्त अनुसूची के कालम 5 से 13 में दी गई हैं।

4 अयोग्यताएं —कोई व्यक्ति,—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसका पति या पत्नी जीवित हो, या

(ख) जिसने पति या पत्नी के जीवित रहते किसी व्यक्ति से विवाह किया हो,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार इस बात से सन्तुष्ट हो जाय कि उक्त व्यक्ति पर तथा विवाह के दूसरे पक्ष पर जो वैयक्तिक कानून लागू होता है उसके अधीन ऐसा विवाह किया जा सकता है तथा ऐसा करने के और आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकती है।

5 रियायत देने की शक्ति —यदि केन्द्रीय सरकार की ऐसी राय हो कि ऐसा करना उचित या आवश्यक है तो वह लिखित कारणों के आधार पर आदेश देकर संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से किसी भी श्रेणी या वर्ग के व्यक्तियों के लिए इन नियमों के किसी भी उपबन्ध में रियायत कर सकती है।

6 अपवाद.—इन नियमों में दी गई कोई भी बात अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य विशेष प्रवर्गों के व्यक्तियों को इस संबंध में केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किये गये आदेशों के आधार पर दिये जाने वाले आरक्षण तथा रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी।

अनुसूची

पद का नाम	पदो की सख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद है अथवा गैर-चयन पद	सीधी भर्ती वाले उम्मीदवारो के लिए आयु सीमा	सीधी भर्ती वाले उम्मीदवारो से अपेक्षित शैक्षिक तथा अन्य योग्यताए
1	2	3	4	5	6	7
इजीनियर ओवरसीयर	1	सामान्य केन्द्रीय सेवा वर्ग 'ख' राजपत्रित अलिपिकवर्गीय	550-25-750-ई०बी०-30-900 रुपए	चयन पद	अधिक से अधिक 30 वर्ष। (सरकारी कर्मचारियो के लिए छूट है) टिप्पणी —आयु सीमा निर्धारित करने की निर्णायक तिथि भारत मे उम्मीदवारो से आवेदन-पत्र प्राप्त करने की अतिम तारीख होगी (इसमे अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप शामिल नही है)	अनिवार्य क (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इजीनियरिंग मे डिग्री या उसके समकक्ष (ii) सिचाई और भू-सरक्षण मे कुछ अनुभव। या ख (i) किसी मान्यता प्राप्त सस्था से सिविल इजीनियरिंग मे डिप्लोमा या उसके समकक्ष। (ii) सिचाई और भू-सरक्षण मे 3 वर्ष का अनुभव। (अन्य रूप से योग्य उम्मीदवारो के मामलो मे सघ लोक सेवा आयोग अपने विवेक से योग्यताओ मे छूट दे सकता है. विशेषकर अनुसूचित जाति एव अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारो को उनके लिए आरक्षित पदो के लिए अनुभव की योग्यता मे छूट दी जा सकती है।)

क्या सीधी भर्ती के उम्मीदवारो के लिए निर्धारित आयु तथा योग्यताए पदोन्नति वाले उम्मीदवारो पर भी लागू होगी	परिवीक्षा की अवधि यदि कोई हो	भर्ती की विधि/सीधी भर्ती द्वारा, या पदोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानातरण द्वारा तथा विभिन्न विधियो से भरी जाने वाली रिक्तियो का प्रतिशत	यदि पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानातरण द्वारा भर्ती होनी हो तो वे ग्रेड जिनसे पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानातरण किया जाना है	यदि कोई विभागीय पदोन्नति समिति हो तो उसकी सरचना क्या है	परिस्थितिया जिनमे भर्ती के लिए सघ लोक सेवा आयोग का परामर्श लिया जाना है
8	9	10	11	12	13
आयु नही शैक्षिक योग्यता हा	2 वर्ष	पदोन्नति द्वारा इसके न होने पर प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण द्वारा और दोनो के न होने पर सीधी भर्ती द्वारा।	पदोन्नति ऐसे सर्वेक्षको मे से जिन्होने नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद अपने ग्रेड मे 5 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो। प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारो या सघ शासित क्षेत्रो के समान पदो पर काम कर रहे अधिकारी या सीधी भर्ती के लिए कालम 7 मे निर्धारित योग्यताए रखने वाले और 425-700 रुपये के वेतनमान के पदो पर नियुक्त ऐसे अधिकारी जिन्होने 5 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो। (प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया 3 वर्ष से अधिक नही होगी।)	1 मुख्य विकास एव पुनर्वास आयुक्त—अध्यक्ष 2 कृषि निदेशक—सदस्य 3 विशेष कार्य अधिकारी (कृषि)—सदस्य 4 भू-सरक्षण अधिकारी (पुनर्वास)—सदस्य	सीधी भर्ती करते समय और राज्य सरकार से किसी अधिकारी की प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति करते समय सघ लोक सेवा आयोग से परामर्श आवश्यक है।

[स० 4(18)/76-प्रशा० III]
सोहन लाल मेदीरत्ता, अवर सचिव

MINISTRY OF SUPPLY AND REHABILITATION

(Department of Rehabilitation)

New Delhi, the 7th March, 1978

G.S.R. 420.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the posts of Engineering Overseer in the Office of the Chief Development-cum-Rehabilitation Commissioner, Andaman and Nicobar Islands, under the Ministry of Supply and Rehabilitation (Department of Rehabilitation) namely :—

1. Short Title and Commencement.—(1) These rules may be called the Office of the Chief Development-cum-Rehabilitation Commissoner (Engneering Overseer) Recruitment Rules, 1978.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Number, Classification and Scale of Pay.—The number of post, its classification and the scale of pay attached thereto, shall be as specified in columns 2 to 4 of the said Schedule.

3. Method of Recruitment, Age Limit, Qualification etc.—The method of recruitment to the said post, age limit, qualifications and other matters connected therewith shall be as specified in columns 5 to 13 of the Schedule aforesaid.

4. Disqualification.—No person,—

(a) who have entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living ; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person ;

shall be eligible for appointment to the said post :

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such persons and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to Relax.—Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may by order, for reasons to be recorded in writing and in consultation with Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. Saving.—Nothing in these rules shall affect reservations and other concessions required to be provided for candidates belonging to the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of post	No. of post	Classification	Scale of pay	Whether selection post or non-selection post	Age limit for direct recruitment	Educational and other qualifications required for direct recruits
1	2	3	4	5	6	7
Engineering Overseer	1	General Central Service Group 'B' Gazetted Non-Ministerial	Rs. 550-25-750-EB-30-700.	Selection	Not exceeding 30 years. (Relaxable for Government servants) Note: The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates in India (Other than those in Andaman and Nicobar Islands and Lakshdweep).	Essential: A. (i) Degree in Civil Engineering from a recognised University or equivalent. (ii) Some experience in irrigation and soil conservation. OR B. (i) Diploma in Civil Engineering from a recognised Institution or equivalent. (ii) 3 years' experience in irrigation and soil conservation. (Qualifications relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission in case of candidates otherwise well-qualified; in particular the qualification regarding experience is relaxable in case of candidates belonging to Scheduled castes and Scheduled Tribes for posts reserved for them).

Whether age and educational qualifications prescribed for the direct recruits will apply in the case of promotees	Period of probation	Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation or transfer and percentage of the vacancies to be filled by various methods.	In case of recruitment by promotion, deputation, transfer, grades from which promotion/deputation/transfer to be made	If a Departmental Promotion Committee exists what is its composition	Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment
8	9	10	11	12	13
Age: No. Educational Qualifications: Yes	2 years	By promotion failing which by transfer on deputation and failing both by direct recruitment.	Promotion: Surveyor with 5 years service in the grade rendered after appointment thereto on a regular basis. Transfer on deputation: Officers under the Central Government or State Governments or Union Territories holding analogous posts or with 5 years service in posts in the scale of Rs. 425—700 and possessing qualifications prescribed for direct recruits in column 7. (Period of deputation shall ordinarily not exceed 3 years).	1. Chief Development-cum-Rehabilitation Commissioner—Chairman 2. Director of Agriculture—Member. 3. Officer on Special Duty (Agriculture)—Member. 4. Soil Conservation Officer (Rehabilitation)—Member.	Consultation with Union Public Service Commission necessary while making direct recruitment and appointing an officer from State Government on deputation.

[No.4(18)/76-Adm.III]
S. L. MEDIRATTA, Under Secy.

श्रम मंत्रालय

नई दिल्ली, 9 मार्च, 1978

सा० का० नि० 421.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और (i) कोयला खान श्रमिक आवास और साधारण कल्याण निधि (वर्ग 3 और 4 पदों पर भर्ती) नियम, 1960 (ii) लौह अयस्क खान श्रमिक कल्याण निधि (वर्ग 3 और 4 पद) भर्ती नियम, 1967, (iii) अभ्रक खान श्रमिक कल्याण निधि (वर्ग 3 और 4 पद) भर्ती नियम, 1967, और (iv) चूना पत्थर और डोलोमाइट खान श्रमिक कल्याण निधि (समूह ग और समूह घ पद) सेवा की शर्तें और भर्ती नियम, 1976 को, जहां तक उन नियमों का संबंध सहायक कल्याण प्रशासक के पदों से है, अधिक्रांत करते हुए, श्रम मंत्रालय के अधीन विभिन्न श्रम कल्याण संगठनों में सहायक कल्याण प्रशासक के पदों पर नियुक्त व्यक्तियों की भर्ती की पद्धति और सेवा की शर्तों को विनियमित करने वाले निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1 संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम श्रमिक कल्याण संगठन (सहायक कल्याण प्रशासक) भर्ती नियम, 1978 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2 लागू होना :—ये नियम इससे उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ में 1 विनिर्दिष्ट पद/पदों को लागू होंगे ।

3. पद संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान :—उक्त पद/पदों की संख्या, उसका/उनका वर्गीकरण और उनके वेतनमान वे होंगे जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ 2 से 4 तक में विनिर्दिष्ट है ।

4. भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा और अर्हताएं आदि :—उक्त पदों पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से 13 तक में विनिर्दिष्ट है :

परन्तु विहित अधिकतम आयु-सीमा, केन्द्रीय सरकार द्वारा इस निमित्त समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों या अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए शिथिल की जा सकेगी ।

4. निरर्हताएं :—वह व्यक्ति,—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया हो;

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार मौजूद हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।

5 नियम शिथिल करने की शक्ति —जहां केन्द्रीय सरकार की राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां वह, उसके लिए जो कारण है उन्हें लेखबद्ध करके इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों या पदों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी ।

6 व्यावृत्ति —इन नियमों की कोई भी बात ऐसे आरक्षणों और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य विशेष प्रवर्गों के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है ।

अनुसूची

(नियम 2 देखिए)

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद अथवा अचयन पद	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा	भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए शैक्षिक और अन्य अर्हताएं
1	2	3	4	5	6	7
1 सहायक कल्याण प्रशासक	38	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह ग, अराजपत्रित अलिपिकवर्गीय	425-15-500-द०रो०-15-560-20-700-द०रो०-25-800 रु०	चयन पद	25 वर्ष सरकारी सेवकों की दशा में शिथिल करके 35 वर्ष की जा सकती है । परन्तु विहित अधिकतम आयु सीमा, केन्द्रीय सरकार द्वारा इस निमित्त समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों या अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए शिथिल की जा सकेगी । भर्ती नियमों के स्तम्भ 6 में उल्लिखित आयु सीमा अवधारित करने की निर्णायक तारीख प्रत्येक मामले में स्टाफ चयन आयोग द्वारा भारत में के अभ्यर्थियों से (उनसे भिन्न, जो अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह और लक्षद्वीप में रहते हैं) आवेदन प्राप्ति की अन्तिम तारीख होगी ।	आवश्यक . किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से सामाजिक विज्ञानों, जैसे अर्थशास्त्र, वाणिज्य तथा समाजशास्त्र में से किसी एक में उपाधि । वांछनीय . ऐसे अभ्यर्थियों को अधिमान दिया जाएगा, जिन्होंने खान नियम, 1955 के अधीन भारत सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त सामाजिक कार्य में प्रशिक्षण-पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया हो । ऐसे अभ्यर्थियों को, जिनके पास श्रमिक कल्याण कार्य में पर्याप्त अनुभव हो और ऐसे अभ्यर्थियों को, जिनके पास अन्य सामाजिक और प्रशासनिक कार्य का अनुभव हो, भी अधिमान दिया जाएगा ।

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो	भर्ती की पद्धति (भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जाएगा	यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा
8	9	10	11	12	13
आयु : नहीं शैक्षिक अर्हताएं : नहीं	दो वर्ष	50 प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा । 33⅓ प्रतिशत प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण या स्थानान्तरण द्वारा, जिसके न हो सकने पर प्रोन्नति द्वारा, और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा । 16⅔ प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा ।	प्रोन्नति 425-700 रु० के वेतनमान वाले ऐसे प्रधान लिपिक-एवं लेखापाल और 425-640 रु० के वेतनमान वाले ऐसे कल्याण निरीक्षक, जिन्होंने उस श्रेणी में क्रमश. तीन वर्ष और पांच वर्ष सेवा की हो । प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण या स्थानान्तरण केन्द्रीय सरकार के अधीन सदृश पद धारण करने वाले ऐसे अधिकारी, जिन्होंने उस श्रेणी में पांच वर्ष सेवा की हो और जिनके पास लेखा/स्थापन और श्रमिक कल्याण मामलों में अनुभव हो । (प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणत. तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी)	समूह 'ग' विभागीय प्रोन्नति समिति । संरचना : 1 कल्याण आयुक्त (मुख्यालय)—अध्यक्ष 2 अवर सचिव—सदस्य 3 कल्याण प्रशासक—सदस्य 4 अनुभाग अधिकारी—सदस्य	लागू नहीं होता

[फा० सं० ए-12018/2/77-एम-4]

टी० सी० गुप्ता, अवर सचिव

MINISTRY OF LABOUR

New Delhi, the 9th March, 1978

G.S.R. 421.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, and in supersession of the (i) Coal Mines Labour Housing and General Welfare Fund (Recruitment of Class III and IV Posts) Rules, 1960, (ii) Iron Ore Mines Labour Welfare Fund (Class III and IV Posts) Recruitment Rules, 1967, (iii) Mica Mines Labour Welfare Fund (Class III and IV Posts) Recruitment Rules, 1967 and (iv) Limestone and Dolomite Mines Labour Welfare Fund (Group C and Group D Posts) Condition of Service and Recruitment Rules, 1976, so far as these rules relate to the posts of Assistant Welfare Administrator, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment and conditions of service of persons appointed to the posts of Assistant Welfare Administrator in the various Labour Welfare Organisations under the Ministry of Labour, namely :—

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Labour Welfare Organisations (Assistant Welfare Administrator) Recruitment Rules, 1978.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Number of posts, classification and scale of pay.—The number of the posts, their classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule annexed to these rules.

3. Method of recruitment, age limit, qualifications etc.—The method of recruitment to the said posts, age limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns 5 to 13 of the said Schedule :

Provided that the upper age limit prescribed may be relaxed in favour of the Scheduled Castes/the Scheduled Tribes or other special category of persons in accordance with the instructions issued by the Central Government from time to time in this regard.

4. Disqualification.—No person,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who having a spouse living, has entered or contracted a marriage with any person, shall be eligible for appointment to the said post :

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to relax.—Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may by order, for reasons to be recorded in writing relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. Saving.—Nothing in these rules shall affect reservations and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

(See Rule 2)

Name of post	No. of posts	Classification	Scale of pay	Whether Selection post or Non-selection post	Age limit for direct recruits	Educational and other qualifications required for direct recruits
1	2	3	4	5	6	7
1. Assistant Welfare Administrator.	38	General Central Service Group 'C' Non-Gazetted, Non-Ministerial.	Rs 425-15-500-EB-15-560-20-700-EB-25-800.	Selection post.	25 years. Relaxable upto 35 years in case of Government servants. Provided that the upper age limit prescribed may be relaxed in favour of the Scheduled Castes/Scheduled Tribes or other special category of persons in accordance with the instructions issued by the Central Govt. from time to time in this regard. The cruical date for determining the age limit mentioned in column 6 of the Recruitment Rules shall in each case be the closing date for receipt of applications from Candidates in India (other than Andaman and Nicobar Islands and Lakshadweep) by the Staff Selection Commission.	Essential: Degree of a recognised University in one of the Social Sciences, such as Economics, Commerce or Sociology. Desirable: Preference will be given to candidates who have successfully undergone a course of training in social work recognised by the Govt. of India under the Mines Rules, 1955. Preference will also be given to candidates having adequate experience of Labour Welfare work and candidates having experience of other social and Administrative work.

Whether age and Educational Qualifications prescribed for direct recruitments will apply in the case of promotees	Period of probation, if any	Method of recruitment whether by direct recruitment or by deputation or transfer and percentage of vacancies to be filled by various methods	In case of recruitment by promotion/deputation or transfer, grades from which promotion/deputation/transfer to be made	If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition.	Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment
8	9	10	11	12	13
Age:—No. Educational Qualifications:— No.	Two years.	50% by promotion 33⅓% by transfer on deputation or transfer, failing which by promotion and failing both by direct recruitment : 16⅔% by direct recruitment.	Promotion: Head Clerks-cum-Accountants in the scale of Rs. 425—700 and Welfare Inspectors in the scale of Rs. 425—640 with three years and five years service in the grade respectively. Transfer on deputation or transfer. Officers under the Central Government holding analogous posts with five years service in the grade and having experience in accounts/establishment and Labour Welfare matters (Period of deputation ordinarily not exceeding three years).	Group 'C' Departmental Promotion Committee. Composition. 1. Welfare Commissioner (HQ) -Chairman. 2. Under Secretary—Member. 3. Welfare Administrator Member. 4. Section Officer—Member.	Not applicable.

[No. A.12018/2/77-M.IV]
T. C. GUPTA, Under Secy.

नई दिल्ली, 13 मार्च, 1978

सा० का० नि० 422.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कोयला खान श्रम आवास और सामान्य कल्याण निधि (कुछ पदों पर भर्ती) नियम, 1959 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं; अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम कोयला खान श्रम आवास और सामान्य कल्याण निधि (कुछ पदों पर भर्ती) नियम, (संशोधन) नियम, 1978 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. कोयला खान श्रम आवास और सामान्य कल्याण निधि (कुछ पदों पर भर्ती) नियम, 1959 की अनुसूची में, क्रम सं० 26 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित क्रम सं० और प्रविष्टियां अन्तःस्थापित की जाएंगी, अर्थात् :—

1	2	3	4	5	6	7
"27 कनिष्ठ विश्लेषक	1	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ख', अलिपिक वर्गीय, राजपत्रित	650-30-740-35-810-द०रो०-35-880-40-1000-द०रो०-40-1200 रुपये	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

8	9	10	11	12	13
लागू नहीं होता	लागू नहीं होना।	प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण द्वारा (जिसमें अल्पावधि सविदा भी है)	प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण (जिसमें अल्पावधि सविदा भी है) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के अधीन के समूह 'ख' के किसी भी अधिकारी या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों में समतुल्य श्रेणी के अधिकारी (i) जिनके पास विश्वविद्यालय की उपाधि या उसके समतुल्य हो। (ii) जिनकी राजपत्रित पद या समतुल्य श्रेणियों में 5 वर्ष की न्यूनतम सेवा या अराजपत्रित या समतुल्य श्रेणियों में 8 वर्ष की न्यूनतम सेवा हो, और (iii) जिन्होंने सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबन्ध संस्थान, कार्य अध्ययन रक्षा संस्थान का कार्य अध्ययन व्यवसाय में प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया हो या किसी अन्य संस्था में समतुल्य प्रशिक्षण	लागू नहीं होता।	संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से किया जाएगा।"

8	9	10	11	12	13
			लिया हो। या जिनके पास कार्य अध्ययन के उपयोजनों या संगठन और पद्धति या विश्लेषणात्मक या सांख्यिकीय या संक्रिया अनुसंधान तथा अन्य प्रबन्ध अनुसंधान तकनीकों में कम से कम एक वर्ष का अनुभव हो (प्रतिनियुक्ति या संविदा की अवधि साधारणतः 6 वर्ष से अधिक नहीं होगी)।		

[सं० ए०-12018/1/75-एम०-II]
पी० के० सेन, अवर सचिव

New Delhi, the 13th March, 1978

G.S.R. 422.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Coal Mines Labour Housing and General Welfare Fund (recruitment to certain posts) Rules, 1959, namely :—

1. (1) These rules may be called the Coal Mines Labour Housing and General Welfare Fund (recruitment to certain posts) (Amendment) Rules, 1978.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the official Gazette.

2. In the Scheduled the Coal Mines Labour Housing and General Welfare Fund (recruitment to certain posts) Rules, 1959; after serial number 26 and the entries relating thereto, the following serial number and entries shall be inserted, namely :—

1	2	3	4	5	6	7
"27 Junior Analyst	1	General Central Service Group 'B', Non-Ministerial Gazetted.	Rs. 650-30-740-35-810-EB-35-880-40-1000-EB-40-1200.	Not applicable	Not applicable	Not applicable

8	9	10	11	12	13
Not applicable	Not applicable	By transfer on deputation (including short-term contract).	Transfer on deputation (including short-term contract) : Officers from any Group 'B' post under Central Government or State Government or equivalent grade in Public sector undertaking who have :— (i) A University Degree or its equivalent. (ii) A minimum of 5 years' service in a gazetted post or equivalent grades or a minimum of 8 years' service in non-gazetted or equivalent grades; and (iii) Successfully completed trainirg in the work study practitioners course of the Institute of Secretariat Training and Management, Defence Institute of Work Study or equivalent training in any other institution. OR Have at least one years' experience in the application of work study or Organistion and methods analytical statistical or operations research and other management research techniques. (Period of deputation or contract shall ordinarily not exceed 6 years).	Not applicable	Selection shall be made in consultation with the Union Public Service common."

[No. A-12018/1/75-M. II]
P. K. SEN, Under Secy.

नौवहन और परिवहन मंत्रालय

(परिवहन पक्ष)

नई दिल्ली, 25, अक्तूबर, 1977

(वाणिज्य पोत परिवहन)

सा०का०नि० 423.—कतिपय नियमो का निम्नलिखित प्रारूप, जिन्हे केन्द्रीय सरकार, वाणिज्य पोत परिवहन अधिनियम, 1958 (1958 का 44) की धारा 436 के साथ पठित धारा 311 द्वारा प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुए, और भारतीय वाणिज्य पोत परिवहन (भार रेखा) नियम, 1974 का अधिक्रमण करते हुए, बनाने का प्रस्ताव करती है । जो व्यक्ति इससे प्रभावित हो सकते है, उन सभी की जानकारी के लिए उक्त अधिनियम की धारा 311 की अपेक्षानुसार, उन नियमो को इस अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया जाता है और यह सूचना दी जाती है कि राजपत्र मे इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से साठ दिन की अवधि समाप्त होने पर या उसके पश्चात् उक्त प्रारूप पर विचार किया जाएगा ।

उक्त प्रारूप के सबध मे जो आक्षेप या सुझाव किसी व्यक्ति से ऐसी विनिर्दिष्ट अवधि के समाप्त होने से पूर्व प्राप्त होगे उन पर केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किया जाएगा ।

प्रारूप नियम

भाग I प्रारंभिक

1 सक्षिप्त नाम, प्रारभ और लागू होना —(क) इन नियमो का सक्षिप्त नाम वाणिज्य पोत परिवहन (भार रेखा) नियम, 1976 है ।

(2) ये नियम तुरन्त लागू होगे ।

(3) ये नियम निम्नलिखित पर लागू होगे—

(क) युद्ध पोत, मछली पकडने वाले पोत, क्रीडा नौका और पाल पोत के अलावा प्रत्येक भारतीय पोत चाहे वह किसी भी स्थान पर हो,

(ख) भारतीय पोत के अलावा कोई भी अन्य पोत जो युद्ध पोत जो मछली पकडने वाला पोत या क्रीडा नौका या पाल पोत न हो, जब वह भारत मे किसी पत्तन या स्थान पर हो या भारत के भूभागीय समुद्र की सीमा मे हो और जो

(i) कुल 150 टन या उससे अधिक का विद्यमान पोत हो, या

(ii) 24 मीटर या अधिक लम्बाई का नया पोत हो,

परन्तु ये नियम भारतीय पोत से भिन्न किसी पोत पर इस कारण से लागू नही होगे क्योकि वह भारत के किसी पत्तन या स्थान पर या भारत की भूभागीय समुद्र की सीमा मे आ गया है और वह पोत उस स्थान या पत्तन पर नही आता यदि उस पर मौसम या अन्य किसी परिस्थिति का दबाव न होता और उस पोत के मास्टर या स्वामी या चार्टरकर्त्ता उन परिस्थितियो आदि का न तो निवारण कर सकते थ और न ही पूर्वानुमान ।

2 परिभाषाए —इन नियमो मे, जब तक कि सदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो—

(1) 'अधिनियम' से अभिप्राय वाणिज्य पोत परिवहन अधिनियम, 1958 (1958 का 44) है,

(2) 'पोत मध्य' से अभिप्राय लम्बाई (ल) के मध्य से है,

(3) 'अनुमोदित' से अभिप्राय है केन्द्रीय सरकार या उसके द्वारा नियुक्त किसी अन्य अधिकारी द्वारा अनुमोदित,

(4) 'समनुदेशन प्राधिकारी मे अभिप्राय उस महानिदेशक या किसी ऐसे अन्य व्यक्ति मे है, जिसे केन्द्रीय सरकार द्वारा, इन नियमो के प्रयोजनो के लिए, राजपत्र मे अधिसूचना द्वारा, समनुदेशन प्राधिकारी नियुक्त किया गया हो,

(5) 'घनत्व गुणाक' या चिह्न (cb) से अभिप्राय है सूत्र

$$cb = \frac{V}{L.B.D.}$$ से प्राप्तघनत्व गुणाक

जहा—

उभार रहित, पोत के मोल्डेड विस्थापन का आयतन V है, धातु खोल सहित पात या, जैसा भी मामला हो, खोल किसी भिन्न धातु का हो, के खोखू के बाह्यावरण तक का विस्थापन आयतन दोनो d' के दुभाव के समय लिए गये है और d' कम से कम खडी मोल्डेड गहराई के 85 प्रतिशत होना चाहिए ।

(6) 'चौडाई' या चिह्न (B) से पात की अधिकतम चौडाई जो पोत मध्य से पात के धातु आवरण की मोल्डेड रेखा तक या जैसा भी मामला हो, पोत जिसका आवरण किसी अन्य धातु का हो के खोखू के बाह्य पृष्ठ भाग तक नापी गई हो अभिप्रेत है,

(7) "फ्रीबोर्ड के लिए गहराई" या चिह्न (D) से (क) उपनियम (ख) मे विनिर्दिष्ट पोतो से भिन्न पोत के सबध म पात-मध्य की खडी गहराई अधिक फ्रीबोर्ड डैक की लब पट्टी, जहा लगाई गई हो, की मोटाई अधिक पद $\frac{T(L-S)}{L}$ का मूल्य यदि, खुला फ्रीबोर्ड डैक अधिसरचना मे पूर्णतया आच्छादित है, अभिप्रेत है जहा—

'T' से अभिप्रेत है डैक मुखो से स्पष्टत दृश्यमान आवरण की मोटाई, और

'S' से अभिप्रेत है अधिसरचना की कुल लबाई, और

(ख) पोत, जिसमे पोत की चौडाई (B) के चार प्रतिशत से अधिक त्रिज्या का वृत्ताकार गनल हो, के सबध मे या पोत जिसके शीर्ष भाग अनियमित रूप के हो के सबध मे अभिप्रेत है पोत, जिसमे उर्ध्वाधर शीर्षभाग हो और धरन उतने ही व्यास का तथा शीर्ष भाग का क्षेत्रफल पोत मध्य भाग के क्षेत्रफल के बराबर हो ।

(8) "सक्षम अधिसरचना" से अधिसरचना जिसमे सक्षम बनाव के पोतभीत हो, ऐसे पोतभीतो मे खुलने वाले मार्ग देहलो तथा जलरोक द्वारो स फिट किए गए हो और ऐसे अधिसरचना के पार्श्व तथा छार के अन्य सभी खुले मार्ग सक्षम जलरुद्ध तरीको से बद किए गए हो, अभिप्रेत है, परन्तु इन आवश्यकताओ को पूर्णता करने वाले पुल या पूप इसमे समाविष्ट नही है जब तक कि उनके लिए मार्ग, जिसमे कर्मीदल मशीनरी तक पहुच सके रखा गया हो या पुल या पूप के अन्य कार्यस्थल तक पहुचने के लिए वैकल्पिक साधन सभी समय जब पुल या पूप के पोतभीतो मे खुलने वाले मार्ग बद होते हो, उपलब्ध हो

(9) "विद्यमान पोत" या "विद्यमान पाल पोत" से पोत या पाल पोत जिसका पठाण 21 जुलाई, 1968 के पूर्व डाला गया हो, अभिप्रेत है,

(10) "सपाट डैक पोत" से पात जिसके फ्रीबोर्ड डैक पर अधिसरचना न हो,

(11) "फ्रीबोर्ड" से इन नियमो के नियम 15 मे उपवर्णित डैकरेखा के ऊपरी किनारे मे पोतमध्य मे उर्ध्वाधर रूप मे नीचे की ओर उचित भार-रेखा अवन के ऊपरी किनारे तक की नापी हुई दूरी अभिप्रेत है,

(12) "फ्रीबोर्ड डैक" से डैक जिससे फ्रीबोर्ड नियत किया जाता है अभिप्रेत है जो या तो—

(क) उच्चतम सपूर्ण डैक मौसम तथा समुद्र अभिदर्शित करे जिस पर उसके खुले भागो के सभी खुले मुख बद करने के स्थायी साधन हों और जिसके निम्न भाग में पोत की बाजू के सभी खुले मुख जलरोक द्वारो से बद करने के स्थायी साधन हो । पोत, जिसमे विछिन्न फ्रीबोर्ड डैक है, में खुले डेक की निम्नतम रेखा और उस रेखा से डेक के ऊपरी भाग तक के समानान्तर को फ्रीबोर्ड डेक माना जाता है, या—

(ख) स्वामी के आवेदन पर तथा नौवहन महानिदेशक के अनुमोदन के अध्यधीन डेक जो परिच्छेद (क) मे उपवर्णित से कम हो परन्तु वह पूर्ण और आगे से पीछे तक कम से कम मशीनरी, जगह और शिखर पोत भीतों और आड़े तक अविछिन्न हो । जब यह निम्न डेक, डेक की निम्नतम रेखा पर पैड़ी रखता है और उस रेखा से अविरत एव डेक के ऊपरी भाग तक समानान्तर होता है तब उस समानान्तर को फ्रीबोर्ड डेक माना जाता है;

(13) "अधिसंरचना की ऊचाई" से अधिसरचना डेक धरन के शीर्ष की बाजू से फ्रीबोर्ड डेक धरन के शीर्ष तक नापी हुई न्यूनतम ऊर्ध्वाधर ऊचाई अभिप्रेत है;

(14) "लम्बाई" या चिह्न (L) से पठाण के शीर्ष, या मदान के अग्रभाग से जलरेखा, यदि वह बड़ी हो, पर के रडार स्टाक के अक्ष तक नापी हुई न्यूनतम मोल्डेड गहराई के पच्चासी प्रतिशत के बल जलरेखा पर कुल लबाई की छियानब्बे प्रतिशत लबाई अभिप्रेत है;

(15) "अधिसंरचना की लंबाई" से अधिसंरचना के भाग, जो लम्बाई (L) में हो, की लम्बाई अभिप्रेत है;

(16) पोत संबधित "मोल्डेड गहराई" से पठाण के शीर्ष से फ्रीबोर्ड डैक धरन के शीर्ष की बाजू तक की नापी हुई ऊर्ध्वाधर दूरी अभिप्रेत है;

परन्तु

(क) काष्ठ या मिश्र पोत के सबध मे, वह पठाण खाचे के निम्न किनारे से नापी जाएगी जहा पोतमध्य खण्ड के निम्न भाग का आकार खोखले स्वरूप का हो, या जहां मोटी लम्ब पट्टिया लगाई गई हो, दूरी उस बिन्दु, जहा तल के सपाट मैदान की रेखा अर्न्तमुख होकर पठाण की बाजू को काटती है, से नापी जाएगी ।

(ख) पोत जिनमे वृत्ताकार गनल हो वह डैक की मोल्डेड रेखाओ के छेदन बिन्दु और बाजू के प्लेटिंग तक नापी जाएगी, रेखाएं ऐसी बढ़ती है कि मानो गनल कोणीय आकार का हो;

(ग) पोतों जिनमे फ्रेबोर्ड डैक पैड़ी रखता है और डैक का उभरा भाग उस तक विस्तारित होता है और जहां खड़ी गहराई बिन्दु निश्चित करती है, खड़ी गहराई डेक जो डैक के उभरे भाग की समान्तर रेखा के साथ हो, के निम्न भाग से विस्तारित संदर्भ रेखा तक नापी जाएगी,

(17) "नया पोत" या 'पाल पोत' से पोत या पाल पोत जिसका पठाण 21 जुलाई, 1968 को या तदुपरांत डाला गया हो, अभिप्रेत है;

(18) "लम्ब" से अग्र और पश्च लम्ब जो लंबाई (L) के अगले और पिछले छोर पर हों, अभिप्रेत है ;

(19) "प्रधान अधिकारी" से संबधित जिले के वाणिज्यिक समुद्री विभाग का प्रधान अधिकारी अभिप्रेत है ,

(20) "पाल पोत में सभी पोत जिनमें केवल पालों के अधीन नौचालन के लिये पर्याप्त पाल क्षेत्र दिया गया हो चाहे उनमें नौका के यांत्रिक लगाए गए हो या न हों ;

(21) "अनुसूची" से इन नियमो के साथ सलग्न अनुसूची अभिप्रेत है ;

(22) "अधिसंरचना" से फ्रीबोर्ड डैक के ऊपर के डैक सरचना जो दोनो ओर से विस्तारित हो, प्लेटिंग खोल प्लेटिंग के अदर की बाजू मे चौड़ाई (B) के चार प्रतिशत से अधिक न हो, और उभरे किलिन रेक से समाविष्टित हो, अभिप्रेत है –

(23) "प्रकाष्ठ डेक स्थोरा" से काष्ठ लुगदी या तत्सम स्थोरा जो फ्रीबोर्ड या अधिसंरचना डैक के अनाच्छादित भाग मे वहन किया जाता है से भिन्न प्रकाष्ठ स्थोरा अभिप्रेत है ;

(24) "वर्ग क पोत" और "वर्ग ख पोत" से ऐसे पोत अभिप्रेत है जिनका निर्वचन प्रथम अनुसूची में दिया गया है ;

(25) पोत के फ्रीबोर्ड डैक के नीचे के भाग के संबंध में "जलरोक" से दाब या अन्यथा के अधीन, जैसी भी स्थिति हो, पोत के उस भाग की कार्यकारिणी अपेक्षाओं की ओर उचित ध्यान देते हुए, पानी की किसी भी दिशा में मार्ग को रोकने मे समर्थ, अभिप्रेत है ;

(26) पोत के फ्रीबोर्ड डैक के ऊपर के किसी भाग के संबंध में 'वर्षारोक' से अभिप्रेत है कि समुद्र और उस पर एकाएक आने वाली वर्षा को किसी भी स्थिति में पानी उस भाग में प्रवेश न कर सके ।

भाग II

सर्वेक्षण तथा प्रमाणपत्र

3. **सर्वेक्षण के लिए आवेदनपत्र** :—(1) पोत पर फ्रीबोर्ड नियत करने और पोत को भार रेखा प्रमाणपत्र जारी करने के प्रयोजन से पोत के सर्वेक्षण के लिए आवेदन पत्र पोत के स्वामी या उसकी ओर से समनुदेशन प्राधिकारी को भेज दिया जाएगा । आवेदनकर्ता नीचे लिखे समनुदेशन प्राधिकारी को उसके द्वारा मंगाए जाने पर पोत के डिजाइन और निर्माण सबधी नक्शे, ड्राइंग विशिष्ट विवरण और अन्य दस्तावेज तथा उनसे सम्बद्ध जानकारी भेजेगा :—

(क) महानिदेशक की ओर से प्रधान अधिकारी ; और

(ख) इन नियमों के उद्देश्यो के लिए शासकीय राजपत्र मे प्रकाशित अधिसूचना के माध्यम से केन्द्रीय सरकार द्वारा समनुदेशन प्राधिकारी के रूप में नियुक्त कोई अन्य व्यक्ति हो, भेज दे ।

4. **भार रेखा सर्वेक्षण** :—(1) आवेदन-पत्र तथा नियम 3 के अधीन अपेक्षित सम्बद्ध अन्य जानकारी सहित दस्तावेज प्राप्त करने के बाद समनुदेशन प्राधिकारी किसी सर्वेक्षक द्वारा पोत का सर्वेक्षण कराएगा जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि :—

(क) पोत इन नियमो के भाग iv और प्रथम अनुसूची में उल्लेखित अपेक्षाओं की पूर्ति करता है या नही, और

(ख) ऐसा अन्य विवरण जो आवश्यक हो—

(i) इन नियमो के भाग IV और द्वितीय अनुसूची के अनुसार पोत पर फ्रीबोर्ड नियत करने के लिए ; और

(ii) इन नियमों के भाग VI और तृतीय अनुसूची के अनुसार पोत के कप्तान को स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए जानकारी दी जाए—

आवश्यक हो ।

(2) उप-नियम (i) के संबंधों के अनुसार पोत के सर्वेक्षण के दौरान, पोत और उसका कोई फिटिंग ऐसे परीक्षण के लिए भेजे जाएंगे जो समनुदेशन प्राधिकारी के मत से यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हो कि पोत उपनियम (i) की अपेक्षाओं की पूर्ति करता है । पोत की स्थिरता से सम्बद्ध कोई परीक्षण नियम 31 की अपेक्षाओं के अनुसार होगा ।

(3) यदि पोत का स्वामी या उसकी ओर से कोई अन्य व्यक्ति नियम 3 के अधीन पोत के सर्वेक्षण के लिए आवेदन करेगा तो वह ऐसे सर्वेक्षण के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करेगा और समनुदेशन प्राधिकारी द्वारा अनुरोध करने पर समनुदेशन प्राधिकारी के उपयोग तथा पोत को आवश्यकतानुसार रोके रखने के लिए उसे ऐसे अन्य दस्तावेज और जानकारी देगा जो समनुदेशन प्राधिकारी आवश्यक समझे।

5. **सर्वेक्षण की रिपोर्ट** :—(1) सर्वेक्षण की समाप्ति पर, सर्वेक्षक समनुदेशन अधिकारी को सर्वेक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा जिसमें सर्वेक्षण के परिणामों तथा नियम 4 की अपेक्षाओं के संदर्भ में पोत की स्थिति के बारे में उसके निष्कर्षों का उल्लेख किया जाएगा ।

(2) सर्वेक्षण की रिपोर्ट के साथ नियम 26 की अपेक्षाओं के अनुसार समनुदेशन की शर्तों का अभिलेख संलग्न किया जाएगा । यह अभिलेख चौथी अनुसूची में निर्धारित किए गए फार्म में दिया जाएगा । इसके अलावा रिपोर्ट के साथ इन नियमों के भाग V एवं दूसरी अनुसूची की अपेक्षाओं का पालन करने हुए फ्रीबोर्ड के अभिकलन भी दिए जाएंगे ।

(3) किसी ऐसे पोत की स्थिति में जिसे स्थिरता संबंधी तृतीय अनुसूची के भाग-I की अपेक्षाओं का पालन करना है, सर्वेक्षक केन्द्रीय सरकार को ऐसी जानकारी देगा जो इस बात को निश्चित करने के लिए आवश्यक होगी कि क्या पोत इन अपेक्षाओं की पूर्ति करता है या नहीं ।

6. **पोत के लिए फ्रीबोर्ड नियत करना** :—(1) समनुदेशन प्राधिकारी :—

(क) यदि सर्वेक्षण की रिपोर्ट की संवीक्षा से सन्तुष्ट हो कि पोत इन नियमों के भाग IV की प्रयोज्य अपेक्षाओं और प्रथम अनुसूची का पालन करता है, और

(ख) उस पोत परिवहन महानिदेशक से यह सूचना प्राप्त हो जाए कि वह इस बात से संतुष्ट है कि पोत इन नियमों के भाग VI और स्थिरता संबंधी तृतीय अनुसूची की अपेक्षाओं की पूर्ति करता है ।

तो वह इन नियमों के भाग V और दूसरी अनुसूची के अनुसार पोत के लिए फ्रीबोर्ड नियत करेगा ।

(2) फ्रीबोर्ड नियत करने के बाद, समनुदेशन प्राधिकारी पोत के स्वामी को निम्नलिखित विवरण प्रस्तुत करेगा—

(क) इस प्रकार नियत किए गए फ्रीबोर्ड के विवरण ;

(ख) निम्नलिखित के बारे में हिदायतें देगा—

(i) इन नियमों के भाग III की अपेक्षाओं के अनुसार पोत पर अंकित की जाने वाली भार रेखाएं ;

(ii) वह स्थिति जिसमें भार-रेखाएं और भार रेखा चिन्ह अंकित किए जाएंगे ; और

(ग) समनुदेशन की शर्तों के अभिलेख की दो प्रतियां ।

7 **भार-रेखा प्रमाणपत्र और उसके प्रपत्र जारी करना** .—नियम 12 के उपबंधों के अनुसार समनुदेशन प्राधिकारी को जब यह तसल्ली हो जाए कि नियम 6 के अधीन स्वामी को दी गई हिदायतों के अनुसार पोत को ठीक तरह से अंकित किया गया है, तो वह अधिनियम की धारा 316 की अपेक्षाओं के अनुसार पांचवी अनुसूची में बताए गए फार्म में अन्तर्राष्ट्रीय भार-रेखा प्रमाण-पत्र, (1966) या भारतीय भार-रेखा प्रमाणपत्र, जारी करेगा ।

8. **प्रमाणपत्रों की अवधि** :—इन नियमों के अधीन जारी किया गया प्रत्येक भार-रेखा प्रमाणपत्र तब तक वैध माना जाएगा जब तक समनुदेशन प्राधिकारी उसकी तारीख निर्धारित नहीं करेगा । किन्तु नियम 4 के अधीन पोत के सर्वेक्षण की समाप्ति की तारीख से पांच वर्षों से अधिक अवधि निर्धारित नहीं की जाएगी। समनुदेशन अधिकारी जो प्रमाणपत्र जारी करेगा, उनमें से प्रत्येक प्रमाण पत्र पर निर्धारित तारीख का उल्लेख किया जाएगा । ऐसा न करने पर प्रमाण पत्र वैध नहीं माना जाएगा ।

9 **भार-रेखा प्रमाणपत्र को बढ़ाना** :—(1) यदि पोत का स्वामी वर्तमान प्रमाणपत्र की अन्तिम तारीख की समाप्ति पर नया प्रमाण पत्र जारी करने का आवेदन करता है और किसी ऐसे पोत का सर्वेक्षण कर लिया जाता है जिस पर भार-रेखा प्रमाणपत्र लागू होता हो, तो यदि समनुदेशन प्राधिकारी—

(i) सर्वेक्षण की रिपोर्ट की संवीक्षा से संतुष्ट हो जाए कि पोत इन नियमों के भाग V की अपेक्षाओं और समनुदेशन की शर्तों से संबंधित प्रथम अनुसूची का पालन करता है, और

(ii) केन्द्रीय सरकार से सूचना मिलने पर कि पोत स्थिरता संबंधी तृतीय अनुसूची की अपेक्षाओं की पूर्ति करता है ,

तो वह पोत के वर्तमान प्रमाणपत्र की वैधता अधिक से अधिक पांच महीनों की अवधि के लिए उस स्थिति में बढ़ा सकता है यदि उसका यह विचार हो कि उचित रूप में नया प्रमाणपत्र जारी करना उपयोगी नहीं होगा । ऐसे प्रत्येक मामले में, नया प्रमाणपत्र वर्तमान प्रमाणपत्र की बढ़ाई गई वैधता की तारीख के समाप्त होने पर जारी किया जाएगा ।

(2) उपनियम (1) के अधीन जब तक समनुदेशन अधिकारी, जिस तारीख तक प्रमाण-पत्र की वैधता की तारीख बढ़ाई गई है, उस तारीख के विवरण तथा तारीख बढ़ाए जाने के स्थान के विवरण और तारीख बढ़ाने की मंजूरी देने की तारीख के विवरण वर्तमान प्रमाण-पत्र पर पृष्ठांकित नहीं करता तब तक बढ़ाई गई तारीख प्रभावी नहीं होगी ।

(3) उपनियम (1) के अधीन अन्ततोगत्वा पोत को जारी किए गए नये प्रमाणपत्र की वैधता की अवधि उप-नियम (1) में उल्लिखित सर्वेक्षण के समाप्त होने की तारीख से पांच वर्षों से अधिक नहीं होगी ।

10 **भार-रेखा प्रमाण-पत्रों का रद्द होना** .—(1) जहां केन्द्रीय सरकार को समनुदेशन प्राधिकारी या सर्वेक्षक की रिपोर्ट से या किसी अन्य कारण से यह तसल्ली हो जाए कि—

(i) जिस पोत, से प्रमाण-पत्र संबंधित है, वह पोत समनुदेशन की शर्तों की पूर्ति नहीं करता ; या

(ii) पोत का संरचना बल इतना कम है जो पोत को असुरक्षित बनाए हुए है ; या

(iii) जिस जानकारी के आधार पर पोत में वे फ्रीबोर्ड नियत किये गये थे, सामग्री के महत्व की दृष्टि से वही जानकारी गलत साबित हुई है,

तो केन्द्रीय सरकार पोत के स्वामी को अपना अभिवेदन करने के बारे में समुचित अवसर देने के पश्चात् इन नियमों के अधीन जारी किया गया कोई भी भार-रेखा प्रमाणपत्र रद्द कर सकेगी या रद्द करा सकेगी ।

(2) जहां केन्द्रीय सरकार की नजर में यह आये कि—

(i) पोत का प्रमाण-पत्र नियम 11 की अपेक्षाओं के अनुसार पृष्ठांकित नहीं किया गया है ; या

(ii) पोत के संबंध में नया प्रमाण-पत्र जारी किया गया है ; या

(iii) अधिनियम की परिभाषा के अन्तर्गत पोत भारतीय नहीं रहा है ;

तो वह पोत के स्वामी को अपना अभिवेदन करने के लिए समुचित अवसर देने के पश्चात् इन नियमों के अधीन जारी किया गया कोई भी भार-रेखा प्रमाण-पत्र रद्द कर सकेगी या रद्द करा सकेगी ।

11. पोतों का आवधिक निरीक्षण :—(1) इस नियम के उपबंधों के अनुसार जिस पोत का भार-रेखा प्रमाण-पत्र लागू है, उस पोत का सर्वेक्षक, द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए सर्वेक्षण किया जाएगा कि—

(क) जुड़नार (फिटिंग्स) और खुले मुखों के सुरक्षा साधित्र, रक्षा छड़, निकास द्वार और पोत में कर्मीदल आवासों के प्रवेश मार्ग कार्यक्रम स्थिति में है ; और

(ख) पोत के खोलों या अधिसंरचनाओं में कुछ बदल नहीं किये गये हैं या नहीं हो गये हैं जिससे वह विवरण गलत हो जाए, जिसके आधार पर पोत के फ्रीबोर्ड नियत किये गये थे ।

(2) आवधिक निरीक्षण के लिए पोत के स्वामी या उनकी तरफ से समनुदेशन प्राधिकारी को आवेदन-पत्र भेजा जाएगा जो निरीक्षण करने के लिए सर्वेक्षक को नियुक्ति करेगा ।

(3) ऐसे किसी निरीक्षण के दौरान सर्वेक्षक ऐसे परीक्षण कर सकता है जो उसके विचार से यह निश्चित करने के लिए आवश्यक हो कि पोत उप-नियम (1) की अपेक्षाओं की पूर्ति करता है ।

(4) इस नियम के अधीन किए जाने वाले आवधिक निरीक्षण—वार्षिक आधार पर किए जाएंगे । यह सर्वेक्षण 9 से 15 महीने की अवधि के भीतर किए जाएंगे और यह अवधि प्रत्येक वर्ष उस तारीख से 3 महीने पहले पड़ने वाली तारीख से शुरू होगी और उस तारीख के 3 महीने बाद पड़ने वाली तारीख को समाप्त होगी जब जहाज का वह सर्वेक्षण कार्य पूरा हुआ था जिसके आधार पर उसे वर्तमान भार-रेखा प्रमाण-पत्र जारी किया गया था ।

यदि केन्द्रीय सरकार की यह तसल्ली हो जाए कि परिस्थितियों की ऐसी मांग है तो सरकार, निर्दिष्ट अवधि से पूर्व या उसके पश्चात् निरीक्षण करने की अनुमति दे सकती है ।

(5) यदि निरीक्षण के बाद सर्वेक्षक को यह तसल्ली हो जाए कि पोत-उपनियम (1) की अपेक्षाओं की पूर्ति करता है तो वह भार-रेखा प्रमाण-पत्र में उस प्रयोजन से छोड़े गए स्थान पर उस सर्वेक्षण का अभिलेख पृष्ठांकित करे और यह प्रमाणित करे कि—

(क) अन्तर्राष्ट्रीय भार-रेखा (1966) प्रमाण-पत्र के संबंध में यह प्रमाणित करे कि अनुबंध के संबंधित उपबंधों की पूर्ति करता हुआ पाया गया ; और

(ख) भारतीय भार-रेखा प्रमाण-पत्र के सम्बन्ध में यह प्रमाणित करे कि पोत इन नियमों के सम्बद्ध उपबंधों की पूर्ति करता हुआ पाया गया ।

ऐसे प्रत्येक पृष्ठांकन पर निरीक्षण करने वाला सर्वेक्षक हस्ताक्षर करेगा और तारीख डालेगा और उस समनुदेशन प्राधिकारी का उल्लेख करेगा जिसकी ओर से निरीक्षण किया गया था ।

12. छूट तथा छूट प्रमाण-पत्र :—(1) यदि केन्द्रीय सरकार किसी पोत को इस अधिनियम की धारा 316 के उपबन्धों के अनुपालन में छूट देती है, तो पोत परिवहन महा-निदेशक उस पोत के संबन्ध में अन्तर्राष्ट्रीय भार-रेखा छूट प्रमाण-पत्र पांचवीं अनुसूची में निर्धारित किए गए फार्म में जारी करेगा ।

(2) इन नियमों के विपरीत अपेक्षित किसी अन्य छूट की शर्तों और उसके स्वरूप को छोड़ कर नियम 1 से 6 तक और 8 से 11 तक के उपबन्ध इस प्रकार छूट-प्राप्त किसी भी पोत पर और किसी भी ऐसे पोत के लिए इस प्रकार जारी किए गए किसी छूट प्रमाण-पत्र पर उसी तरीके से लागू होंगे जैसे वे किसी अन्य पोत पर लागू होते हैं, सिवाय इसके कि—

(i) उपर्युक्त नियमों में समनुदेशन प्राधिकारी को किए गए संदर्भ केन्द्रीय सरकार को किए गए संदर्भ माने जाएंगे ; और

(ii) नियम 11 का उप-नियम (5) निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया गया माना जाएगा ; अर्थात्:—

"(5) यदि निरीक्षण के बाद सर्वेक्षण को तसल्ली हो जाती है कि पोत को जिन शर्तों के अधीन छूट दी गई थी, वह उन शर्तों का पालन कर रहा है, तो सर्वेक्षक खाली छोड़े गए स्थान पर छूट प्रमाण-पत्र का समर्थन कर देगा तथा उस समर्थन पर तारीख सहित अपने हस्ताक्षर करेगा ।

भाग III

भार—रेखाएं और चिह्न

13. उपर्युक्त चिह्न :—इस भाग के प्रयोजन के लिए, पोत से सम्बद्ध "उपर्युक्त चिह्न" का अभिप्राय उन भार रेखाओं से है जो नियम 6 के उप नियम (2) के खंड (ख) और डेक रेखा और भार-रेखा चिह्न के अधीन पोत पर अंकित की जानी है ।

14. अंकन :—पोत स्वामी समनुदेशन प्राधिकारी से नियम 6 के उप-नियम (2) में उल्लिखित निदेशों और विवरणों को प्राप्त करने के बाद इन निदेशों और इस भाग की अपेक्षाओं के अनुसार पोत के हर तरफ उपयुक्त चिह्न अंकित कराएगा ।

15. डेक रेखा :—(1) डेक रेखा 300 मिली मीटर लम्बी और 25 मिली मीटर चौड़ी क्षैतिज रेखा होगी । इस नियम के उपबन्धों के अनुसार यह पोत के हर तरफ पोत-मध्य में अंकित होगी ताकि फ्रीबोर्ड डेक की स्थिति मालूम हो सके ।

नियम 15 में वर्णित आकृति



Fig 1. Deck Line

(2) पोत पार्श्व पर डेक रेखा उप-नियम (1) के उपबन्धों के अधीन इस तरह अंकित होगी कि उसका ऊपरी सिरा पोत मध्य बिन्दु से होकर जाए और जहां से--

(क) फ्रीबोर्ड डेक के ऊर्ध्व पृष्ठ या

(ख) फ्रीबोर्ड डेक के किसी आवरण

पर निर्गामी होगी। पोत के खोल के बाह्य पृष्ठ का कटान जैसे आकृति एक में दिया गया है होगा।

(3) जहां समनुदेशन प्राधिकारी के विचार में पोत के डिजाइन या अन्य किसी परिस्थिति के कारण उप-नियम (2) के उपबन्धों के अनुसार डेक-रेखा का चिह्न लगाना अव्यवहारिक हो, वहां समनुदेशन प्राधिकारी नियम 6 के उप-नियम (2) के अधीन दिए गए निर्देशों में यह भी निदेश देगा कि पोत पार्श्व में अन्य बिन्दु के सम्बन्ध में डेक-रेखा अंकित की जाए, इस सबन्ध में जो भी उप-नियम (2) में उल्लिखित स्थिति सरल और व्यवहारिक हो, लागू होगी।

16 भार-रेखा चिह्न---भार-रेखा चिन्ह में जैसा आकृति 2 में दिखाया गया है, 300 मिली मीटर बाहरी व्यास और 25 मिली मीटर चौडाई वाला एक वलय होगा। इसका 450 मिली मीटर लम्बी और 25 मीली मीटर चौडी रेखा काटेगी, जिसका ऊपरी किनारा वलय केन्द्र से गुजरता है। वलय का केन्द्र डेक-रेखा के नीचे ऊर्ध्वाधर पोत-मध्य में अंकित किया जाएगा ताकि सिवाय जैसा अन्यथा नियम 29 में बताया गया है वलय केन्द्र से डेक-रेखा के ऊपरी किनारे तक दूरी पोत के निर्दिष्ट ग्रीष्म फ्रीबार्ड के बराबर होगी।

17 भार-रेखाएं---(1) उप नियम (2) और नियम 18 में दी गई भार-रेखाएं उस अधिकतम गहराई की सूचक मानी जाएंगी जिस गहराई तक उनसे अंकित पोत उपयुक्त भार रेखाओं, क्षेत्रों, जोनों और मौसमी अवधियों के संदर्भ में छठी अनुसूची में दी गई परिस्थितियों में लादा जा सकता है।

(2) नियम 15 और नियम 28 में दी गई व्यवस्था के अलावा, भार-रेखाएं जैसी आकृति 2 में दिया गया है, 230 मिली मीटर लम्बी और 25 मिली मीटर चौडी रेखाएं होगी, जो 25 मीली मीटर चौडी खडी रेखा के आगे या पीछे तक जाएंगी भार-रेखा चिन्ह के वलय के केन्द्र के आगे 540 मिलीमीटर और उस रेखा के समकोण पर अंकित होगी। अलग अलग भार-रेखाएं निम्नलिखित होंगी---

(i) ग्रीष्म भार रेखा जिसका पूर्वोक्त ऊर्ध्वाधर रेखा के आगे विस्तार होगा और उस पर 'S' अंकित किया जाएगा, यह पडी स्थिति में भार-रेखा चिन्ह के वलय के केन्द्र से गुजरने वाली रेखा के समान होगी,

(ii) शीत भार रेखा जिसका पूर्वोक्त खडी रेखा के आगे विस्तार होगा और उस पर "-W-" अंकित किया जाएगा,

(iii) शीत उत्तरी अटलांटिक भार-रेखा जिसका पूर्वोक्त खडी रेखा के आगे विस्तार होगा और उस पर 'NA" अंकित किया जाएगा

(iv) उष्ण कटिबंधीय भार-रेखा जिसका पूर्वोक्त खडी रेखा के आगे विस्तार होगा और उस पर "-T-" अंकित किया जाएगा;

(v) मीठा पानी भार-रेखा जिसका पूर्वोक्त खडी रेखा के पीछे विस्तार होगा और उस पर "-F-" अंकित किया जाएगा,

(vi) उष्ण कटिबंधीय मीठा पानी भार-रेखा जिसका पूर्वोक्त खडी रेखा के पीछे विस्तार होगा और इस पर "-TF-" अंकित किया जाएगा।

(3) उपनियम (1) में उल्लिखित लदान की अधिकतम गहराई उपनियम (2) में दी गई उपयुक्त भार-रेखा के ऊपरी किनारे द्वारा सूचित गहराई होगा।



आकृतियां

नियम 16 और 18 में वर्णित आकृतियां



Fig 2 Load Line Mark and lines to be used with this mark

Fig 3 [illegible]

18 काष्ठ भार-रेखाएं—(1) काष्ठ भार-रेखाएं, जैसी आकृति 3 में दिखाई गई है, नियम 17 की ऐसी रेखाओं के संबन्ध में विनिर्दिष्ट परिमापों की पट्टी रेखाएं होंगी। यह उस नियम में ऐसी रेखा के लिए बनाए गए परिमापों की खड़ी रेखा के आगे या पीछे तक रेखा बढ़ी होंगी। यह भार रेखा चिन्ह के वलय मध्य के पीछे 540 मिली मीटर और उस रेखा के समकोण पर अंकित होगी। अलग अलग काष्ठ भार-रेखाएं इस प्रकार होंगी—

(i) ग्रीष्म काष्ठ भार-रेखा जिसका उक्त खड़ी रेखा के पीछे विस्तार होगा और उस पर '–LS–' अंकित होगा।

(ii) शीत भार रेखा जिसका उक्त खड़ी रेखा के पीछे विस्तार होगा और उस पर '–LW–' अंकित होगा,

(iii) शीत उत्तरी अटलांटिक काष्ठ भार-रेखा जिसका उक्त खड़ी रेखा के पीछे विस्तार होगा और उस पर '–LWNA–' अंकित होगा,

(iv) उष्ण कटिबंधीय काष्ठ भार-रेखा जिसका उक्त खड़ी रेखा के पीछे विस्तार होगा और उस पर '–LT–' अंकित होगा।

(v) मीठा पानी काष्ठ भार-रेखा जिसका उक्त खड़ी रेखा के आगे विस्तार होगा और उस पर '–LF–' अंकित होगा,

(vi) उष्ण कटिबंधीय मीठा पानी काष्ठ भार-रेखा जिसका उक्त खड़ी रेखा के आगे विस्तार होगा और उस पर 'LTF' अंकित होगा,

(2) नियम 17 के उपनियम (1) में उल्लिखित लदान को अधिकतम गहराई उपयुक्त काष्ठ भार-रेखा के ऊपरी किनारे पर सूचित गहराई होगी।

19 उपयुक्त भार-रेखा—पोत के संबन्ध में उपयुक्त भार-रेखा छठवीं अनुसूची के अनुबंधों के अनुसार किसी विशेष स्थान और समय पर निश्चित की जाएगी।

20 भार-रेखाओं की स्थिति—पोत पर हर भार-रेखा अंकित करना अपेक्षित है, यह पोत के हर तरफ ऐसी स्थिति में अंकित की जाएगी कि डेक-रेखा के ऊपरी किनारे से नीचे की ओर खड़ी मापित दूरी भार-रेखा के ऊपरी किनारे तक पोत के नियत फ्रीबोर्ड के बराबर होगी जो उस भार-रेखा का उपयुक्त है।

21 अंकन की प्रणाली—(1) उप-नियम (2) (और (3) की अपेक्षाओं के अनुसार पोत के हर तरफ उपयुक्त चिह्न इस तरह अंकित किया जाएगा कि स्पष्ट रूप से दिखाई दे।

(2) यदि पोत के पार्श्व धातु के हों तो उपयुक्त चिन्ह काट किये जाएंगे या मध्य पंच या वेल्ड किये जाएंगे यदि पोत के पार्श्व काष्ठ के हों तो फलक पर चिन्ह कम से कम 3 मिली मीटर गहराई में काट किये जाएंगे, यदि पार्श्व अन्य पदार्थों के बने हों और अंकन की यह प्रणालियां प्रभावशाली नहीं थे, तो पोत के पार्श्व पर मोड़ देकर या अन्य कुछ प्रभावी प्रणाली से स्थायी तौर पर चिन्ह लगाए जाएंगे—

(3) यदि पृष्ठभूमि गहरी हो तो उपयुक्त चिन्ह सफेद या पीले रंग से और यदि पृष्ठभूमि हलकी हो तो काले रंग से चित्रित किया जाएगा।

22. उपयुक्त चिन्हों को हटाने आदि का प्राधिकार—पोत पर उपयुक्त चिन्ह अंकित होने के पश्चात् समनुदेशन प्राधिकारी के प्राधिकार के बिना ऐसे चिन्ह न रद्द किए जाएंगे, न हटाए या मिटाए जाएंगे और न ही उनमें कोई परिवर्तन किया जाएगा।

23 समनुदेशन प्राधिकारी का चिन्ह—(1) उपनियम (2) में दिए गए समनुदेशन प्राधिकारी का चिन्ह पोत के हर तरफ भार-रेखा चिन्ह के साथ उस चिन्ह की खड़ी रेखा के ऊपर या नीचे अंकित होना चाहिए।

(2) समनुदेशन प्राधिकारी का चिन्ह, प्राधिकारी का नाम पहिचानने के लिए चार अक्षरों से अधिक नहीं होना चाहिए, हर अक्षर की ऊंचाई लगभग 115 मिली मीटर और चौड़ाई 75 मिलीमीटर होनी चाहिए।

भाग IV

समनुदेशन की शर्तें

24 फ्रीबोर्ड का समनुदेशन—(1) सिवाय जैसा अन्यथा उप-नियम (2) और (3) में दिया गया है प्रत्येक पोत जिसका फ्रीबोर्ड इन नियमों के अधीन समनुदेशित है, प्रथम अनुसूची के भाग-1 के अधीन लागू अपेक्षाओं का पालन करेगा।

(2) टाइप 'क' का प्रत्येक पोत जिस पर प्रथम अनुसूची के भाग-2 की अपेक्षाएं लागू होती है, टाइप 'ख' प्रत्येक पोत जिस पर प्रथम अनुसूची के भाग 3 की अपेक्षाएं लागू होती है या काष्ठ फ्रीबोर्ड समनुदेशित प्रत्येक पोत जिस पर प्रथम अनुसूची के भाग 4 की अपेक्षाओं का पालन करेगा जब तक कि उक्त अनुसूची के भाग II, III या IV के अनुसार अन्यथा करना आवश्यक न हो।

(3) प्रत्येक विद्यमान पोत, जो ऐसा पोत नहीं है जिस पर नियम 28 की धारा (ख) के परन्तुक के साथ पठित इसी नियम की धारा (क) के अनुसार फ्रीबोर्ड समनुदेशित करना अपेक्षित है पोत के फ्रीबोर्ड के समनुदेशन की ऐसी अपेक्षाओं का पालन करेगा, जो इन नियमों के लागू होने से ठीक पहले लागू कानून के अधीन पालन की जानी थी।

25. समनुदेशन की शर्तों का पालन—(1) सिवाय जैसा अन्यथा उपनियम (2) में दिया गया है, पोत निम्नलिखित स्थितियों में समनुदेशन की शर्तों का पालन करता हुआ नहीं समझा जाएगा (क) यदि किसी समय फ्रीबोर्ड के समनुदेशन के पश्चात् पोतों के खोल, अधिसंरचनाएं, जुड़नार (फिटिंग्स) या उपकरणों में कोई परिवर्तन इस सीमा तक होता है कि—

(i) नियम 24 के अधीन पोत पर लागू किसी अपेक्षा का पालन नहीं किया गया है, या

(ii) नियम 26 के अनुसरण में पोत के संबन्ध में बनी समनुदेशन की शर्तों का अभिलेख काफी गलत दिया गया है या

(ख) यदि नियम 26 के उपनियम (2) के अनुसार पोत पर समनुदेशन की शर्तों का अभिलेख नहीं रखा गया हो।

(2) पोत में उपनियम (1) की धारा (क) में वर्णित कोई परिवर्तन होने पर भी पोत समनुदेशन की शर्तों का पालन करता हुआ समझा जाएगा, यदि—

(क) परिवर्तनों के पश्चात् नया फ्रीबोर्ड पोत की शर्तों को उपर्युक्त है और इस पर भार-रेखा अंकित है और उसके स्वामी को नया प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है; या

(ख) समनुदेशन प्राधिकारी की ओर से परिवर्तन का निरीक्षण किया गया है और समनुदेशन प्राधिकारी सन्तुष्ट है कि यह परिवर्तन ऐसा नहीं है जिसके लिए पोत के समनुदेशित फ्रीबोर्डों में कोई बदलाव अपेक्षित हो और परिवर्तन के सम्पूर्ण विवरण सहित निरीक्षण की तारीख और स्थान, समनुदेशन की शर्तों के अभिलेख में सर्वेक्षक द्वारा पृष्ठांकित किया गया है।

26 समनुदेशन की शर्तों का अभिलेख—(1) चौथी अनुसूची में दिए गए फर्म में उस पोत के खोल, अधिसंरचनाएं, जुड़नार (फिटिंग्स) और उपकरणों का अभिलेख, जिसका फ्रीबोर्ड समनुदेशित है उस फर्म में होगा जो चौथी अनुसूची में दिया गया है, या परिस्थितियों के अनुसार उससे यथासंभव मिलते जुलते फार्म में होगा और उसमें उस फार्म में अपेक्षित ब्यौरे दिए जाएंगे। ये ब्यौरे अभिलेख के साथ सर्वेक्षण रिपोर्ट

की एक प्रति लगा कर और अभिलेख में इस रिपोर्ट के उद्धरण देकर दिए जा सकते है जिसमे सम्बन्धित ब्यौरे दिए गए है ।

(2) सर्वेक्षक नियम 4 के अनुसरण में पोत का सर्वेक्षण निष्पादन करते हुए अभिलेख पूरा करेगा और उसे नियम 5 के अनुबन्धो के अनुसार समनुदेशन प्राधिकारी को प्रस्तुत करेगा । समनुदेशन प्राधिकारी अभिलेख सहित विवरण और निदेशो की दो प्रतियां पोत के स्वामी को भेजेगा, जो नियम 6 द्वारा प्रस्तुत करना अपेक्षित है ।

(3) पोत स्वामी को समनुदेशन प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत समनुदेशन की शर्तों के अभिलेख, विवरण और निदेशो की एक प्रति हर समय पोत पर कप्तान की अभिरक्षा मे रखनी होगी ।

भाग V

फ्रीबोर्ड

27 फ्रीबोर्डों के प्रकार (टाइप) :—नियम के अधीन किसी पोत का निम्नलिखित फ्रीबोर्ड समनुदेशित किए जा सकते है :—

(i) ग्रीष्म फ्रीबोर्ड;

(ii) उष्म कटिबन्धीय फ्रीबोर्ड ;

(iii) शीत कालीन फ्रीबोर्ड ;

(iv) शीत कालीन उत्तरी अटलाटिक फ्रीबोर्ड ;

(v) मीठा पानी फ्रीबोर्ड ;

(vi) उष्म कटिबन्धीय मीठा पानी फ्रीबोर्ड ;

(vii) ग्रीष्म काष्ठ फ्रीबोड ;

(viii) शीतकालीन काष्ठ फ्रीबोर्ड ;

(ix) शीतकालीन उत्तरीय अटलाटिक काष्ठ फ्रीबोर्ड ;

(x) ग्रीष्म काष्ठ फ्रीबोर्ड ;

(xi) मीठा पानी काष्ठ फ्रीबोर्ड ; और

(xii) उष्म कटिबन्धीय मीठा पानी काष्ठ फ्रीबोर्ड ।

28. फ्रीबोर्ड का निर्धारण :—जैसा अन्यथा नियम 29 में दिया ii या है, उसके सिवाय—

(क) नए पोत को समनुदेशित किए जाने वाले फ्रीबोर्ड द्वितीय अनुसूची के अनुबन्धो के अनुसार निर्धारित किए जाएगे ।

(ख) विद्यमान पोत को समनुदेशित किए जाने वाले फ्रीबोर्ड को इन नियमो के लागू होने से तत्काल पूर्व लागू नियमो के अधीन पोत पर लागू अनुबन्धो के अनुसार निर्धारित किया जाएगा :

लेकिन यदि विद्यमान पोत इस प्रकार निर्मित या परिवर्तित है जिससे कि इस प्रकार के नए पोत पर लागू प्रथम अनुसूची की अपेक्षाओ का पालन हो रहा है और द्वितीय अनुसूची के अनुबन्धो के अनुसार निर्धारित फ्रीबोर्ड के समनुदेशित के लिए ऐसे पोत के सम्बन्ध में आवेदन किया जाए तो पोत को ऐसे फ्रीबोर्ड समनुदेशित किए जा सकते है ।

29 फ्रीबोर्ड सम्बन्धी आपवाद :—(1) न्यूनतम फ्रीबोर्ड से अधिक :— कोई पोत, स्वामी के उस विषय मे आवेदन करने पर नियम 28 के अनुसार अवधार्य न्यूनतम फ्रीबोर्ड से महत्तर निम्नलिखित शर्तों पर समनुदेशित किया गाए, अर्थात् :—

(क) नियम 4 के अनुसरण में पोत के सर्वेक्षण पर, समनुदेशन प्राधिकारी सन्तुष्ट है कि पोत —

(i) इन नियम के भाग IV ;

(ii) इनसे अन्य प्रथम अनुसूची से सम्बन्धित स्थिरता ;

(iii) इन नियमों के भाग 5 जहां तक स्थिरता सम्बन्ध है ; और

(iv) तृतीय अनुसूची जहां तक स्थिरता से सम्बन्ध है ;

की अपेक्षाओं का पालन करता है ।

(ख) पोत काष्ठ फ्रीबोर्ड से समनुदेशित नही है ।

(ग) यदि पोत को न्यूनतम फ्रीबोर्ड के अधिक समनुदेशित किया जाने वाला फ्रीबोर्ड इस तरह है कि पोत के पार्श्व मे भार रेखा की स्थिति उस फ्रीबोर्ड से उपयुक्त है जो उसके अनुकुल या उससे नीचे होगी और वह स्थिति जिस पर उस पोत के लिए भार रेखाओ के निम्नतम उपयुक्त न्यूनतम फ्रीबोर्ड को अंकित किया जाएगा :—

(i) पोत के पार्श्वों मे भार-रेखा उपयुक्त न्यूनतम फ्रीबोर्ड से अधिक और अग्रवण जल फ्रीबोर्ड अंकित करना चाहिए ।

(ii) भार-रेखा उपयुक्त न्यूनतम फ्रीबोर्ड से अधिक 'सर्व मौसमी भार रेखा' कही जाएगी जिसकी अनुरुप रेखा चिन्ह पर काटने वाली है तदनुसार इस पर चिन्ह लगाए जाएगे ;

(iii) नियम 17 के उप-नियम (2) मे बताई गई उष्णधिर रेखा छोड़ दी जाएगी ; और

(iv) धारा (3) के उपबन्धो के अधीन अग्रवण जल भार रेखा जैसे नियम 17 के उप नियम (2) मे दी गई है तदनुसार अंकित कर दी जाएगी ।

(2) न्यूनतम फ्रीबोर्डो से कम :—(1) हापर टाइप पोत के स्वामी के उस विषय मे आवेदन करने पर जो अन्तराष्ट्रीय जलयात्राओ से अन्य जलयात्राओ मे आबद्ध है, जो किसी समय भी जमीन के निकट पूर्व से 20 मील से आगे नही जा सकता है द्वितीय अनुसूची के भाग IV में दी गई शर्तों के अधीन नौवहन महानिदेशक ऐसे पोतो को न्यूनतम फ्रीबोर्डो से इस तरह कम किया गया न्यूनतम फ्रीबोर्ड समनुदेशित कर सकता है :—

(i) द्वितीय अनुसूची के भाग में दिए गए टेबुल 'ख' के अनुसार उपयुक्त न्यूनतम फ्रीबोर्ड का पाच बटे आठ ; या

(ii) द्वितीय अनुसूची की धारा 4 या धारा 5 के अनुसार उपयुक्त न्यूनतम फ्रीबोर्ड की आधा;

शर्त यह है कि किसी मामले में ऐसा फ्रीबोर्ड 150 मिलीमीटर से कम नही होगा ।

30. भार रेखा की विशेष स्थिति और फ्रीबोर्डों की शुद्धि :—ऐसे मामले मे जिसमें भार रेखा नियम 15 के उपनियम (3) के उपबन्धों के अनुसार पोत पार्श्वों पर अंकित की जानी है, पोत के समनुदेशित फ्रीबोर्डों को उस उष्णधिर कूरी की अनुमति के लिए संशोधित किया जाएगा, जिससे भार रेखा की स्थित नियम 15 के उपनियम (3) के अनुबंधो के आधार पर परिवर्तित हो । बिन्दु की स्थिति के जिसके सदर्भ में डैक रेखा इस प्रकार अंकित की गई है और उस डैक की पहचान जो फ्रीबोर्ड डैक माना गया है, ऐसे पोत के सबन्ध मे जारी किए गए भार रेखा प्रमाण पत्र में दी जाएगी ।

भाग IV

स्थिरता और लदान

31. पोत की स्थिरता के बारे मे जानकारी :—(1) हर पोत का स्वामी जिस पोत के फ्रीबोर्ड इन नियमो के अधीन समनुदेशित है, पोत कप्तान के निर्देशन के लिए, इस नियम के अनुबंधो के अनुसार पोत की स्थिरता संबन्धी जानकारी देगा ।

(2) ऐसी जानकारी मे, पोत की स्थिरता के समुचित विवरण, तृतीय अनुसूची के भाग II मे निर्दिष्ट सभी मामले सम्मलित होगे तथा परिकलन प्रक्रिया और विवरणों का फार्म जहां तक व्यवहार्य हो उस अनुसूची के भाग III या उसके तुल्य अनुसूची के अनुसार होना चाहिए । स्थिरता

लक्षण उक्त तृतीय अनुसूची के भाग-1 में बताए गए मापदण्डों के अनुसार होंगे ।

(3) उपनियम (4) के उपबंधों के अधीन, जब जानकारी पहली बार दी जाएगी, यह झुकावी परीक्षण द्वारा स्थिरता निर्धारित करने के आधार पर होगी, जब तक महानिदेशक अन्यथा अनुमति न दे। इसे महानिदेशक द्वारा नियुक्त सर्वेक्षक की उपस्थिति में कार्यान्वित किया जाएगा। जब कभी पोत के परिवर्तन द्वारा उसकी विणुद्धता पर्याप्त रूप से प्रभावित होगी पहली बार दी गई जानकारी के स्थान पर नई जानकारी दी जाएगी। यदि महानिदेशक ऐसे आदेश दे, तो ऐसी ताजी जानकारी अगले झुकावी परीक्षण के आधार पर होगी ।

(4) महानिदेशक—

(क) किसी पोत के मामले में अनुमति दे सकते हैं कि जानकारी झुकावी परीक्षण के द्वारा युगल पोत की स्थिरता निर्धारण पर आधारित की जा सकती है ,

(ख) किसी पोत के मामले में जो झुकावी परीक्षण के साथ विमुक्त द्रवों या खुला कच्चा लोहा वहन करने के लिए विशेषतया डिजाइन किया हुआ है, झुकावी परीक्षण को छोड़ सकता है यदि उसी प्रकार के पोतों के संबंध में उपलब्ध जानकारी से, वह संतुष्ट हो जाए कि पोत के अनुपात और व्यवस्थाएं ऐसी हैं, कि सभी सम्भाव्य लदान की शर्तों में पर्याप्त से अधिक स्थिरता प्राप्त होगी , और

(5) जानकारी, उपनियम (3) के उपबन्धों के अनुसरण में उसके बदले कोई ताजी जानकारी, कप्तान को भेजने से पूर्व, स्वामी द्वारा या उनकी ओर से महानिदेशक को उनके अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की जाए इसके साथ एक प्रति उनके अभिलेख के लिए प्रस्तुत की जाए और किसी विशेष मामले में जैसा महानिदेशक का आदेश हो ऐसे परिवर्धन और संशोधन समाविष्ट किए जाएं ।

(6) इस नियम के पिछले अनुबंधों के अनुसरण में दी गई जानकारी स्वामी पुस्तक के रूप में कप्तान को भेजेगा और उसको कप्तान की अभिरक्षा में हर समय पोत रखा जाएगा ।

32 पोत के लदान और नौरम के बारे में जानकारी —(1) किसी ऐसे पोत का स्वामी, जो पोत 150 मीटर से अधिक लम्बा है और विशेषतया द्रवों या खुला कच्चा लोहा वहन करने के लिए डिजाइन किया हुआ जिसके फ्रीबोर्ड इन नियमों के अधीन समनुदेशित है, ऐसे पोत कप्तान की जानकारी के लिए उपनियम (2) और (1) के अनुबंधों के अनुसार पोत लदान और नौरम संबन्धी जानकारी देगा ।

(2) ऐसी जानकारी में विस्तार से काम करने के ढंग विनिदिष्ट करने वाले अनुदेश शामिल होंगे जिसमें पोत का लदान और नौरम भी है ताकि उनकी संरचना में अवांछनीय प्रतिबल बनने से रोका जा सके और इसमें पोत के लिए अधिकतम स्वीकार्य प्रतिबल बताए जाएंगे।

(3) नियम 31 के उपनियम (5) के अनुबन्ध उपनियम (1) के अधीन अपेक्षित जानकारी की तरह लागू होंगे। नियम 31 के उपनियम (6) के अनुबंधों के अनुसरण में पोत के कप्तान को महानिदेशक द्वारा विधिवत् अनुमोदित पुस्तक के रूप में अन्तर्विष्ट जानकारी दी जाएगी तथापि नियम 31 और 32 द्वारा वह जानकारी हर नियम के शीर्ष और संख्या विनिर्दिष्ट करने वाले पृथक के शीर्षों अधीन पृथक दिखाई जाती है।

प्रथम अनुसूची

(नियम 4, 6, 9, 24, 28 और 29 देखें)

समनुदेशन की शर्तें

भाग I

1 निर्वचन **सामान्य**

(1) 1 और 2 स्थितियां —इस अनुसूची के लिए फलकामखों, द्वार मार्गों और रोशनदानों की दो स्थितियां निम्न प्रकार से परिभाषित हैं

स्थिति 1 —खुले फ्रीबोर्ड और उठी छतरी पर और अग्र लंब से पोत की लम्बाई के एक चौथाई पर अवस्थित बिंदु से आगे स्थित खुले अधिसंरचना डेकों के ऊपर।

स्थिति 2 —अग्र लंब से पोत की लम्बाई के एक चौथाई पीछे स्थित अधिसंरचना डेकों के ऊपर।

(2) वर्ग 'क' के पोत

(i) वर्ग 'क' का पोत वह है जो खुले द्रव वहन करने के लिए डिजाइन किया हुआ है जिसमें माल टांकियों के केवल छोटे खुले मार्गों को जलरोक गारंटेट किए हुए इस्पात के आवरणों या समान पदार्थों से बंद किया गया है। ऐसे पोत की अनिवार्यतः अन्तर्भूत विशेषताएं निम्नलिखित हैं

(क) खुले डेक की उच्च अखंडता और

(ख) लदी हुई माल जगहों की कम पारगम्यता और साधारणतः दिए गए उपविभाजन के अंश से होने वाले आप्लावन के विरुद्ध उच्च कोटि की सुरक्षा।

(ii) वर्ग 'क' का पोत यदि लंबाई में 150 मीटर से अधिक है और जब ग्रीष्म भार रेखा तक लादा गया हो रिक्त कक्ष रखता हुआ डिजाइन किया हुआ हो, इन रिक्त कक्षों के किसी एक का आप्लावन को 0.95 गृहीत पारगम्यता पर सह सकेगा और संतुलन की संतोषजनक तैरता रहेगा तो जब तक नौवहन महानिदेशक द्वारा अन्यथा अपेक्षित न हो निम्नलिखित धारा (iii) के अनुसार होगा। शर्त यह है कि यदि पोत की लम्बाई 225 मीटर से अधिक है, उसका मशीनरी जगह उक्त आप्लावन योग्य विभागों में से एक मानी जाएगी परन्तु पारगम्यता 0.85 समझी जाएगी ।

(iii) आप्लावित प्रकार व संतुलन की अंतिम दशा ।

पोत कम से कम निम्नलिखित शर्तों का अनुपालन करेगा—

(क) आप्लावन के पश्चात अन्तिम जल रेखा किसी भाग के निचले किनारे से नीचे है जिससे वर्धमान आप्लावन हो सकता है,

(ख) असमामित आप्लावन से झुकाव का अधिकतम कोण 15 अंश है,

(ग) स्थिर विस्थापित प्रक्रिया द्वारा परिकलित होने पर, आप्लावित दशा में मेटा केन्द्री ऊंचाई कम से कम 50 मिली मीटर हो

(घ) पोत का अन्तिम आप्लावित दशा में पर्याप्त अवशिष्ट स्थिरता है।

(3) वर्ग 'ख' के पोत

सभी पोत जो उक्त उप-पैरा (2) में वर्ग 'क' के पोतों की परिधि में नहीं आते हैं, उन्हें वर्ग 'ख' के पोत समझा जाएगा।

2 समतुल्य और छूट

समनुदेशन प्राधिकारी नौवहन महानिदेशक के अनुमोदन पर—

(1) पोत पर क्रमशः किसी जुड़नार, सामग्री, साधित्र, उपकरण या विशेष व्यवस्था जो इस अनुसूची के अनुबंधों में से किसी एक के अधीन अपेक्षित है, के स्थान पर किसी जुड़नार साधित्र या उपकरण फिट करने की अनुमति दे सकता है, यदि वह उसकी जांच से या अन्यथा संतुष्ट है कि वह वैसा अपेक्षित है कम से कम वैसा प्रभावी है ही।

(3) इस अनुसूची के उक्त उपबंधों के किसी एक की अपेक्षाओं से किसी विशिष्ट मामले में छूट देने की शर्त यह है कि पोत के समनुदेशित फ्रीबोर्डों को ऐसे हद तक बढ़ाएं कि पोत को सुरक्षा और कर्मीदल को संरक्षण मिले जो यथास्थिति कम प्रभावी नहीं समझा जाएगा, यदि पोत फ्रीबोर्ड के सामान्य नियम के साथ उन अपेक्षाओं का पूर्णतः अनुपालन करें।

भाग-II

सभी पोतों के लिए समनुदेशन की सामान्य शर्तें

3. पोत सामर्थ्य:—पोत का डिजायन और स्थिति ऐसी होगी कि उसका सामान्य संरचनात्मक सामर्थ्य उसके समनुदेशित फ्रीबोर्ड के लिए पर्याप्त होगा।

4. पोत स्थिरता:— पोत का डिजाईन और निर्माण ऐसा सुनिश्चित होगा कि उसकी स्थिरता सभी संभाव्य लदान की शर्तों में उसके समनुदेशित फ्रीबोर्डों के लिए छठवीं अनुसूची में दी गई संगणनाओं की प्रक्रियाओं तथा स्थिरता के मापदण्ड के अनुसार अभीष्ट सेवाओं के लिए पर्याप्त होगा।

5. जलरोक दरवाजे:—(i) पोत भीतों के सभी खुले मार्ग संवृत्त अधिसंरचना के छोरों या किसी अन्य पोतभीतों या पार्श्वों और आवरणों के छोरों पर जहां ऐसे जलरोक दरवाजे प्रयुक्त होना अपेक्षित है वहां इस्पात या अन्य सामग्री के दरवाजे स्थाई तौर पर और मजबूती से पोतभीत के साथ संलग्न और चौखट, स्थिर और प्रयुक्त किए जाएंगे ताकि सारी संरचना अछेद्य पोत भीत के तुल्य सामर्थ्य की हो और जब बंद हों, वर्षारुद्ध हों। इन जलरोक दरवाजों की सुरक्षा के लिए साधनों में गास्केट और क्लैंप साधन या अन्य समतुल्य साधन होंगे और वे पोतभीतों या उनके दरवाजों पर स्थाई तौर पर संलग्न होंगे और वे दरवाजे इस तरह व्यवस्थित होंगे कि पोतभीत के दोनों पार्श्वों से संचालित हो सके।

(ii) सिवाय जैसा अन्यथा इस अनुसूची में उपबंधित है पोतभीतों में खुले मार्गों के देहल की ऊंचाई संवृत्त अधिसंरचना के किनारों पर कम से कम 380 मि० मी० डेक के ऊपर होगी।

6. अधिसंरचना के अन्तिम पोतभीत :—संलग्न अधिसंरचनाओं के अन्तिम अभिदर्शित पोतभीतों पर सक्षम निर्माण होगा।

7. फलकामुखों की सामान्य अपेक्षाएं :—(1) माल की और अन्य फलकामुखों को 1 और 2 स्थितियों में वर्षारुद्ध बनाने के लिए निर्माण और साधन कम से कम पैरा 8 और 9 की अपेक्षाओं के तुल्य होंगे।

(2) अधिसंरचना डेक के ऊपरी डेकों पर अभिदर्शित फलकामुखों के आच्छादन और फलकामुख आवरण ऐसे निर्माण होंगे और फलकामुख को वर्षारुद्ध रखने के लिए उनमें ऐसे साधन फिट होंगे जैसे उसकी स्थिति को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त हैं।

8. सुवाह्य आवरणों द्वारा बंद और तिरपाल और पट्टी साधनों द्वारा वर्षारुद्ध फलकामुख:—(1) फलकामुख आडवाल हर फलकामुख पर्याप्त निर्माण के आडवाल का होगा। जब तक अन्यथा अनुमति न हो आडवाल का निर्माण नरम इस्पात का होगा। डेक के ऊपर आडवाल की ऊंचाई कम से कम निम्नलिखित होगी :

यदि फलकामुख स्थिति 1 में हो, 600 मिली मीटर।

यदि फलकामुख स्थिति 2 में हो, 450 मिली मीटर।

(2) फलकामुख आवरण : (क) फलकामुख आवरणों के लिए हरेक सतह की चौड़ाई कम से कम 65 मिली मीटर होगी।

(ख) जहां आवरण काष्ठ के बने हों, वहां उसकी परिसज्जित मोटाई कम से कम 60 मिली मीटर होगी जो विस्तार साहचर्य में अधिक से अधिक 1.5 मीटर तक होगी और बड़े विस्तारों के लिए आवरण की मोटाई विस्तार के 1.5 मीटर के लिए 60 मिलीमीटर के अनुपात से वृद्धि होगी। काष्ठ आवरणों के छोरों को सक्षमतापूर्वक अस्तरदार इस्पात पट्टियों से संरक्षित रखा जाएगा।

(ग) जहां आवरण नरम इस्पात के बने हों वहां उनका सामर्थ्य निम्न सारणी के अनुसार गृहीत भारों के साथ परिकलित किया जाएगा और इस प्रकार परिकलित अधिकतम प्रतिबल के गुणनफल और 4.25 घटक सामग्री के न्यूनतम अंतिम सामर्थ्य से अधिक नहीं होंगे। आवरण भी ऐसे डिजाइन किए होंगे कि विचलन सीमा का इन भारों के अधीन विस्तार 0.0028 गुने से अधिक नहीं होगा।

भारों की सारणी

(प्रति वर्ग मीटर)

पोत की लम्बाई (L)	स्थिति 1 में फलकामुख	स्थिति 2 में फलकामुख
24 मीटर	1 मीटरी टन	0.75 मीटरी टन
100 मीटर या अधिक	1.75 मीटरी टन	1.30 मीटरी टन
24 मीटर से अधिक लेकिन 100 मीटर से कम	रेखीय अन्तर्वेशन द्वारा अभिनिश्चित की जाएगी	

(3) सुवाह्य धरण :—जहां सहायक फलकामुख आवरणों के लिए सुवाह्य धरन नरम इस्पात के बने हों वहां ऐसे धरनों का सामर्थ्य उपयुक्त गृहीत भार के साथ परिकलित होगा जो उक्त उप-पैरा (2) की सारणी के अनुसार अभिनिश्चित होगा और इस प्रकार परिकलित अधिकतम प्रतिबल का गुणनफल और घटक 5 सामग्री के न्यूनतम अंतिक सामर्थ्य से अधिक नहीं होगा। साथ ही ऐसे धरनों को इस तरह डिजाइन किया जाएगा कि उक्त गृहीत भारों के अधीन विचलन सीमा विस्तार के 0.0022 गुने से अधिक न हो।

(4) पीपा आवरण—(क) जहां नरम इस्पात के पीपा आवरण सुवाह्य धरनों और आवरणों के स्थान पर इस्तेमाल हुए हों वहां उनका सामर्थ्य उपर्युक्त गृहीत भार के साथ परिकलित होगा जो उप-पैरा (2) की सारणी के अनुसार अभिनिश्चित होगा और इसी प्रकार परिकलित अधिकतम प्रतिबल का गुणनफल और गुणक 5 सामग्री के न्यूनतम अंतिम सामर्थ्य से अधिक नहीं होगा। साथ ही ऐसे धरनों को इस तरह डिजाइन किया जाएगा कि विचलन सीमा विस्तार के 0.0022 गुने से अधिक न हो।

(ख) ऐसे आवरणों के शीर्ष पर नरम इस्पात प्लेटबंदी मोटाई में पुश्ती बारों के मध्य स्थानों के एक प्रतिशत या 6 मिली मीटर, इन में से जो अधिक है, से कम नहीं होगी।

(5) आधार अथवा खोल:—सुवाह्य धरनों के लिए आधार या खोल निर्माण पर्याप्त होंगे और धरनों की पर्याप्त फिटिंग और सुरक्षा करने के लिए साधन होंगे—जहां बेलनाकार धरन इस्तेमाल हुए हैं वहां व्यवस्थाओं से सुनिश्चित करना होगा कि जब फलकामुख बंद हों तब धरन यथास्थिति होंगे।

(6) क्लीट :—क्लीट ऐसे सेट किए जाएंगे कि वेज के टेपर को फिट कर सकें, वे कम से कम 65 मिली मीटर चौड़े और फलका से अधिक से अधिक 150 मिली मीटर तक अन्तर पर होंगे।

(7) पट्टी और वेज :—पट्टियां और वेज सक्षम और अच्छी हालत में होने चाहिये। वेज कठोर काष्ठ या अन्य तुल्य सामग्री का होना चाहिए। उनके अधिक से अधिक 6 में 1 तक टेपर होने चाहिए और खुरी पर 13 मिली मीटर से कम मोटा नहीं होना चाहिए।

(8) तिरपाल:—तिरपालों की कम से कम दो तह अच्छी हालत में स्थिति 1 या 2 में हर फलकामुख के लिए दी जानी चाहिए। तिरपाल जल सह और पर्याप्त सामर्थ्य के होने चाहिए। वे उस सामग्री के बने होंगे जो वजन और गुण में कम से कम अनुमोदित स्तर के हों।

(9) फलकामुख आवरणा की सुरक्षा —सभी फलकामुख के लिए 1 या 2 स्थिति मे सक्षमतापूर्वक के लिए इस्पात छड़ या अन्य समाई साधन दिए जाने चाहिए और तिरपाल पट्टीवार बनाने के पश्चात् फलकामुख आवरणो का हर खड स्वतन्त्रतापूर्वक सुरक्षित होना चाहिए । लम्बाई मे 1 5 मीटर से अधिक फलकामुख आवरण अन्तिम ऐसे दो निश्चित साधनो द्वारा सुरक्षित रखे जाने चाहिये।

(10) सामग्री —यदि किसी फलकामुख के अडवालो, आवरणो और धरना के निर्माण की सामग्री नरम इस्पात से इतर सामग्री से बनी हो, तो ऐसी सामग्री से बने अडवाल, आवरण और धरन ऐसी सामर्थ्य और दुर्नम्यता के होगे जैसी नरम इस्पात के लिए इस अनुसूची मे विनिर्दिष्ट है।

9 इस्पात के जलरोक आवरणो द्वारा या अन्य गास्केटो और क्लैंपिंग साधनो के साथ प्रयुक्त तुल्य सामग्री द्वारा बद फलकामुख —(1) फलकामुख अडवाल ·

(क) फलकामुखो के अडवालो का पर्याप्त निर्माण होना चाहिए। अडवालो की कम से कम ऊचाई —
स्थिति 1 मे 600 मिली मीटर
स्थिति 2 मे 450 मिली मीटर
होनी चाहिए।

(ख) बशर्ते कि यदि नौवहन महानिदेशक अनुमोदित कर दें, अडवालो की ऊचाई कम की जा सकती है या अडवाल विशिष्ट परिस्थितियो मे हटा दिया जा सकता है, इस शर्त पर कि पोत की, बहुत खराब समुद्र और तूफानी अवस्था मे सेवा मे लगे पोत से भिडन्त होने के फलस्वरूप क्षति से सुरक्षा को हानि नही पहुचेगी।

(2) जलरोक आवरण, (क) नरम इस्पात के बने तीन जलरोकी आवरणो का सामर्थ्य पैरा 6(2) के भारो की सारणी के अनुसार गृहीत भार के साथ परिकलित किया जाएगा और इस तरह परिकलित अधिकतम प्रतिबल के गुणनफल और घटक 4 25 सामग्री के न्यूनतम अन्तिम सामर्थ्य से अधिक नही होगे । साथ ही ऐसे आवरणो की इस तरह डिजाइन किया जाएगा कि विचलन सीमा इन भारो के अधीन विस्तार के 0 0028 गुने से अधिक नही होगी।

(ख) ऐसे आवरणो के शीर्ष पर नरम इस्पात प्लेटबदी मोटाई मे पुश्तीवारा के मध्य स्थानो के एक प्रतिशत या, यदि वह अधिक है, 6 मिलीमीटर से कम नही होगी ।

(3) वर्षारुद्धता सुरक्षित के लिए साधन फलका आवरण गास्केटो और क्लैंपिंग साधनो के जुडनार (फिटिंग) द्वारा वर्षारुद्ध बनाए जाएगे । यदि कोई तुल्य व्यवस्था अपनाई जाएगी तो सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी सामग्री स्थिति मे रुद्धता बनाई रखी जा सकती है, इस हेतु रुद्धता के लिए परीक्षण प्रारंभिक सर्वेक्षण पर अपेक्षित होगे और आवधिक सर्वेक्षणो और वार्षिक निरीक्षणो पर या बारबार अधिक समयान्तरालो पर अपेक्षित होगे ।

10 मशीनरी जगह के मार्ग —(1) मशीनरी जगह के मार्ग स्थिति 1 या 2 मे पर्याप्त सामर्थ्य के इस्पात खोल द्वारा उचित रीति से निर्मित और सक्षमतापूर्वक सलग्न होगे, उस सीमा का ध्यान रखा जाएगा, जिससे खोल अन्य सरचनाओ द्वारा सरक्षित है ।

(2) इस अनुसूची के पैरा 5 का अनुपालन करते हुए ऐसे खोलो मे हर द्वार मे इस अनुसूची के पैरा 5 के अनुसार दरवाजे लगे होगे, जिसके देहलो की कम से कम निम्नलिखित ऊचाई होगी —

यदि मार्गस्थिति 1 मे है तो डेक से ऊपर 600 मिलीमीटर

यदि मार्गस्थिति 2 मे है तो डेक से ऊपर 380 मिलीमीटर,

ऐसे खोल मे अन्य मार्गो पर स्थायी तौर पर इस्पात के सलग्न आवरण प्रयुक्त होगे जिनके द्वारा यह वर्षारुद्ध बद किया जा सकता है और सिवाय ऐसे आवरण के मामले मे जो बोल्टो से जडी प्लेट से बने है, दोनो पार्श्वों से परिचालित होने की क्षमता रखता है ।

(3) किसी फिडले, फिनेल या सवाती मशीनरी जगह के अडवाल, फ्रीबोर्ड या अधिसरचना डेक पर खुली स्थिति मे जैसा व्यवहार्य हो, और इसकी स्थिति और समुद्र से पर्याप्त सुरक्षा का ध्यान म रखत हुए डेक से अधिक से अधिक ऊचाई पर होगे ।

11 फ्रीबोर्ड और अधिसरचना डेको मे विविध मार्ग (1) नर मोखे और सम्प्रवाह मार्ग स्थिति 1 या 2 मे सलग्न अधिसरचना से इतर अधिसरचना मे जलरोक बनाने म समर्थ आवरणा द्वारा बद किए जाएगे। जब तक ये पास-पास लगी चटखनियो से सुरक्षित न हो, ये आवरण स्थाई तौर पर सलग्न किए जाएगे ।

(2) डेक म फलकामुख, मशीनरी जगह क मार्ग, नर मोखा और सम्प्रवाह मोखा से अन्य मुख—

(क) यदि फ्रीबार्ड डेक पर स्थित हो तो शीत और वर्षारुद्धता मे पृष्ठांकित अधिसरचना के तुल्य सलग्न अधिसरचना या डेक घर या डेक सीढ़ी द्वारा सुरक्षित होगे,

(ख) यदि पृष्ठांकित अधिसरचना के ऊपर डेक मे खुली स्थिति मे स्थित हो, और उसी अधिसरचना मे अभिगम्य जगह देते हुए या फ्रीबार्ड डेक म डेक घर के शीर्ष पर और फ्रीबोर्ड-डेक के नीचे अभिगम्य जगह देते हुए हो, तो वर्षारुद्ध दरवाजे लगे दक्ष डेक घर या डेक-सीढ़ी द्वारा सुरक्षित होगे

(ग) यदि सलग्न अधिसरचना के ऊपर डेक मे ऊपर डेक मे खुली स्थिति मे स्थित हो, और उस अधिसरचना मे अभिगम्य जगह देते हुए हो, तो उप पैरा (ख) की अपेक्षाओ के अनुसार या उसकी स्थिति का ध्यान मे रखते हुए किसी कम मात्रा मे सुरक्षित होगे ।

(3) ऐसे दक्ष डेक-घर, डेक-सीढ़ी या सलग्न अधिसरचना मे द्वारो पर जैसे उप पैरा (2) मे वर्णित है, पैरा 5 की अपेक्षाओ का अनुपालन करते हुए दरवाजे फिट होगे और देहल की न्यूनतम ऊचाई निम्नलिखित होगी —

स्थिति 1 मे 600 मिलीमीटर

स्थिति 2 मे 380 मिलीमीटर ।

12 सवाती —(1) फ्रीबोर्ड डेक या सलग्न अधिसरचना के डेको के नीचे की जगहो की स्थिति 1 या 2 मे सवाती इस्पात के अडवालो या अन्य तुल्य धातु के होगे। इनका निर्माण पर्याप्त होगा और दक्षतापूर्ण डेक से सबद्ध होगे।

(2) (1) सवाती क अडवालो की कम से कम ऊचाई निम्नलिखित होगी—

(क) यदि स्थिति 1 मे सवाती हो तो डेक से ऊपर 900 मिलीमीटर,

(ख) यदि स्थिति 2 मे सवाती हो तो डेक से ऊपर 760 मिलीमीटर,

परन्तु जब सवाती ऐसी स्थिति मे स्थित है कि उस पर विशेष रूप से मौसम और समुद्र का प्रभाव पडेगा तो अडवाल की ऊचाई उक्त न्यूनतम ऊचाई से पर्याप्त मात्रा मे बढा दी जाएगी ताकि इसकी स्थिति को ध्यान मे रखत हुए इसे पर्याप्त सुरक्षा मिल ।

(11) जहा किसी सवाती क अडवाल ऊचाई म 900 मिलीमीटर से अधिक हो तो वहा यह ब्रेकेटा, रस्सियो या अन्य साधनो से सक्षमता पूर्वक थामकर रखा जाएगा।

(3) सलग्न अधिसरचनाओ से अन्य अधिसरचनाओ मे गुजरने वाली स्थिति 1 या 2 मे सवाती इस्पात के अडवाल या अन्य तुल्य धातु के

होंगे । इनका निर्माण पर्याप्त होगा और ये फ्रीबोर्ड डेक से संबद्ध होंगे और उस डेक के ऊपर कम से कम 760 मिलीमीटर ऊपर होंगे।

(4) उप-पैरा (5) के अधीन स्थिति 1 या 2 में खुलने वाले हर संवाती के साथ ऐसा सक्षम उपकरण होगा जिसमें यह बंद और वर्षारुद्ध रखा जा सके । ऐसा हर बंद करने का उपकरण जो 100 मीटर तक लंबाई वाले पोत पर लगाया जाएगा, स्थाई रूप से उस पर सलग्न होगा और अन्य पोत के मामले में या तो उसी तरह सलग्न होगा या जिस संवाती के यह फिट किया गया है, उस संवाती के पास सुविधानुसार रखा जाएगा।

(5) (क) स्थिति 1 में संवाती जिसका अडवाल डेक के ऊपर ऊंचाई में 1.5 मीटर से अधिक हो और स्थिति 2 में संवाती जिसका अडवाल डेक के ऊपर ऊंचाई में 2.3 मीटर से अधिक हो उनमें बंद करने के उपकरण फिट करने की आवश्यकता नहीं है जब तक कि—

(i) यह मशीनरी जगहों या माल कक्ष के लिए प्रयुक्त न होता हो, या

(ii) ऐसे उपकरण का जुड़नार, परिस्थितियों में आवश्यक न हो, ताकि पर्याप्त सुरक्षा मिल सके।

(ख) बैटरी कक्ष में मुख्य जगह की स्थिति 1 या 2 में संवाती के साथ बंद करने का उपकरण फिट नहीं होगा।

13 वायु नलियां :—(1) जहाँ नोरम और अन्य टंकियों की वायु नलियां फ्रीबोर्ड या अधिसंरचना डेक के ऊपर विस्तार से हो वहा नलियों के खुले भाग पर्याप्त निर्माण के होंगे और किसी ऐसी वायुनली के खुले मुखों को वर्षारुद्ध बन्द करने के लिए उनमें सक्षम साधन फिट होंगे जो इनके साथ स्थायी रूप से संलग्न होंगे।

(2) (i) डेक के ऊपर वायु नली मुख की ऊंचाई जिसके द्वारा पानी नीचे प्रवेश पा सके, निम्नलिखित होंगी :—

(क) यदि वह डेक फ्रीबोर्ड डेक है तो कम से कम 760 मिलीमीटर;

(ख) यदि वह डेक मानक ऊंचाई की अधिसंरचना के ऊपर है या 760 मिलीमीटर तक ऐसी किसी ऊंचाई की अधिसंरचना के ऊपर है जो अधिसंरचना की मानक से कम ऊंचाई को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त सुरक्षा के लिए आवश्यक समझी जाए, तो कम से कम 450 मिली मीटर हो ।

(ii) परन्तु पिछले उप पैरा 2(i) में वर्णित ऊंचाई, किसी विशेष मामले में न्यूनतम विनिर्दिष्ट ऊंचाई से कम हो सकती है, यदि ऐसी ऊंचाई से पोत कार्य में अनुचित रूप से बाधा पड़े और यदि बंद करने की व्यवस्थाएं ऐसी हों कि निचली ऊंचाई तक समुद्र से पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित हो।

14. माल द्वार तथा अन्य उसी प्रकार के मुख :—(1) माल द्वारों और अन्य उसी प्रकार के मुखों की संख्या, फ्रीबोर्ड डेक के नीचे पोत पार्श्वों पर या उन अधिसंरचनाओं के छोरों, पर जो पोत के खोल की लगातार भाग है, पोत डिजायन और उसके उचित कार्य चालन के अनुरूप होगे।

(2) ऐसे माल द्वार और मुखों पर दरवाजे लगे होंगे जो इस तरह फिट और डिजायन किये गये होंगे कि यह सुनिश्चित हो जाये कि खोल की बाकी और की प्लेट बंदी के अनुसार जलरुद्धता और संरचनात्मक अखंडता सुनिश्चित हो सके।

(3) जब तक नौवहन महानिदेशक परिस्थितियों में ऐसी अनुमति न दें तब तक ऐसे मुखों के निचले कोर फ्रीबोर्ड डेक के एक और समान्तर खींची गई रेखा से नीचे नहीं होंगे जिसके निम्नतम बिन्दु पर सर्वोच्च भार रेखा का ऊपरी छोर है।

15. परनाले अन्तर्गम और नाली :—

(1) निम्नलिखित में से किसी से पोत के खोल में होकर बोर्ड पर ले जाये गये सभी नलों पर—

(क) फ्रीबोर्ड डेक के नीचे जगह, या

(ख) संलग्न अधिसंरचना के अन्दर जगह, या

(ग) फ्रीबोर्ड डेक पर किसी ऐसे डेक घरों के भीतर जगह जिनमें पैरा 5 के अनुसार वर्षारोक दरवाजे लगे हों ।

पानी अन्दर आने से रोकने के लिये निम्नलिखित उप-पैरा के अनुसार सक्षम और सुलभ साधन फिट होंगे।

(2) (क) धारा (ख) और (ग) के अधीन बन्द करने के ऐसे साधनों में, खोल पर एकल स्वचालित एकतरफा वाल्व होगा और फ्रीबोर्ड डेक से ऊपर की स्थिति से उसमें बंद करने का वास्तविक साधन होगा। ऐसी स्थिति तुरन्त पहुंच योग्य होगी और इसके साथ एक सूचक लगा होगा जिससे पता चल सके कि वाल्व खुला है या बंद है।

(ख) यदि ग्रीष्म जल भार रेखा से निकास पाइप के बोर्ड के अन्दर वाले छोर तक खड़ी ऊंचाई $0.0L$ से अधिक हो तो निकास पाइप में बंद करने के निश्चित साधनों के बिना दो स्वचालित एक तरफ वाल्व हो सकते हैं जिनमें से बोर्ड के अन्दर की ओर वाला वाल्व परीक्षा के लिये आसानी से पहुंच योग्य होना चाहिये, तथापि जहां खड़ी ऊंचाई $0.02L$ से अधिक हो वहां बन्द करने के निश्चित साधन के बिना एकल स्वचालित एकतरफा वाल्व लगाया जा सकता है, यदि वह परिस्थितियों में समान प्रभावी हों । एकल वाल्व और बाहरी वाल्व जहा दोनों ही हों वहां वे जहां तक व्यवहार्य हों, खोल के नजदीक से नजदीक लगाये जायें और पर्याप्त रूप से जोड़े जाये ।

(ग) किसी भी स्तर से शुरू होने वाले और खोल के अन्दर फ्रीबोर्ड-डेक से नीचे 550 मिलीमीटर से अधिक तक जाने वाले या ग्रीष्म जल भार रेखा के ऊपर 600 मिलीमीटर से कम तक जाने वाले मपर और निकास पाइपों में खोल पर एक ही एक तरफा वाल्व होगा ।

यदि नलों का निर्माण काफी अच्छा हो और खंड (क) के अनुसार वाल्व लगाना आवश्यक न हो तो, वाल्व को छोड़ा जा सकता है ।

(3)(क) कर्मीदलयुक्त मशीनरी जगह में स्थित और मुख्य या सहायक समुद्र प्रवेश द्वार या नितल प्रवेश प्रणाली के रूप में काम कर रहे किसी वाल्व के नियंत्रण ऐसे स्थान पर लगाये जायेंगे कि सेवा स्थिति में वे हर समय तुरन्त पहुंच योग्य रहे । निम्नलिखित उप पैरा में उल्लिखित वाल्व में एक सूचक लगा होगा जिससे पता चल सके कि वाल्व खुला है या बन्द है ।

(ख) कर्मीदल रहित मशीनरी जगह में स्थित और समुद्र प्रवेश द्वार या नितल प्रवेश प्रणाली के रूप में काम कर रहे किसी वाल्व के नियंत्रण ऐसे स्थान पर लगाये जायेंगे कि सेवा स्थिति में वे हर समय तुरन्त पहुंच योग्य हों । पहुंचने या परिचालक नियंत्रण से संभाव्य देरी के संबंध में विशेषतया ध्यान दिया जाये । इसके अतिरिक्त जिस मशीनरी जगह में वाल्व स्थित है उसमें सक्षम चेतावनी साधन लगा होगा ताकि सामान्य परिचालन के परिणाम स्वरूप मशीनरी के आने वाले पानी से इतर किसी अन्य तरीके से मशीनरी जगह में पानी आने की उपयुक्त नियंत्रण स्थिति पर चेतावनी मिल सके।

(ग) इस उप-पैरा में "कर्मीदल रहित मशीनरी जगह" का अर्थ है ऐसी मशीनरी जगह जो समुद्र पर पोत के सामान्य परिचालन के दौरान किसी समय के लिये कर्मीदल रहित हो और "कर्मीदल युक्त मशीनरी जगह" का अर्थ है कर्मीदल रहित मशीनरी जगह से इतर मशीनरी जगह ।

5 सलग्न अधिसंरचना से ऊपर अधिसरचना में आने वाले या ऐसे डेक-घर द्वार से जिनमें वर्षारोक दरवाजे न हो, आने जाने सभी परनाले बोर्ड के ऊपर जायेंगे ।

6 इस पैरा के उपबन्ध द्वारा अपेक्षित सभी वाल्व और खोल जुडनार इस्पात काष्ठ या अन्य उपयुक्त तुल्य सामग्री के होंगे और सभी पाइप जो इस पैरा में उल्लिखित है इस्पात या अन्य तुल्य सामग्री होंगे ।

16 पार्श्व मोखा —(1) फ्रीबोर्ड डेक की निचली जगहों में या सलग्न अधिसरचनाओ के अन्दर की जगहो मे बने पार्श्व मोखो मे सक्षम अन्दरूनी अधौटिया फिट होंगी ताकि वे प्रभावी रूप से वर्षारोक रखी जा सके और बन्द की जा सके ।

(2) एक पार्श्व मोखा किसी भी ऐसी स्थिति नही होंगे ताकि उनको देहल एक और फ्रीबोर्ड डेक के समानान्तर खीची गई रेखा के नीचे हो और उसका निम्नतम बिंदु ग्रीष्म भार रेखा के ऊपर चौडाई (बी०) का 2 5 प्रतिशत या 500 मिलीमीटर, जो भी अधिक दूरी हो, हो।

(3) पार्श्व मोखा अपने काच सहित, यदि कांच लगे हों और अधौटियां पर्याप्त और अनुमोदित प्रकार से निर्मित होंगी।

17 निकास मोखा : (1) जहा फ्रीबोर्ड डेक के खुले मार्गो मे अडवाल या अधिसरचना डेक कूप आकृति के हो वहा डेक से जल हटाने और उसे शीघ्रता से निकालने के लिये पर्याप्त व्यवस्था होगी । पोत के हर पार्श्व में फ्रीबोर्ड डेक पर हर कूप के लिये निकास मोखा क्षेत्र (ए) को निम्नलिखित सूत्र के अनुसार दिये जायेंगे (क-1) उठाने के साथ फ्रीबोर्ड डेक पर कूप के मार्ग मे मानक सै उठान के बराबर या उसमे अधिक

जहां एल० 20 मीटर या कम हो—

वहां ए = 0 7 + 0 035 एल० (वर्ग मीटर)

जहां एल 20 मीटर से अधिक हो

वहा ए = 0 07 एल० (वर्ग मीटर)

अडवाल की उंचाई (एल) 0 7 एल से अधिक किसी दो मामले मे लेने की आवश्यकता नही है ।

(ख) यदि अडवाल की ऊंचाई (एच) 1.2 मीटर से अधिक या 0 9 मीटर से कम हो तो निकास मोखा क्षेत्र निम्नलिखित मात्रा मे बढ़ाये या घटाये जाये ।

जहा एच 1 2 मीटर से अधिक हो वहा उक्त-पैरा (क) मे ए निम्नलिखित द्वारा बढाया जाये ।

ए = (एच—1 2) × 0.004 × एल० वर्ग मीटर

जहा एच 0 9 मीटर से कम हो वहा उक्त उप-पैरा (क) मे ए निम्नलिखित द्वारा घटाया जाये ।

ए = (0 9—एच) × 00004 एल० वर्ग मीटर ।

(ग) अधिसरचना डेको पर निकास मोखा क्षेत्र पैरा (क), पैरा (ख) द्वारा यथा सशोधित द्वारा प्राप्त क्षेत्र के केवल आधा होगा।

(घ) बिना उठान वाले पोतों मे पैरा (क) और (ख) से परिकलित क्षेत्र 50 प्रतिशत रैखीय अन्तर्वेशन द्वारा प्राप्त होगा ।

(2) ऐसी अधिसरचना वाले पोत मे जिसके दोनो मे से एक या दोनो छोर खुले हो, ऐसे अधिसंरचनाओ के अन्दर निकास जगह की पर्याप्त व्यवस्था समनु. प्राधिकारी की तसल्ली के अनुसार की जायेगी ।

(3) अपेक्षित निकास मोखा क्षेत्र का दो बटे तीन उठान वक्र मे न्यूनतम बिंदु के निकटस्थ कूप के आधे मे दिया जायेगा।

(4) निकास मोखा का निचला छोर, जहा तक व्यवहार्य होगा डेक के निकटतम होगा ।

(5) अडवाल मे ऐसे सभी मार्गों को लगभग 230 मिलीमीटर जगह मे पृथक जगला या छडो से सुरक्षित रखा जायेगा । यदि निकास मोखो प्रयुक्त किये जाते है तो कसने के लिये पर्याप्त रखा जायेगा । कब्जे असक्षारी धातु के पिन या मरूक के होंगे । यदि शहरो मे मजबूती से बन्द करने के उपकर लगे है तो उन का निर्माण अनुमोदित प्रकार का होगा ।

18 कर्मीदल का संरक्षण :—(1) कर्मीदल आवास के लिये प्रयुक्त डेक घर की क्षमता यथास्थिति नौवहन महानिदेशक या अन्य किसी समनुदेशन प्राधिकारी, की तसल्ली के अनुसार होगी।

(2) सक्षम जगला या अडवाल फ्रीबोर्ड डेको के सभी खुले मार्गों की परि-सीमाओ पर प्रयुक्त होंगे । अडवाल या जंगले की ऊंचाई कम से कम एक मीटर होगी । परन्तु यदि इस ऊंचाई से कुछ विशेष विस्तार पर पोत के सामान्य परिचालन के समय हस्तक्षेप हो और समनुदेशन प्राधिकारी पूर्ण संतुष्ट हो जाये कि विकल्प या पर्याप्त सरक्षण दिया हुआ है तो उस विस्तार के ऊपर कम ऊंचाई अनुमोदित की जा सकती है। समनुदेशन प्राधिकारी खुली डेक के विनिर्दिष्ट क्षेत्रो मे जगले के बदले बचाव तार के प्रयोग की अनुमति दे सकता है ।

(3) जगले या बचाव तारो के निम्नतम भाग के नीचे का मुख 230 मिलीमीटर से अधिक नही होगा । अन्य भागो के बीच की दूरी 380 मिलीमीटर से अधिक नही होगी। गोल गनलो वाले पोत के मामलों मे सीखचें, डेक की चपटी सीमा पर बांधे जायेंगे ।

(4) कर्मीदल को पोत के आवश्यक कार्य मे इस्तेमाल किये जाने वाले भागो, उनके आवासो और मशीनरी जगहो मे आने जाने में सुरक्षा प्रदान करने के लिये जगलो, बचाव तार, रक्षा रस्सियो, गलियारे या डेक के नीचे के मार्गों की व्यवस्था की जायेगी ।

(5) जब डेक माल ले जाया जा रहा हो इस अनुसूची मे दी गई समनुदेशनो की शर्तों के साथ हस्तक्षेप नही होगा और न यह किसी भी तरह कर्मीदल के लिये बचाव साधनों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा ।

भाग-III

वर्ग 'क' पोतके लिए समनुदेशन की विशिष्ट शर्तें

19 मशीनरी खोल .—वर्ग 'क' पोतो की मशीनरी खोल (I) संलग्न पूप तथा पूल जो कम से कम मानक ऊंचाई का है, या (II) समान ऊंचाई और तूल्य सामर्थ्य तथा जल रोकता के डेक घर से अभिरक्षित होगा, लेकिन निम्न स्थितियो मे यह अपेक्षा लागू नही होगी और खोल तदनुसार खुला होगा—

(क) यदि खोल मे कोई ऐसा द्वार नही है जिससे फ्रीबोर्ड डेक से मशीनरी जगह तक सीधा प्रवेश किया जा सके।

(ख) यदि खोल के एकमेव मार्ग का दरवाजा पैरा 5 के अनुसार इस्पात का जलरोक दरवाजा है और ऐसी खुली जगह या गलियार की ओर खुलने वाला है जो उतना ही सक्षम निर्मित है जितना कि खोल और सीढी से मशीनरी जगह का एक दूसरे समान इस्पात जलरोक दरवाजे द्वारा अलग किया गया हो ।

20 गलियारा और प्रवेश मुख —(1) वर्ग 'क' पोतो के लिए इस पैरे में किए गए पूप या असम्बद्ध पूल विषयक सदर्भो मे पूप या असम्बद्ध पूल के स्थान पर प्रयुक्त और उनका कार्य करने वाले डेक घर भी शामिल है ।

(2) पूप और असम्बद्ध पुल के बीच का पहुंचमार्ग निम्नलिखित में से एक होगा--

(क) उप-पैरा 1 की अपेक्षाओं की पूर्ति करने वाले गलियारे, या

(ख) उप-पैरा 5 की अपेक्षाओं की पूर्ति करने वाले अवरडेक मार्ग, या

(ग) अन्य समान प्रभावी और समतुल्य अनुमोदित प्रवेश द्वार।

(3) पोत, जिसके कर्मीदल को अपने कर्त्तव्यों के दौरान प्रतिकूल मौसम की स्थिति में असम्बद्ध पूल के आगे के स्थान या स्थानों की ओर या, जहां असम्बद्ध पूल नहीं होता वहां पूप के आगे की ओर जाना होता है और सभी कर्मीदल आवास तथा मशीनरी जगहें पोत की पिछली ओर स्थित होती है, के मामले में, ऐसी जगहों के लिए प्रवेश मुख निम्नलिखित में से कोई एक होगा

(क) उप-पैरा (4) की अपेक्षाओं की पूर्ति करने वाले गलियारे या

(ख) उप-पैरा (5) की अपेक्षाओं की पूर्ति करने वाले अवर-डेक मार्ग, या

(ग) उप-पैरा (6) की अपेक्षाओं की पूर्ति करने वाली पगडंडी।

(4) गलियारा विनिर्दिष्ट अधिसंरचना या उसके बदले डेक घर जो जोड़ने वाला, और इस भाग के अधीन अपेक्षित, निम्न अपेक्षाओं की पूर्ति करेगा--

(क) गलियारा अधिसंरचना के स्तर पर स्थायी और सक्षम रूप से निर्मित हो। हरेक सिरे के पास गलियारे स्तर के डेक घर तक के प्रवेश के सक्षम साधन रखे जाएंगे।

(ख) गलियारा प्लेटफार्म कम से कम चौड़ाई में 1 मीटर होगा और न फिसलने वाली सामग्री का होगा। प्लेटफार्म उसकी पूरी लम्बाई में हर बाजू पर जंगलो या बचाव तारों से थम द्वारा लगाया जाएगा ऐसे जंगले या तार कम से कम तीन रद्दों के होंगे, निम्नतम रद्दा 230 किलोमीटर प्लेटफार्म के ऊपर और मध्य 380 मिली मीटर तक की दूरी पर परन्तु सर्वोच्च प्लेटफार्म से 1 मीटर तक की दूरी पर हो। जंगलो या बचाव तारों को आलम्बित करने वाले थम 1.5 मीटर तक की दूरी पर होंगे।

(5) अवरडेक प्रवेश मार्ग विनिर्दिष्ट अधिसंरचनाओं या उनके बदले डेकघरों को जोड़नेवाले और अबाधित प्रवेश देने वाले, और इस भाग के अधीन अपेक्षित निम्न अपेक्षाओं की पूर्ति करने वाले होंगे।

(1) मार्ग फ्रीबोर्ड डेक के तुरन्त नीचे तलरोक और गैसरोक निर्मित होगा और संप्रकाशित तथा यांत्रिक संवातन द्वारा पर्याप्त संचालित होगा। इन मार्ग में समर्थ गैस परिचयन यंत्र लगाया होगा।

(ख) मार्ग, पोत की बाजू से पोत की चौड़ाई (बी) के एक बटे पांच की दूरी पर अपनी पूरी लंबाई में स्थित होगा परन्तु जब कोई पोत इस तरह बना हो कि इस अपेक्षा की पूर्ति करना व्यवहार्य न हो, तो उसके संबंध में दो अवरडेक मार्ग रखे जाएंगे, एक बायां और जमना बाजू जिसमें से हर एक इस खंड को छोड़कर सभी अपेक्षाओं की पूर्ति करेगा।

(ग) गली से फ्रीबोर्ड डेक तक जाने के लिए निर्गम के साधन इस प्रकार स्थित हो कि जो यथासंभव व्यवहार्य हो, कर्मीदल के कार्यक्षेत्रों के नजदीक हो परन्तु किसी भी हालत में 90 मीटर से अधिक की दूरी पर न लगाए गए हो और उनमें बन्द तथा त्वरित खोल देने लायक सक्षम साधन लगे हो और दोनों ओर से फ्रीबोर्ड डेक पर प्रचालनक्षम हो। निर्गम को सुरक्षित रखने वाली डेक सीढ़ी या फ्रीबोर्ड डेक पर का डेक घर इस अनुसूची के पैरा 5 की अपेक्षाओं की पूर्ति करने वाला इस्पात दरवाजा लगा हो।

(6) यदि आवश्यक हो तो स्थायी बाधा पर उन्नत मार्ग के साधनों द्वारा अबाधित मार्ग देने वाली और इस भाग के अन्तर्गत अपेक्षित पगडंडी निम्न अपेक्षाओं की पूर्ति करेगी--

(क) यह पगडंडी यथासंभव पोत की मध्य रेखा के पास स्थित होगी और चौड़ाई में 1 मीटर से कम न होगी और इसमें इस पैरे के उप-पैरा (4) (ख) में उल्लिखित अपेक्षाओं के समान अपेक्षाओं की पूर्ति करने वाले जंगलो या बचावतार लगे होंगे।

(ख) इस पगडंडी में फ्रीबोर्ड डेक तक और उससे आने जाने के लिए मुक्त द्वार होंगे और वह ऐसे जंगलो या बचावतारों द्वारा कार्यक्षेत्रों के यथासंभव निकटतम होगी ताकि ऐसे द्वार पगडंडी के हर तीसरे में होंगे और दोनों बाजू पर एक दूसरे से अधिक 90 मीटर तक की दूरी पर हो।

(ग) यदि खुले डेक की अनुप्रस्थ लंबाई 70 मीटर से अधिक होती है तो पगडंडी पर पर्याप्त निर्मित आश्रम 45 मीटर तक की दूरी पर लगाए जाएंगे। ऐसा हर आश्रम कम से कम एक व्यक्ति को स्थान देने में समर्थ और इस प्रकार निर्मित हो कि आगे, दाबा और जमना बाजू से मौसम से रक्षा कर सके।

21. फलकामुख आवरण : फ्रीबोर्ड डेक पर खुली स्थिति में फलकामुखों का आवरण, फनी डेक या विस्तारित चौमौखे के शीर्ष पर, इस्पात के सक्षम निर्मित और वर्षारोक हो।

22. निकास व्यवस्थाएं : (1) फ्रीबोर्ड डेक के सभी खुले भागों और वर्ग 'क' पोत की अधिसंरचनाओं में डेक पोत बाजुओं की लंबाई के आधे पर अडवालिया अन्य तुल्य प्रवासी निकास, व्यवस्थाओं के बदले जंगलो या बचाव तार लगाए जाएंगे। ऐसे जंगले या बचाव तार इस भाग के पैरा 20 के उप पैरा (4) (ख) में उनके लिए अपेक्षित अपेक्षाओं की पूर्ति करे और उठान पट्टी का ऊपरी किनारा यथासंभव नीचे हो।

(2) यदि वर्ग क पोतों की अधिसंरचनाएं ट्रक से सम्बद्ध हो तो ट्रंक के मार्ग के फ्रीबोर्ड डेक के खुले भागों में पोत बाजू के पास इस भाग के पैरा 20 के उप-पैरा (4) (ख) में उनके लिए उल्लिखित अपेक्षाओं की पूर्ति करने वाले जंगलो या बचावतार लगाए जाएंगे।

(3) यदि पोत इस प्रकार निर्मित हो कि पोत निकास मोखों और व्यवस्थाओं के होने पर भी उसमें सेवास्थिति में फ्रीबोर्ड डेक पर काफी पानी इकट्ठा होने की निहीतरूप से संभावना हो तो डेक पर उपयुक्त स्थितियों में सक्षम पनकट लगाए जाएंगे।

भाग IV

वर्ग 'ख' के कम फ्रीबोर्ड वाले पोत के लिए समनुदेशन की विशेष शर्तें

23. गलियारा और प्रवेश मुख : जब तक वर्ग ख का कम फ्रीबोर्ड वाले पोत पैरा 20 की अपेक्षाओं की इसी प्रकार पूर्ति न करें जैसा कि वह वर्ग क का पोत होने पर करता, ऐसा पोत निम्न पैरों की अपेक्षाओं की पूर्ति करे --

(1) इस पैरे में दिए गए पूप या असम्बद्ध पुल विषयक संदर्भों में पूप या असम्बद्ध पुल के स्थान पर लगाए गए और उनका काम करने वाले डेक घर शामिल है।

(2) पूप और असम्बद्ध पुल के बीच आने जाने के लिए उन संरचनाओं को जोड़ने वाले पर्याप्त बल के सक्षमतापूर्वक पूर्व निर्मित गलियारे पोत के मध्य रेखा पर या उसके पास होंगे। गलियारा चौड़ाई में कम से कम 1 मीटर होगा और उनकी दूरी लम्बाई में हर बाजू पर ऐसे जंगलों या बचावतार जो पैरा 20(4)

(ख) में उल्लिखित ऐसे जंगलो या तारों के लिए अपेक्षित अपेक्षाओं की पूर्ति करें, लगाए जाएंगे। यदि गलियारे की लम्बाई 70 मीटर से अधिक हो तो गलियारे के मार्ग मे पैरा 20(6) (ग) में उल्लिखित आश्रय सम्बन्धी अपेक्षाओं की पूर्ति करने वाले आश्रय बनाए जाएंगे।

(3) जिस पोत के कर्मीदल को अपने कर्त्तव्यों के दौरान प्रतिकूल मौसम की स्थिति में असम्बद्ध पुल के आगे के स्थान या स्थानों की ओर या जहां असम्बद्ध पुल नही होता वहा धूप के आगे की ओर जाना होता है और कर्मीदल आवास तथा मशीनरी जगहें पोत की पिछली ओर स्थित होती है। उनके मामलो में ऐसे स्थानों को प्रवेश इस पैरे के उप-पैरे (2) के अन्तर्गत अपेक्षित साधनों द्वारा होगा।

परन्तु जिस पोत फलका अडवाल डेक से ऊंचाई में 600 मिली मीटर या अधिक हों, उक्त स्थानों को प्रवेश देने वाली और निम्न अपेक्षाओं की पूर्ति करने वाली दो पगडंडियां दी जाएंगी—

(1) ये पगडंडियां पर्याप्त रूप से निर्मित्त समाधानपूर्वक बल की होंगी,

(2) ये पगडंडियां हर एक चौड़ाई से कम से कम 1 मीटर हो और फ्रीबोर्ड डेक पर फलकामुख अडवाल संरचनाओं के बाह्य बाजू के पास, एक फलकामुखों की बाबा बाजू और दूसरा जमना बाजू हों,

(3) हर पगडंडी पर फलकामुखों के बाह्य बाजू पर पैरा 20(4) (ख) में ऐसे जंगलों या बचावतारों के लिए दी गई अपेक्षाओं की पूर्ति करने वाले जंगलों या बचाव तार लगाए जाएंगे।

24. निकास व्यवस्थाएं:—पोत इस अनुसूची के पैरा 22 की अपेक्षाओं की पूर्ति करेंगा।

भाग VI

काष्ठ फ्रीबोर्ड धारक पोत के लिए समनुदेशन की विशेष शर्तें

25. अधिसंरचना :—(1) पोत की गलही कम से कम संलग्न अधिसंरचना की मानक ऊंचाई की और कम से कम 0.7– की लंबाई होनी चाहिए।

(2) यदि पोत लंबाई में 100 मीटर से कम हो तो उस पर कम से कम मानक ऊंचाई पूप या छतरी जिस पर या तो डेक घर या मजबूत इस्पात हुए हों, लगाया जाएगा, ताकि उसकी कुल ऊंचाई संलग्न अधि-संरचना की मानक ऊंचाई से कम न हो।

26. दुहरे तल की टंकियां :—दुहरे तल की टंकियां जहां पोत मध्य में पोत की आधी लम्बाई में लगाई गई हों, तो उन पर संतुष्टिजनक अनुदैर्घ्य वर्षारोक प्रमाण होने चाहिए।

27. अडवाल और टंकियां :—(1) पोत पर या तो स्थायी अडवाल जो कम से कम ऊंचाई में 1 मीटर हों, विशेषत: ऊपरी किनारे पर अनम्य हो और डेक से संलग्न मजबूत अडवाल रस्सों से टिका हो, लगाया जाएगा और इसमें इस अनुसूची के पैरा 17 की अपेक्षाओं की पूर्ति करने वाले निकास मोखे होंगें।

(5) पोत पर सक्षम जंगले और कम से कम 1 मीटर ऊंचाई के विशेष मजबूत निर्माण के और पैरा 18(2) की अपेक्षाओं की पूर्ति करने वाले होने चाहिए

द्वितीय अनुसूची

(नियम 4, 5, 6, 28, 29 देखिए)

फ्री बोर्ड

भाग I

सामान्य

1. लागू होना :—(1) जैसा अन्यथा उप-पैरा (2) और (3) में दिया गया है, उसके सिवाय पोत के काष्ट फ्रीबोर्ड से भिन्न नियत किए जाने वाले फ्रीबोर्ड, इस अनुसूची के भाग II के अनुबंधो के अनुसार निर्धारित किए जाएंगे, और पोत के नियत किए जाने वाले काष्ट फ्रीबोर्ड भाग-III के अनुसार निर्धारित किए जाएंगे।

(2) उप-पैरा (1) के अनुसार निर्धारित फ्रीबोर्ड वे फ्रीबोर्ड हैं जो पोत के लिए उचित है और जिसका संरचनीय सामर्थ्य समनुदेशन प्राधिकारी द्वारा अपेक्षित उच्चतम मानक की पूर्ति करने वाला हो और पोत के लिए नियत किए जाने वाले फ्रीबोर्ड जिसका संरचनीय सामर्थ्य उस मानक की पूर्ति नही करता, वे होंगें जो इस प्रकार नियत किए जाएंगे परन्तु हर मामले में ऐसी मात्रा से बढ़ाए जाएंगे जैसे कि नौवहन महानिदेशक के अनुमोदन से समनुदेशन प्राधिकारी नियत करे जो पोत के संरचनीय सामर्थ्य के अनुपात में हों।

(3) पोत की लंबाई के अनुपात में सारणी बद्ध फ्रीबोर्ड इस अनुसूची के भाग में वर्ग क पोतो के लिए सारणी क में और वर्ग ख के पोतो के लिए सारणी ख में दिखाए गए हैं।

(4) ऐसे टगो या कर्मीदल रहित वार्जो के लिए जिन पर फ्रीबोर्ड डेक के रुप में केवल एक छोटा सा जलरुद्ध बंद मार्ग हो या असाधारण संरचनीय प्रकृति के पोतो के लिए निर्धारित किए जाने वाले फ्रीबोर्ड इस अनुसूची के भाग V के उपबंधों के अनुसार नियत किए जाऐगे।

भाग II

काष्ठ फ्रीबोर्डों से भिन्न प्रकार के फ्रीबोर्ड

2. फ्री बोर्डों की संगणना :—(1) ग्रीष्म फ्रीबोर्ड इस अनुसूची के पैरा 3 और 4 के उपबंधों के अनुसार नियत किया जाएगा :

बशर्ते कि इस प्रकार प्राप्त किया फ्रीबोर्ड, किन्तु बिना कोई डेक-रेखा के लिए शुद्धि के जैसा कि पैरा 6 में दिया है, 50 मिली मीटर से कम न होगा सिवाय ऐसे पोत के मामले में जिसकी स्थिति 1 में फलके मुखहें जो प्रथम अनुसूची के पैरा 8(4), 9 या 21 की अपेक्षाओं की पूर्ति नही करते, फ्रीबोर्ड 150 मिलीमीटर से कम न होगा।

(2) उष्णकटिबंधीय फ्रीबोर्ड उस पोत को लागू होने वाले ग्रीष्म फ्रीबोर्ड से ग्रीष्मीय डुबाव के एक बटा अड़तालीस (1/48) कम करके प्राप्त किया जाएगा।

बशर्ते कि इस प्रकार प्राप्त किया फ्रीबोर्ड, परन्तु बिना कोई डेकरेखा के लिए शुद्धि के जैसा कि पैरा 6 में दिया है, 50 मिलीमीटर से कम न होगा सिवाय ऐसे पोत के मामले में जिसकी स्थिति 1 मे फलके मुख हैं जो प्रथम अनुसूची के पैरा 8(4) 9 या 21 की अपेक्षाओं की पूर्ति नही करते, फ्रीबोर्ड 150 मिलीमीटर से कम न होगा।

(3) शीत फ्रीबोर्ड पोत को लागू होने वाले ग्रीष्म फ्रीबोर्ड में ग्रीष्म का एक बटा अड़तालीस (1/48) जोड़कर प्राप्त किया जाएगा।

(4) जो पोत लंबाई में 100 मीटर से अधिक नही है, उनके लिए शीत उत्तर अटलांटिक फ्रीबोर्ड पोत को लागू होने वाले शीत फ्रीबोर्ड में 50 मिलीमीटर जोड़कर प्राप्त किया जाएगा। अन्य पोतो के लिए शीत उत्तर अटलांटिक फ्रीबोर्ड शीत फ्रीबोर्ड होगा।

(5)(क) मीठा पानी फ्रीबोर्ड, उप पैरा (ख) के अधीन ग्रीष्म फ्रीबोर्ड मे मात्रा—

$$\frac{\Delta}{\Delta T} \quad \text{मिलीमीटर}$$

कम कर के प्राप्त किया जाएगा जहां △ खारा पानी में मेट्रिक टनों में ग्रीष्म भार जलरेखा के पास विस्थापन है, और T खारा पानी में उस जलरेखा के पास डुबाव प्रति सेंटीमीटर मैट्रिक टन है ।

(ख) किसी भी मामले में जहां उस जल रेखा के पास विस्थापन प्राप्त नहीं किया जा सकता है, कर्म. पोत के ग्रीष्म डुबाव के एक बटा अड़तालीस (1/48) होगी ।

3. 'क' वर्ग पोतों के लिए ग्रीष्म फ्रीबोर्ड :—'क' वर्ग पोत के लिए ग्रीष्म फ्रीबोर्ड निम्न प्रकार निश्चित किया जाएगा :—

(1)(क) प्रथमता पोत की लम्बाई के अनुपात में सारणीबद्ध फ्रीबोर्ड निश्चित किया जाएगा ।

(ख) जिन पोतो का घनत्व गुणांक (cb) 0.68 से बढ़कर नहीं है, उनके लिए मूल फ्रीबोर्ड सारणीबद्ध फ्रीबोर्ड होगा, और जिनका घनत्व गुणान्क (cle) 0.68 से बढ़कर है, उनके लिए मूल फ्रीबोर्ड सारणीबद्ध फ्रीबोर्ड को घटक $\left(\frac{cb+0.68}{1.36}\right)$ से गुणा से प्राप्त किया जाएगा ।

(2) मूल फ्रीबोर्ड इस अनुसूची के पैरा 5 से 14 तक की अपेक्षाओं के अनुसार विधिवत शुद्ध किया जाएगा ।

(3) पैरा 2(1) के उपबंध के अधीन इस प्रकार शुद्ध किया गया फ्रीबोर्ड वर्ग क पोत के लिए समनुदेशित किया जाने वाला ग्रीष्म फ्रीबोर्ड होगा ।

4. वर्ग 'ख' पोतों के लिए ग्रीष्म फ्रीबोर्ड :—वर्ग 'ख' पोत के लिए ग्रीष्म फ्रीबोर्ड निम्न प्रकार निश्चित किया जाएगा :

(1) प्रथमतः पोत की लंबाई के अनुपात मे सारणीबद्ध फ्रीबोर्ड निश्चित किया जाएगा ।

(2)(क) यदि पोत पर स्थिति 1 में फल के मुख हों, जिनके आवरण प्रथम अनुसूची के पैरा 8 (4) पैरा 9 की अपेक्षाओं की पूर्ति करते हैं, सारणीबद्ध फ्रीबोर्ड इस पैरे के उप पैरा (3) से (7) तक के ऐसे उपबंधों जो कि पोत को लागू हों, के अनुसार शुद्ध किए जाएंगे ।

(ख) यदि पोत पर स्थिति 1 में फलके मुख हो, जिनके आवरण प्रथम अनुसूची के पैरा 8 की, उप पैरा (4) को छोड़कर, अन्य अपेक्षाओं की पूर्ति करते है सारणीबद्ध फ्रीबोर्ड इस पैरे के उप पैरा (8) के उपबंधों के अनुसार शुद्ध किए जाएंगे ।

(3) पोत का सारणीबद्ध फ्रीबोर्ड, जिसको उप-पैरा (2)(क) लागू होता है और जो लंबाई में 100 मीटर से बढ़कर हो, उप पैरा (4) में विहित संख्या से कम किया जाएका, यदि समनुदेशन प्राधिकारी संतुष्ट है कि—

(क) गलियारा और प्रवेश मुख प्रथम अनुसूची के पैरा 20 के अनुसार है,

(ख) कर्मीदल की सुरक्षा के साधन प्रथम अनुसूची के पैरा 1 की अपेक्षाओं की पूर्ति करते हैं,

(ग) निकास मोखों की व्यवस्थाएं प्रथम अनुसूची के पैरा 17 की अपेक्षाओं की पूर्ति करती हैं,

(घ) स्थितियां 1 और 2 में फल का मुखों के सभी आवरण प्रथम अनुसूची के पैरा 9 की अपेक्षाओं की पूर्ति करते हैं,

(ङ) पोत, जब ग्रीष्म भार जलरेखा तक नौभरित हो, किसी इकहरे क्षतिग्रस्त कक्ष, उप पैरा (6) में उपवर्णित संतुलन की स्थिति में गृहीत 0.95 की पारगम्यता की मशीनरी जगह से भिन्न के जलप्लावित होने के बाद तैरता रहेगा ।

परन्तु यदि पास की लंबाई 225 मीटर से अधिक हो तो मशीनरी जगह इस अपेक्षा के उद्देश्यो के लिए 0.85 की गृहीत पारगम्यता की जलप्लावित होने योग्य जगह मानी जाएगी ।

(4) उप पैरा (5) के अधीन उप पैरा (3) के अनुसार फ्रीबोर्ड की कमी फ्रीबोर्ड सारणी 'क' और फ्रीबोर्ड सारणी 'ख' के अधीन पोत की लंबाई की उचित सारणी बद्ध फ्रीबोर्ड के बीच के अन्तर के 60 प्रतिशत के अधिक नहीं होगी ।

(5) पिछले पैरे में उल्लिखित 60 प्रतिशत की कमी 100 प्रतिशत तक बढ़ाई जा सकती है यदि समनुदेशन प्राधिकारी को तसल्ली है कि—

पोत प्रथम अनुसूची के पैरा 10 और 22 की अपेक्षाओं का इस प्रकार पालन करता है जैसे कि वह वर्ग क का पोत है

(ख) पोत उप पैरा 3(क) से (घ) की अपेक्षाओं का पालन करता है और

(ग) पोत जब ग्रीष्म भार जल रेखा तक नौभरित हो और

(i) 0.95 की गृहीत पारमन्यता पर आगे और पीछे के सन्निकट के कोई दो कक्षों के प्लावित हो जाने के बाद जिसमें से एक भी मशीनरी जगह न हो, और

(ii) लंबाई में 225 मीटर से अधिक वाले पोत के मामले में गृहीत 0.85 की पारगम्यता पर केवल मशीनरी जगह प्लावित होने के बाद,

उप पैरा (6) में बातई गई संतुलन की स्थिति में तैरता रहेगा ।

(6) उपर्युक्त उप-पैरा (3) और (5) में उल्लिखित संतुलन की स्थिति इस प्रकार है :—

(क) प्लावन के उपरांत अंतिम जलरेखा किसी अग्रवाल संवातन के शीर्ष किसी वायु नलिका के मुख के निम्न किनारे वर्षा रोक दरवाजे लगे किसी प्रवेश मुख के देहल के ऊपरी किनारे और अन्य किसी मुख जिससे वर्षमान प्लावन हो सकेगा के निम्न किनारे नीचे हैं

(ख) असममित प्लावन से उत्पन्न नति कोण 15 अंश से अधिक नही होता

(ग) स्थिर विस्थापन प्रणाली का उपयोग करने से परिकलित चल-केन्द्री ऊंचाई का प्लावन के बाद उच्चांपर स्थिति में कम से कम 50 मिली मीटर धनमान है, और

(घ) पोत में पर्याप्त अविशिष्ट स्थिरता है ।

(7) उप-पैरा 3 (घ) और 5(ग) के अनुसार परिकलन के लिए निम्न धारणाएं की जाएंगी :

(क) क्षति का उर्ध्वाधार विस्तार क्षति के स्थान के पास से नापी गई, और पोत बाजू के पास पठाण के निम्नबाजू के फ्रीबोर्ड डेक से समाविष्टित पोत की गहराई के बराबर है,

(ख) क्षति का अनुप्रस्थ व्यापन पोत की चौड़ाई (B) के पंच-मांश से अधिक नहीं है यह अंतर पोतो में पोत बाजु से पोत की मध्यरेखा तक ग्रीष्म भार जलरेखा तक नापा जाता है, बशर्ते कि यदि कम विस्तार की क्षति से अधिक तीव्र स्थिति हो जाए तो ऐसा कम विस्तार स्वीकार्य होगा,

(ग) उप-पैरा 5(ग)(1) में उल्लिखित कक्षों के मामले के सिवाय कोई प्रमुख अनुप्रस्थ पोत भीत क्षतिग्रस्त नहीं है,

(घ) आधार रेखा के ऊपर गुरुत्व केन्द्र की ऊंचाई माल फलकों के समरूप नौभरण और उप-भोज्य द्रव तथा भंडारो की डिजाइन क्षमता के 50 प्रतिशत के लिए छूट देकर निर्धारित की गई है ।

(8) पोत का सारणी बद्ध फ्रीबोर्ड जिसको इस पैरे का उप-पैरा (2)(ख) लागू है, पोत की उपयुक्त लम्बाई में निम्न सारणी में दी गई मात्रा से बढ़ाया जाएगा ।

मध्यवर्ती लंबाई के पास फ्रीबोर्ड रेखीय प्रतिपावन द्वारा प्राप्त किया जाएगा । 200 मीटर से अधिक लंबाई के पोतों के मामले में वृद्धि ऐसी संख्या में होगी जो महानिदेशक प्रत्येक मामले में निर्धारित करे ।

(9)(क) यह उप पैरा वर्ग ख के लंबाई में 100 मीटर तक के ऐसे पोतो पर लागू होगा जिस पर संलग्न अधिसंरचनाओं की प्रभावकारी कुल लंबाई पोत की लंबाई (L) के 35 प्रतिशत से अधिक न हो ।

(ख) ऐसे पोत के संबंध में उपर्युक्त उप-पैरा (1), (2) और (8) के अनुसार परिकलित फ्रीबोर्ड मूल

7.5 (100.L) (0.35 E/L) मिली मीटर के अनुसार सुनिश्चित की गई संख्या से बढ़ाया जाएगा ।

(10) जिस पोत का घनत्व गुणांक (cb) 0.68 से अधिक है उसके मामले में उपर्युक्त उप-पैरा (1) से (9) के अनुसार परिकलित फ्रीबोर्ड घटक $cb+068/1.36$ से गुणा किया जाएगा ।

(11) वर्ग 'ख' पोत का आधारभूत फ्रीबोर्ड वह है जो उप-पैरा (1) से (10) के अनुसार हो । आधारभूत फ्रीबोर्ड इस अनुसूची के पैरा 5 से 14 के अनुसार विधिवत शुद्ध किया गया परंतु पैरा 2(1) के परन्तुक के अधीन पोत को ग्रीष्म फ्रीबोर्ड नियत किया जाएगा ।

5. गहराई के लिए शुद्धि :—(1) यदि फ्रीबोर्ड की गहराई D-L/15 से अधिक हो तो फ्रीबोर्ड R (D-L/15) मिलीमीटर से बढ़ाया जाएगा जहां R लंबाई 120 मीटर से कम पर L/0.48 और 120 मीटर और उससे अधिक पर 250 है ।

(2) यदि फ्रीबोर्ड की गहराई D-L/15 से कम हो, पोत में कमी नहीं की जाएगी सिवाय कि जहां पोत जिसपर कम से कम पोत मध्य अवच्छादित करने वाली अधिसरचना जिस पर पूर्ण चौमोखा, या संलग्न भिन्न अधिसंरचनाएं और चौमोखे जो आगे पीछे विस्तारित होते हैं का संयोग हो जहां फ्रीबोर्ड उपर्युक्त उप-पैरा (1) में विहित दर से कम कर दिया जाएगा ।

(3) जहां अधिसंरचना या चौमोखों की ऊंचाई मानक ऊंचाई से कम हो, वहा वास्तविक ऊंचाई मानक ऊंचाई के अनुपात में जैसे कि निम्न पैरा 7 मे दिया गया है कम कर दी जाएगी ।

6. डेक रेखा की स्थिति के लिए शुद्धि :—यदि डेक रेखा के ऊपरी किनारे तक की वास्तविक गहराई फ्रीबोर्ड D की गहराई से अधिक या कम हो, तो अंतर यदि अधिक हो तो पोत के आधारभूत फ्रीबोर्ड में जोड़ दिया जाएगा या कम हो तो उसमे से घटा दिया जाएगा ।

मानक अधिसंरचना और शुद्धि

7. अधिसरचनाओं की मानक ऊंचाई, लंबाई और प्रभावकारी लबाई :-

(1) अधिसंरचनाओं की मानक ऊचाई निम्न सारणी के अनुसार निर्धारित की गई पोत की लबाई L के अनुसार ऊंचाई होगी

पोत की लंबाई L(मीटर)	मानक ऊंचाई (मीटर)	
	उठी छतरी	अन्य सभी अधिसंरचनाएं
30 या कम	0.90	1.80
75	1.20	1.80
125 या अधिक	1.80	2.30

पोत की मध्यवर्ती लंबाई के लिए मानक ऊंचाईयां रेखीय अन्तर्वेशन द्वारा प्राप्त की जाएगी ।

(2)(क) उप-पैरा (ख) और (ग) के अधीन, अधिसरचनाओं की लबाई, अधिसंरचना के उन भागो के मध्य लबाई होगी जो पोत (L) की लंबाई के बीच होते है ।

(ख) ऐसी बंद अधिसंरचना, जिसमें अन्य पोतभीत जो उसके अधिसरचना की बाजुओं के साथ के छेदन के परे उचित वक्र मे विस्तृत है, के मामले मे अधिसरचना (ओ) की लबाई, उसकी उप-पैरा (क) के अनुसार निर्धारित समतुल्य समतल पोत भीत के आधार पर वक्रता के आगे पीछे के विस्तार की समतुल्य समतल पोत भी भीत के आधार पर वक्रता के आगे पीछे के विस्तार की दो तिहाई मात्रा से वर्धित लंबाई मानी जाएगी :

बशर्ते कि लेखो मे ली जाने वाली वक्रता की संख्या, अधिसंरचना के वक्र छोर उसकी बाजू के साथ छेदन बिंदु के पास अधिसरचना की चौड़ाई के आधे से अधिक नहीं होगी ।

(ग) ऐसी बंद अधिसंरचना जिसमें अन्त्य पोतभीत से विस्तार, जिसका विस्तार मध्य रेखा के हर बाजू पर पोत की चौड़ाई के कम से कम 30 प्रतिशत की चौड़ाई का हो, के मामले मे अधिसंरचना (ओ) की लंबाई उप-पैरा (ख) के अनुसार समतुल्य अन्त्य पोतभीत परवलय के आकार मे जो ऐसी अधिसंरचना और उसके विस्तार में पूर्णतः समाविष्ट है मानकर निर्धारित की जाएगी ।

(3) अधिसंरचना की प्रभावकारी लबाई (E) निम्न प्रकार होगी :

(क) उप-पैरा (ग) के अधीन, मानक ऊचाई की बंद अधिसरचना के मामले में E या तो —

(i) उसकी लबाई S होगी, या

(ii) यदि अधिसंरचना पोत की बाजुओं से बनायी हो, तो उसकी लबाई S अनुपात b/Bs मे यथा संशोधित होगी, जहां b अधिसरचना की उसकी लबाई के मध्य पर की चौड़ाई है और

Bs' अधिसंरचना (ओ) की लंबाई के मध्य पर पोत की चौड़ाई है ।

बशर्ते कि यदि अधिसरचना केवल उसकी लबाई के भाग पर ही बनाई गई है, तो ऐसा संशोधन सिर्फ उस भाग पर ही लागू होगा ।

(ख) उप-पैरा (ग) के अधीन मानक ऊचाई से कम की बंद अधिसंरचना के मामले मे E अधिसंरचना की वास्तव ऊंचाई उसकी मानक ऊंचाई के अनुपात मे कम कर के उसकी लंबाई S होगा ।

(ग) उठी छतरी सहित बंद अधिसरचना के मामले में, यदि डेक अविकल अग्र पोत भीत से लगाया है, E उसकी लंबाई S अधिकतम 0.6 L तक, और यदि इस प्रकार लगाया नही है तो उठी छतरी मानक ऊंचाई से कम के पूप जैसी मानकर निर्धारित की जाएगी ।

(घ) जो अधिसंरचना, बंद अधिसरचना नही है, उसकी प्रभावकारी लंबाई नही होगी ।

8. चौमोखों की मानक ऊचाई और प्रभावकारी लबाई :—(1) चौमोखों की मानक ऊंचाई उसी प्रकार निर्धारित की जाएगी जैसे कि पैरा 7(1) के अधीन उठी छतरी से भिन्न अधिसरचना की, की जाती है ।

(2) चौमोखो की प्रभावकारी लंबाई निम्न प्रकार निर्धारित की जाएगी—

(i) चौमोखा जो उप-पैरा (3) मे बताए जैसा सक्षम चौमोखा न हो तो उसकी प्रभावकारी लबाई नही होगी :

(ii) सिवाय जैसे उप-पैरा (iii) में दिया है, सक्षम चौमोखो की प्रभावकारी लंबाई उसकी पूर्ण लंबाई उसकी मध्यवर्ती चौड़ाई और पोत की चौड़ाई B के अनुपात मे कम कर दी गई होगी।

(iii) यदि सक्षम चौमोखा की वास्तव ऊंचाई मानक ऊंचाई से कम हो, उसकी प्रभावकारी लंबाई उप-पैरा (ii) के अनुसार चौमोखों की वास्तव और मानक ऊंचाई के अनुपात मे कम करके परिकलित की जाएगी। इसके अतिरिक्त यदि पोत वर्ग ख का पोत हो और चौमोखों डेक पर फलकामुख अडवालो की ऊंचाई प्रथम अनुसूची के पैरा 8(1) या (9)(1) द्वारा अपेक्षित ऊंचाई से कम है, तो चौमोखे की वास्तव ऊंचाई से ऐसी संख्या, जो ऐसे अडवालो की वास्तव ऊंचाई और उनके लिए अपेक्षित ऊंचाई के अंतर के बराबर हो, कम कर दी जाएगी।

(3) चौमोखा सक्षम चौमोखा तब माना जाएगा जब कि वह निम्न शर्तों को पूरा करे ;

(i) यह उसी प्रकार मजबूत हो जैसे कि अधिसंरचना के अधीन सक्षम चौमोखा,

(ii) चौमोखों के मार्ग के फलके मुख चौमोखो डेक में है और फलकामुख अडवाल और आवरण प्रथम अनुसूची के पैरा 7 से 9 की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं,

(iii) फलकों के मार्ग की चौमोखी डेक तब पट्टी की चौड़ाई से संतोषजनक गलियारा और पार्श्विक दुर्नम्यता प्राप्त होती है।

(iv) चौमोखे डेक या अधिसंरचनाओं से सक्षम स्थायी गलियारे द्वारा असंबद्ध चौमोखे संबद्ध करने से प्रथम अनुसूची के पैरा 20(4)(ख) के अधीन लागू होने वाली अपेक्षाओ की पूर्ति करने वाले जंगले या बचाव तारो द्वारा लगाया गया आगे पीछे का स्थायी कार्यक्षम प्लेटफार्म है,

(v) संवातन चौमुखे, अलरोक आवरण समतुल्य द्वारा सुरक्षित किए गये है;

(vi) फ्री-बोर्ड डेक के खुले मार्गों पर चौमोखे के मार्ग मे कम से कम उनकी आधी लंबाई पर खुले जंगले या बचाव तार लगाये है :

(vii) मशीनरी चौमुखे द्वारा या कम से कम मानक ऊंचाई की सलग्न अधिसंरचना द्वारा या उसी ऊंचाई और यल के डेक पर और ऐसी अधिसरचना के लिए उचित वर्षा रूद्धता के समतुल्य सुरक्षित किए गए है,

(viii) चौमोखे की चौड़ाई कम से कम पोत की चौड़ाई की 60 प्रतिशत है,

(ix) जहा अधिसंरचना नही है वहां चौमोखे की लंबाई कम से कम 0 6 L है।

9 अधिसंरचना और चौमोखों के लिए छूट :—(1) जहा पोत की अधिसंरचनाओं और चौमोखों की प्रभावकारी लम्बाई 1.0 (L) है, वहां पोत का मूल फ्रीबोर्ड निम्नसारणी के अनुसार पोत की लंबाई के लिए उचित माता से कम कर दिया जाएगा.

सारणी

पोत की लबाई (मीटर)	फ्रीबोर्ड मे कमी मिली मीटर
24	350
85	860
122	1070

पोत की मध्यवर्ती लंबाई के लिए फ्रीबोर्ड में कमी अन्तर्वेशन द्वारा प्राप्त की जाएगी।

(2) जहां अधिसरचना और चौमोखे की प्रभावकारी लबाई 1.0 (L) से कम है वहां पोत का मूल फ्रीबोर्ड निम्न प्रकार कम कर दिया जाएगा ·

(क) वर्ग क के पोत के मामले में निम्न सारणी से प्रतिशतता निर्धारित करके जिस पोत पर सारणी मे निर्दिष्ट के अनुसार मध्यवर्ती प्रभावकारी लबाई की अधिसंरचनाएं और चौमोखे है, उस के मामले में रेखीय अन्तर्वेशन द्वारा प्राप्त की जाती है—

सारणी

वर्ग 'क' पोत के लिए छूट की प्रतिशतता

अधिसरचनाओं और चौमोखो की कुल प्रभावकारी लबाई

	0	0.1L	0.2L	0.3L	0.4L	0.5L	0.6L	0.7L	0.8L	0.9L	1.L
सभी प्रकार की अधिसरचनाओं के लिए छूट की प्रतिशतता	0	7	14	21	31	41	52	63	75.3	87.7	100

(ख) वर्ग 'ख' पोत के मामले मे, निम्न सारणी के अनुसार प्रतिशतता और उसके संलग्न (i) से (ii) के निर्देशों के अनुसार जैसे परिस्थिति के अनुसार लागू हों, जिस पोत जिसमें सारणी मे निर्दिष्ट लम्बाई के मध्यवर्ती प्रभावकारी लम्बाई के चौमोखे और अधिसचरना है, उसके मामले मे प्रतिशतता रेखीय अन्तर्वेशन द्वारा प्राप्त की जाएगी।

सारणी

अधिसंरचनाओं और चौमुखों की कुल प्रभावकारी लंबाई

रेखा	0	0.1L	0.2L	0.3L	0.4L	0.5L	0.6L	0.7L	0.8L	0.9L	1.0L
फनी वाले या विलग पुल के सिवाय पुल के पोत	10	15	10	15	23.5	3 2	46	63	75.3	87.9	100
फ्रनी और विल पुल वाले पोत	110	6 3	12.7	19	27 5	36	43	63	75 3	87 7	100

(i) जहा पुल की प्रभावकारी लम्बाई पोत मध्य के आगे 0.1 L और पीछे 0 1L से कम आच्छादित हो, वहा प्रतिशतता रेखीय अन्तर्वेशन द्वारा प्राप्त की जाएगी।

(ii) जहा फनी की प्रभावकारी लम्बाई 0.4L से अधिक है, वहां प्रतिशतता रेखा II से प्राप्त की जाएगी।

(iii) जहा फनी की प्रभावकारी लम्बाई 0.07L से कम है, वह प्रतिशतता $5 \times \frac{(0.07L - f)}{0.07L}$ से कम कर दी जाएगी।

जहा F फनी की प्रभावकारी लम्बाई है।

मानक उठान और शुद्धियां

10 उठान का माप :—(1) उठान बाजू के डेक से पोतमध्य की उठान रेखा से पठाण तक समान्तर खींची संदर्भ रेखा तक नापा जाएगा।

(2) पठाण के झुकाव सहित डिजाइन किए हुए पोतो मे, उठान डिजाईन भार जल रेखा के समांतर खींची रेखा के अनुसार नापा जाएगा।

(3) फ्लश डेक वाले और विलग अधिसंरचनाओं वाले पोतों मे उठान फ्रीबोर्ड डेक पर मापा जाएगा।

(4) अनियमित शीर्ष बाजुओं के आकार, जिसमे पेरी या शीर्ष बाजुओं मे विलगाव है, ऐसे पोतो में, उठान पोतमध्य गहराई के अनुसार निर्धारित होगी।

(5) ऐसी मानक ऊंचाई की अधिसरचना जो फ्रीबोर्ड डेक की पूरी लबाई पर विस्तृत हो, वाले पोतो मे, उठान अधिसंरचना डेक के पास नापा जाएगा। जहां ऊंचाई मानक से बढ़कर है, वास्तव और मानक ऊचाई के बीच का न्यूनतम (Z) अन्तर हर सिरे के भुजमान में जोड़ा जाएगा। उसी प्रकार हर लंब से $\frac{1}{6}L$ और $\frac{1}{3}L$ के अन्तर पर मध्यवर्ती भुजमान क्रमशः $0.444Z$ और $0.111Z$ बढ़ाया जाएगा।

(6) जहां संलग्न अधिसंरचना के डेकपर कम से कम उसी प्रकार का उठान हो जैसे कि खुले फ्रीबोर्ड डेक पर होता है तो फ्रीबोर्ड डेक के संलग्न भाग का उठान शामिल नही किया जाएगा।

(7) जहां संलग्न पूप या गलहो मानक ऊचाई की हो और फ्रीबोर्ड डेक के उठान से अधिक उठान वाला हो या मानक ऊंचाई से अधिक हो, फ्रीबोर्ड डेक उठान में पैरा 12(4) के अनुसार बढ़ोत्तरी की जाएगी।

11. मानक उठान पार्श्विका :—मानक उठान पार्श्विका का भुजमान निम्न सारणी मे किया गया है :—

	स्टेशन	भुजमान (मि० मी० मे)	घटक
पश्च	उत्तर लब	25 (L/3+10)	1
	$\frac{1}{6}$L उत्तर लब से.	11.1 (L/3+10)	3
आधा	$\frac{1}{3}$L उत्तर लंब से	2.8 (L/3+10)	3
	पोत मध्य	0	1
	पोत मध्य	0	0
	$\frac{1}{3}$L उग्र लंब से	5.6 (L/3+10)	3
अग्र	$\frac{1}{6}$L अग्र लंब से	22.2 (L/3+10)	3
आधा	अग्र लंब	50 (L/3+10)	1

12. मानक उठान पार्श्विका से विचलन का नाप :—(1) जहां उठान पार्श्विका मानक से भिन्न होती है, वहा अग्र या पश्च अर्ध मे हर पार्श्विका के चार भुजमान, भुजमान की सारणी में दिए गए यथोचित घटकों से गुणा किए जाएंगे। अपने-अपने गुणनफल के जोड़ और मानक के जोड़ के बीच का अन्तर 8 से विभाजित करके अग्र या पश्च मे उठान की कमी या अधिकता नापी जाती है। अग्र या पश्च अर्धों मे अधिकता या कमी के समांतर मध्य से उठान की अधिकता या कमी नापी जाती है।

(2) जहां उठान पार्श्विका का पश्च अर्ध मानक से बढ़कर है और अग्र अर्ध मानक से घटकर है, वहां अधिक भाग के लिए कोई क्रेडिट स्वीकार नही किया जाएगा और केवल कमी नापी जाएगी।

(3) जहां उठान पार्श्विका का अग्र अर्ध मानक उठान पार्श्विका से बढ़कर होता है और उठान पार्श्विका का पश्च अर्ध मानक उठान पार्श्विका से 75 प्रतिशत कम है, वहां अधिक भाग के लिए क्रेडिट स्वीकार किया जाएगा।

जहां उठान पार्श्विका का पश्च अर्ध मानक उठान पार्श्विका के 50 प्रतिशत से कम है वहां अधिक अग्र उठान के लिए कोई क्रेडिट नही दिया जाएगा।

जहां उठान पश्च अर्ध में मानक उठान पार्श्विका के 50 प्रतिशत और 75 प्रतिशत के बीच है, वहां अधिक अग्र उठान के लिए मध्यवर्ती छूट दी जाएगी।

(4) जहा पूप या गलहो के लिए उठान क्रेडिट दिया जाता है वहा निम्न सूत्र का उपयोग किया जाएगा :

$$S = \frac{Y}{3} \frac{L'}{\alpha}$$

जहा S = उठान क्रेडिट जो उठान की न्यूनता से घटाया जाता है या उठान की अधिकता में जोड दिया जाता है।

Y = अग्र और पश्च लंब के पास अधिसंरचना की वास्तव और मानक ऊंचाई के बीच का अन्तर।

L' = पूप या गलहो की मध्य संलग्न लबाई जो अधिकतम 0.5L की लम्बाई तक की हो।

उपर्युक्त सूत्र फ्रीबोर्ड डेक के पास वास्तव उठान वक्र को स्पर्शीय परवलय के रूप मे मान लेता है और वह अधिसंरचना डेक के नीचे ऐसे बिन्दु पर जहा अधिसरचना को मानक ऊंचाई के सम दूरी हो, अन्त्य भुजमान को काटता है। अधिसंरचना डेक वक्र के ऊपर किसी भी बिन्दु पर मानक ऊचाई से कम नही होगा। यह वक्र पोत के अग्र और पश्च अर्धों के लिए उठान पार्श्विका निर्धारित करते समय उपयोग मे लाया जाएगा।

13. मानक उठान से विचलनों के लिए शुद्धि :—(1) उठान के लिए शुद्धि होगी पैरा 12 के द्वारा निर्धारित न्यूनता या अधिकता—

$$\text{गुणा} \times \left(0.75 - \frac{S}{2L}\right)$$

(2) जहा उठान मानक से कम है, उठान की न्यूनता के लिए शुद्धि उप-पैरा (1) के अनुसार निर्धारित करके पोत के मूल फ्रीबोर्ड में जोड दी जाएगी।

(3) उप-पैरा (4) के अधीन उठान की अधिकता होने वाले पोत के मामले में :

(क) यदि संलग्न अधिसंरचना पोतमध्य के आगे (0.1)L और पीछे (0.1)L विस्तृत हो तो उठान की अधिकता के लिए उप-पैरा (1) के अनुसार निर्धारित शुद्धि पोत के मूल फ्रीबोर्ड से कम की जाएगी।

(ख) यदि पोतमध्य पर कोई संलग्न अधिसरचना न हो तो पोत के मूल फ्रीबोर्ड से कोई कमी नही की जाएगी।

(ग) यदि सलग्न अधिसंरचना पोत मध्य के आगे (0.1) और पीछे (0.1)L से कम विस्तृत हो, तो उठान की अधिकता के लिए उप-पैरा (1) के अनुसार निर्धारित शुद्धि (0.2)L पोत मध्यो की सख्या जो (0.2)L तक अधिसंरचना द्वारा आच्छादित हो, के अनुपात में परिवर्तित की जाएगी।

(4) उठान अधिकता के लिए अधिकतम कमी लम्बाई के 125 मिलीमीटर प्रति 100 मीटर लम्बाई (L) की दर से होगी।

14. न्यूनतम मंदान ऊंचाई के लिए शुद्धि :—(1) पोत की मंदान ऊचाई डिजाइन नति के पास पोत की ग्रीष्म भार जल रेखा और बाजू के पास खुले डेक के शीर्ष के बीच मे अग्र लंब के पास का उर्ध्वाधर अन्तर है जो निम्न प्रकार निश्चित की जाती है।

(क) जहां मंदान ऊचाई उठान को समाविष्ट करके प्राप्त की जाती है, वहा उठान पोत की लम्बाई (L) अग्र लम्ब से नापित कम से कम 15 प्रतिशत तक विस्तारित होगा।

(ख) जहा मदान ऊंचाई अधिसंरचना की ऊंचाई को समाविष्ट करके प्राप्त की जाती है वहां ऐसी अधिसरचना .

(i) मंदान से पोत की अग्र लंब से नापित कम से कम 0.07 लबाई (L) बिन्दु तक विस्तारित हो,

(ii) यदि पोत की लंबाई (L) 100 मीटर या कम हो, तब सलग्न अधिसंरचना होगी, और

(iii) यदि पोत की लंबाई (L) में 100 मीटर से अधिक होती है, बन्द करने में संतोषजनक बन्द करने के उपकरण लगाए जाते हैं।

(2) पोत की न्यूनतम मंदान ऊंचाई लंबाई (L) में 250 मीटर से कम लंबाई के पोत के मामले में सूत्र 1 से और 250 मीटर या उससे अधिक लंबाई (L) के पोत के मामले में सूत्र 2 से ली जाएगी :

सूत्र 1

$$56L\left(1-\frac{L}{500}\right)\frac{(1.36)}{c\ b\ 0.68}\ \text{मिली मीटर}$$

सूत्र-2

$$700^{\circ}\frac{(1.36)}{c\ b\ 0.68}\ \text{मिली मीटर}$$

बशर्ते कि 65 मीटर या उससे कम लंबाई के टग से भिन्न पोत जो पत्तन या पोताश्रय के पास लगा हो और पोत से किनारे तक की सेवा में लगाया गया है, के मामले में मंदान ऊंचाई सूत्र 1 से प्राप्त की जाएगी, पर इसमें अंक 56 के स्थान पर अंक 40 कर दिया जाएगा।

(3) जहां पोत की मंदान ऊंचाई पोत की यथोचित न्यूनतम मंदान ऊंचाई से कम हो, वहां पिछले पैरों के अनुसार फ्री-बोर्ड मंदान ऊंचाई और न्यूनतम मंदान ऊंचाई के बीच के अन्तर के बराबर की संख्या से बढ़ाई जाएगी।

(क) परन्तु तथापि ऐसे पोत के मामले में जो अपवादात्मक प्रचालन आवश्यकताओं को निभाने के लिए निर्मित है, इस उप-पैरा के अनुसार की जाने वाली शुद्धियां कम कर दी जाएंगी या छूट दे दी जाएगी यदि नौवहन महानिदेशक संतुष्ट है कि पोत के सेवाकाल में खराब समुद्र और मौसम की हालत के परिणामस्वरूप पोत की सुरक्षा क्षीण नहीं होगी।

(ख) जहां विद्यमान पोत इस प्रकार पुनर्निर्मित है कि वह नये पोत को लागू होने वाली प्रथम अनुसूची के समनुदेशन की सभी शर्तों को पूरा करे परन्तु उस पर

(i) गलही की लम्बाई (0.07) L से कम हो और/या

(ii) उठान पोत की अग्र लंब से नापित लंबाई के 15 प्रतिशत से कम तक विस्तृत हो।

पिछले पैरे के अनुसार पोत के लिए निर्धारित फ्री-बोर्ड प्रत्येक मामले में नौवहन महानिदेशक द्वारा अनुमोदित मात्रा से बढ़ाया जाएगा।

भाग III

प्रकाष्ठ फ्री-बोर्ड

15. **ग्रीष्म काष्ठ फ्री-बोर्ड**:—(1) उप-पैरा (1) पैरा (4) के (2) के और 9 से 10, जो इस अनुसूची के पैरा 5 से 8 तक के उपबन्धों के अनुसार यथा आवश्यक शुद्धिकृत हैं के अधीन पोत के लिए उचित फ्री-बोर्ड निश्चित किया जाएगा।

(2) अधिसंरचनाओं की प्रभावकारी लंबाई के लिए कमी पैरा 9(1) और 9(2) (ख) के अनुसार उप-पैरा (1) की मान्यता से प्राप्त किए फ्री-बोर्ड से की जाएगी, परन्तु सारणी वर्ग 'ख' पोतों के लिए कमी की प्रतिशतता के बदले निम्न सारणी का उपयोग किया जाएगा।

सभी प्रकार की अधिसंरचना के लिए कमी की प्रतिशतता	अधिसंरचनाओं की कुल प्रभावकारी लंबाई									
	0	0.1L	0.2L	0.3L	0.4L	0.5L	0.6L	0.7L	0.8L	0.9L	0.10L
	20	31	42	53	64	70	76	82	88	94	100

अधिसंरचनाओं की मध्यवर्ती लंबाइयों के पास की प्रतिशतताएं रेखीय अन्तर्वेशन द्वारा प्राप्त की जाएंगी :

(3) पूर्ववर्ती-उपपैरों के अनुसरण में अभी तक प्राप्त फ्री-बोर्ड तदनन्तर इस अनुसूची के पैरा 10 से 13 तक के अनुसार शुद्ध किए जाएंगे और इस प्रकार शुद्ध किए फ्री-बोर्ड पोत को समनुदेशित किए जाने वाले ग्रीष्म काष्ठ फ्री-बोर्ड होंगे।

16. **अन्य काष्ठ फ्री-बोर्ड**: (1) शीत काष्ठ फ्री-बोर्ड ग्रीष्म काष्ठ फ्री-बोर्ड में पोत के ग्रीष्म काष्ठ डुबाव का एक बटा छत्तीस (1/36) जोड़ कर प्राप्त किया जाएगा

(2) शीत उत्तर अटलांटिक काष्ठ फ्री-बोर्ड वैसा ही होगा जैसा कि पोत के शीत उत्तर अटलांटिक फ्री-बोर्ड समनुदेशित किया है।

(3) उष्ण कटिबंधीय काष्ठ फ्री-बोर्ड ग्रीष्म काष्ठ फ्री-बोर्ड से पोत के ग्रीष्म काष्ठ का एक बटा अड़तालीस (1/48) कम करके प्राप्त किया जाएगा।

(1) (क) मीठा पानी काष्ठ फ्री-बोर्ड, उप-पैरा (ख) के अधीन ग्रीष्म काष्ठ फ्री-बोर्ड से मात्रा $\frac{\triangle}{41}$ मिलीमीटर कम करके प्राप्त किया जाएगा।

जहां △ जलरेखा के पास लवण जल से मेट्रिक टन में विस्थापन तब होगा जब भार रेखाएं पोत की बाजू पर ग्रीष्म काष्ठ भार रेखा के अनुरूप खींची हों, और

उस जल रेखा के पास लवण जल में प्रत्येक सेंटीमीटर निमज्जन के मेट्रिक टन का प्रति सूचक है।

(ख) किसी भी मामले में जिसमें उस जलरेखा के पास विस्थापन निश्चित नहीं किया जाता, कमी पोत के डुबाव के ग्रीष्म काष्ठ डुबाव के एक बटे अड़तालीस (1/48) होगी।

भाग IV

अन्य पोतों के लिए फ्री-बोर्ड

16. **टग** :—टगों के लिए समनुदेशित किए जाने वाले फ्री-बोर्ड वह फ्री-बोर्ड होंगे जो इस अनुसूची के भाग II के उपबन्धों के अनुसार निर्धारित ऐसी संख्याओं से बढ़ाए जाएंगे जो हर मामले में नौवहन महानिदेशक निर्देशित करे।

17. **बिना कर्मीदल के बार्जे** :—बिना कर्मीदल के बार्जे जिनके फ्री-बोर्ड डेक पर इस्पात के जलरोक गास्केट ढक्कनों द्वारा बन्द किए केवल छोटे प्रवेश मुख हों उनके लिए समनुदेशित किए जाने वाले फ्री-बोर्ड वह फ्री-बोर्ड होंगे जो इस अनुसूची के भाग II के उपबन्धों के अनुसार पैरा 4 को छोड़कर निर्धारित किए गए हों।

18. **विशेष निर्माण लक्षण के पोत** :—विशेष निर्माण लक्षण के पोतों के लिए समनुदेशित किए जाने वाले फ्री-बोर्ड जैसे कि इस अनुसूची के अन्य भागों के अनुसार परिकलित किए फ्री-बोर्ड अनुचित या अव्यवहार्य हों, तो विशेषरूप से हर विशिष्ट मामले में नौवहन महानिदेशक द्वारा निर्धारित किए जाएंगे।

19. **न्यूनतम फ्री-बोर्ड से कम के फ्री-बोर्ड समनुदेशित करने की शर्तें** :—नौवहन महानिदेशक 150 मि०मी० (6 इंच) के न्यूनतम फ्री-बोर्ड और निम्न शर्तों के अधीन 5/8 (सारणी ख), 1/2 (सारणी ख-60) या 1/2 (सारणी

29,100) तक कम किए फ्री-बोर्ड के समनुदेशित करने के लिए प्राप्त आवेदनपत्र पर विचार करेंगे, अर्थात् :—

(क) पोत का बल जहां डुबाव से कम किया हुआ फ्री-बोर्ड सम्बद्ध है वहां पर्याप्त हो ।

(ख) पोत "हापर" वर्ग का हो अर्थात् खोल में तल दरवाजे लगाए गए हों या ऐसे ही अन्य साधन जो माल को समुद्र की सभी हालतों और आपत्काल में तुरन्त फेंक देने में क्षम हों लगाए गए हों । पोत पर माल विमुक्त करने की व्यवस्थाओं के लिए समनुदेशित फ्री-बोर्ड जो 5/8 (सारणी ख) से कम है, 4 मिनट में पर्याप्त माल फेंक देने में निम्न उप पैरा (झ) की अपेक्षाओं की पूर्ति करने में समर्थ हों । हर मामले में व्यवस्थाओं के ब्यौरे परीक्षण तथा अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किये जाने चाहिये ।

(ग) प्रचालनात्मक सीमाएं सामान्यतः भू-भाग से 10 मीलों से अधिक न हों ।

(घ) अधिकल स्थिरता मापदंड, जैसे इस अनुसूची के भाग 1 में निर्दिष्ट है, प्रस्तावित कम किए हुए फ्री-बोर्ड के पास प्राप्त किया जाएगा ।

(ङ) (1) जब 1/2 (सारणी ख-60) के बराबर फ्री-बोर्ड समनुदेशित किया जाता है, तब पोत क्षति पहुंचने के बाद इस अनुसूची के भाग II के पैरा 4(3)(ङ) में निर्दिष्ट रीति से द्वितीय अनुसूची के भाग II के पैरा 4(6) में वर्णित किसी भी कक्ष (इंजन कक्ष से समाविशिष्टतः) की पूरी सीमा तक उत्तरजीवी होने में सक्षम हो ।

(2) जब 1/2 (सारणी ख-100) के बराबर फ्री-बोर्ड समनुदेशित होता है, तब पोत क्षति पहुंचने के बाद द्वितीय अनुसूची के भाग II के पैरा 4(5)(क) में निर्दिष्ट रीति से द्वितीय अनुसूची के भाग II के पैरा 4 (7) (क), 4(7)(ख) और 4(7)(ग) में वर्णित इंजन कक्ष या किन्हीं अन्य दो आगे/पीछे के संलग्न कक्षों की पूरी सीमा तक उत्तरजीवी होने में सक्षम हों ।

नोट :—क्षति स्थिरता परिकलनों में यह गृहीत किया जाए कि टक्कर के पश्चात् माल का एक अनुपात तत्काल उतारने मे सक्षम हों बशर्ते माल विमुक्ति की व्यवस्थाएं इस तरह डिजायन हों कि वे पोत के कुल गृहीत क्षति हो जाने के पश्चात् परिचालित रहें—

(च) डुबाव सूचक, 1/2 (ख-60) या कम के फ्री-बोर्डों के पोतों मे लगे होंगे ।

(छ) पोत पार्श्वों पर विशेष कार्यकारी भार रेखा चिन्ह, ऐसे मामलों में 762 मिलीमीटर डिस्क/पिछले साकेतिक चिन्हों के साथ लाल रंग मे अंकित होगा ।

20. **लम्बाई में 24 मीटर से 100 मीटर के विक्रमाल पोत** :—24 से 100 मीटर की लम्बाई वाले पोतो को, पोत और तट के मध्य या भारतीय तटों के मध्य देशी जलयात्राओं के लिए सेवा में आबद्ध निकर्षण पोतों हापरों, बजरों, कर्षनावो और जलयानो को बन्दरगाह अनुरक्षण में आबद्ध भारतीय वाणिज्य पोत परिवहन (भार रेखा) नियम, 1934, के अधीन समनुदेशित फ्री-बोर्ड जारी रखे जाएं, बशर्ते कि—

(1) समनुदेशक की शर्तें, फलक विशेषतर वह जो बन्द करने के उपकरणों से संबंधी है, जहां तक उचित और व्यवहार्य हो, इस नियमों की अपेक्षिताओं तक लाई जाएं ।

(2) इन नियमों की शर्तों के अनुसार ज्यामितीय फ्री-बोर्डों मे कमी के बराबर कमी ग्रीष्म डुबाव में नही की जाती है ।

21. **लंबाई में 60 मीटर के नीचे के न्यूनतम लवान ऊंचाई के तटीय पोत** :—भारत के तट व्यापार में आबद्ध ऐसे पोत जो लम्बाई में 60 मीटर से कम हों, इस अवधि के दौरान जलयात्रा निष्पादन करते समय जो भूमि के समीपस्थ 20 मील से अधिक दूरी पर न हो उनकी न्यूनतम मैदान की ऊंचाई सारणीबद्ध फ्री-बोर्ड पर और पोत को प्रोज्य आगल लंब उठान स्तर के योग से कम नहीं होगी ।

परन्तु अपवादात्मक परिचालन की अपेक्षाएं होने पर नौवहन महानिदेशक मैदान की न्यूनतम ऊंचाई की शर्त हटा सकता है ।

भाग V

सारणी बद्ध फ्री-बोर्ड

इस अनुसूची के भाग 1 पैरा 1 के उप-पैरा 1(3) में उल्लिखित फ्री-बोर्ड

सारणी क

सारणी क

वर्ग क के पोतों के लिए फ्री-बोर्ड सारणी

पोत की लंबाई (मी०)	फ्री-बोर्ड (मि०मी०)	पोत की लम्बाई (मी०)	फ्री-बोर्ड (मि०मी०)	पोत की लम्बाई (मी०)	फ्री-बोर्ड (मि०मी०)
1	2	1	2	1	2
24	200	64	626	104	1196
25	208	65	639	105	1212
26	217	66	653	106	1228
27	225	67	666	107	1244
28	233	68	680	108	1260
29	242	69	693	109	1276
30	250	70	706	110	1293
31	258	71	720	111	1309
32	267	72	733	112	1326
33	275	73	746	113	1342
34	283	74	760	114	1359
35	292	75	773	115	1376
36	300	76	786	116	1392
37	308	77	800	117	1409
38	316	78	814	118	1426
39	325	79	828	119	1442
40	334	80	841	120	1459
41	344	81	855	121	1476
42	354	82	869	122	1494
43	364	83	883	123	1511
44	374	84	897	124	1528
45	385	85	911	125	1546
46	396	86	926	126	1563
47	408	87	940	127	1580
48	420	88	955	128	1598
49	432	89	969	129	1615
50	443	90	984	130	1632
51	455	91	999	131	1650
52	467	92	1014	132	1667
53	478	93	1029	133	1684
54	490	94	1044	134	1702
55	503	95	1059	135	1719
56	516	96	1074	136	1736
57	530	97	1089	137	1753
58	544	98	1105	138	1770
59	559	99	1120	139	1787
60	573	100	1135	140	1803
61	587	101	1151	141	1820
62	600	102	1166	142	1837
63	613	103	1181	143	1853

1	2	1	2	1	2
144	1870	199	2602	254	3046
145	1886	200	2612	255	3042
146	1903	201	2622	256	3048
147	1919	202	2632	257	3054
148	1935	203	2641	258	3060
149	1952	204	2650	259	3066
150	1968	205	2659	260	3072
151	1984	206	2669	261	3078
152	2000	207	2678	262	3084
153	2016	208	2687	263	3089
154	2032	209	2696	264	3095
155	2048	210	2705	265	3101
156	2064	211	2714	266	3106
157	2080	212	2723	267	3112
158	2096	213	2732	268	3117
159	2111	214	2741	269	3123
160	2126	215	2749	270	3128
161	2141	216	2758	271	3133
162	2155	217	2767	272	3138
163	2169	218	2775	273	3143
164	2181	219	2781	274	3145
165	2198	220	2792	275	3153
166	2212	221	2801	276	3158
167	2226	222	2809	277	3163
168	2240	223	2817	278	3167
169	2254	224	2825	279	3172
170	2268	225	2833	280	3177
171	2281	226	2841	281	3181
172	2294	227	2849	282	3185
173	2307	228	2857	283	3189
174	2320	229	2865	284	3194
175	2332	230	2872	285	3198
176	2345	231	2880	286	3202
177	2357	232	2888	287	3207
178	2369	233	2895	288	3211
179	2381	234	2903	289	3215
180	2393	235	2910	290	3220
181	2405	236	2918	291	3224
182	2416	237	2925	292	3228
183	2428	238	2932	293	3233
184	2440	239	2939	294	3237
185	2451	240	2946	295	3241
186	2466	241	2953	296	3246
187	2474	242	2959	297	3250
188	2486	243	2966	298	3254
189	2497	244	2973	299	3258
190	2508	245	2979	300	3262
191	2519	246	2986	301	3266
192	2530	247	2997	302	3270
193	2541	248	3000	303	3274
194	2552	249	3006	304	3278
195	2562	250	3012	305	3281
196	2572	251	3018	306	3285
197	2582	252	3024	307	3288
198	2592	253	3030	308	3292

1	2	1	2	1	2
309	3295	331	3361	353	3417
310	3298	332	3363	354	3411
311	3302	333	3366	355	3416
312	3305	334	3368	356	3418
313	0	335	3371	357	3420
314	3312	336	3373	358	3422
315	3315	337	3375	359	3423
316	3319	338	3378	360	3425
317	3322	339	3380	361	3427
318	3325	340	3382	362	3428
319	3328	341	3385	363	3430
320	3331	342	3387	364	3432
321	3334	343	3389	365	3433
322	3337	344	3392		
323	3339	345	3391		
324	3342	346	3396		
325	3345	347	3399		
326	3347	348	3401		
327	3350	349	3403		
328	3353	350	3406		
329	3355	351	3408		
330	3358	352	3410		

पोत की मध्यवर्ती लम्बाई पर फ्री बोर्ड अनुरेखा अन्तर्वेशन द्वारा प्राप्त किया जाएगा ।

इस अनुसूची के भाग I के पैरा 1 के पैरा (3) में उल्लिखित फ्री-बोर्ड सारणी—ख

सारणी ख

वर्ग ख के पोतों के लिए फ्री बोर्ड सारणी

पोत की लम्बाई (मी०)	फ्री बोर्ड (मि०मी०)	पोत की लम्बाई (मी०)	फ्री बोर्ड (मि०मी०)	पोत की लम्बाई (मी०)	फ्री बोर्ड (मि०मी०)
1	2	1	2	1	2
21	200	41	314	58	544
25	208	42	355	59	559
26	217	43	364	60	573
27	225	44	374	61	587
28	233	45	385	62	601
29	242	46	396	63	515
30	250	47	408	64	629
31	258	48	420	65	644
32	267	49	432	66	659
33	275	50	443	67	674
34	283	51	455	68	689
35	292	52	467	69	705
36	300	53	478	70	721
37	308	54	490	71	738
38	316	55	503	72	754
39	325	56	506	73	769
40	334	57	530	74	784

1	2	1	2	1	2
75	800	131	1921	187	3044
76	816	132	1940	188	3062
77	833	133	1959	189	3080
78	850	134	1979	190	3098
79	868	135	2000	191	3116
80	887	136	2021	192	3134
81	905	137	2023	193	3151
82	923	138	2065	194	3167
83	942	139	2087	195	3185
84	960	140	2109	196	3202
85	978	141	2130	197	3219
86	996	142	2151	198	3235
87	1015	143	2171	199	3249
88	1034	144	2190	200	3264
89	1054	145	2209	201	3280
90	1075	146	2229	202	3296
91	1096	147	2250	203	3313
92	1116	148	2271	204	3330
93	1135	149	2293	205	3347
94	1154	150	2315	206	3363
95	1172	151	2334	207	3380
96	1190	152	2354	208	3397
97	1209	153	2375	209	3413
98	1229	154	2396	210	3430
99	1250	155	2418	211	3445
100	1271	156	2440	212	3460
101	1293	157	2450	213	3475
102	1315	158	2460	214	3490
103	1337	159	2500	215	3505
104	1369	160	2520	216	3520
105	1380	161	2540	217	3537
106	1401	162	2560	218	3554
107	1421	163	2580	219	3570
108	1440	164	2600	220	3586
109	1459	165	2620	221	3601
110	1479	166	2640	222	3615
111	1500	167	2660	223	3630
112	1521	168	2680	224	3645
113	1543	169	2698	225	3660
114	1565	170	2716	226	3675
115	1587	171	2735	227	3690
116	1609	172	2754	228	3705
117	1630	173	2774	229	3720
118	1651	174	2795	230	3735
119	1671	175	2815	231	3750
120	1690	176	2835	232	3765
121	1709	177	2855	233	3780
122	1729	178	2875	234	3795
123	1750	179	2895	235	3808
124	1771	180	2915	236	3821
125	1793	181	2933	237	3885
126	1815	182	2952	238	3849
127	1837	183	2970	239	3864
128	1895	184	2988	240	3880
129	1880	185	3007	241	3893
130	1901	186	3025	242	3900
243	3920	283	4432	323	4878
244	3944	284	4443	324	4890
245	3949	285	4455	325	4899
246	3965	286	4467	326	4909
247	3978	287	4478	327	4920
248	3992	288	4490	328	4931
249	4005	289	4502	329	4943
250	4018	290	4514	330	4955
251	4032	291	4525	331	4965
252	4045	292	4537	332	3975
253	4058	293	4548	333	4985
254	4072	294	4560	334	4995
255	4085	295	4572	335	5005
256	4098	296	4583	336	5015
257	4122	297	4595	337	5025
258	4125	298	4607	338	4035
259	4139	299	4618	339	5045
260	4152	300	4630	340	5055
261	4165	301	4642	341	5065
262	4177	302	4654	341	5075
263	4189	303	4665	343	5086
264	4201	304	4676	344	5097
265	4214	305	4686	345	5108
266	4227	306	4695	346	5110
267	4240	307	4704	347	5130
268	4252	308	4714	348	5140
269	4264	309	4725	349	5150
270	4276	310	4736	350	5160
271	4289	311	4748	351	5170
272	4302	312	4757	352	5180
273	4315	313	4768	353	5190
274	4327	314	4779	354	5200
275	4339	315	4790	355	5210
276	4350	316	4800	356	5220
277	4362	317	4812	357	5230
278	4373	318	4823	358	5240
279	4385	319	4834	359	5250
280	4397	320	4844	360	5260
281	4408	321	4855	361	5268
282	4420	322	4866	362	5276
				363	5285
				364	5294
				365	5303

पोत की अध्यवर्ती लम्बाई पर फीमोर्ड अनुरेखा अन्तर्वेशन द्वारा प्राप्त किया जायेगा।

तृतीय अनुसूची

(नियम 4, 5, 6, 7, 9, 29, 31, देखें)

स्थिरता और लदान

भाग I

स्थिरता का मापदण्ड

1 पोत की स्थिरता सभी अभीष्ट लदान स्थितियों में सभी डुबावों पर पर्याप्त होगी । उपर्युक्त फ्री बोर्ड चिन्ह निमज्जन नहीं होने चाहिये । जब तक पोत की विशिष्ट डिजाइन और सेवा की शर्तों को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार द्वारा अन्यथा आवश्यक न हो, निम्नलिखित मानदण्डों का पालन करने पर पोत की स्थिरता संतोषजनक मानी जाएगी ।

(I) स्थिरक बलमाप (जी जैड) वक्र के अधीन क्षेत्र निम्नलिखित से कम न होगा

(क) 0 055 मीटर 40 अंश हील के कोण तक रेडियन,

(ख) 0 09 मीटर 40 अंश या कम हो तो क्यू एफ कोण के रेडियन । कोण क्यू एफ वह कोण है जिस पर किसी खोल अर्धसंरचनाओं या डेक घरों के द्वारों का निचला भाग पानी में डूब जाए, क्योंकि इन स्थानों के द्वारा मौसमरुद्ध बंद नहीं किए जा सकते और इनसे लगातार पानी आने की संभावना है ।

(ग) 0 03 मीटर हील के 30 और 40 अंश के कोणों के बीच और यदि ओ एफ 40 अंश से कम हो तो 30 और ओ एफ अंशों के बीच रेडियन

(II) स्थिरक बल माप (जी जैड) 30 या उससे अधिक अंश के हील कोण पर कम से कम 0. 20 मीटर होगा ।

(III) अधिकतम स्थिरक बल माप (जी जैड) कम से कम 30 अंश के हील के कोण पर होना चाहिये ।

(IV) प्रारम्भिक अनुप्रस्थ-बलकेन्द्री ऊंचाई 0 15 मीटर से कम नहीं होगी ।

2 केन्द्रीय सरकार, काष्ठ डेक माल पोत को माल भरण परिस्थितियों, रस्सी और अन्य सेवा स्थितियों पर पूरी तरह विचार करने के बाद पिछले पैरामों दिये गए स्थिरता मानदण्डों से कम मानदण्डों का पालन करने की अनुमति दे सकती है ।

3. उक्त पैरे 1 और 2 के उपबन्धों का पालन करने के अलावा पोत कप्तान को नौचालन, मालभरण और रस्सियों आदि के संबंध में विवेक और पूर्वोपाय का उचित उपयोग भी करना चाहिए

4 कोई पोत पैरा 1 और 2 में दिये गये स्थिरता मानदण्डों का पालन करता है या नहीं, इसका निर्धारण करने के लिये स्थिरता आकड़े उस पोत के झुकाव परीक्षण पर आधारित होंगे जैसा कि इस नियमावली के नियम 31 में दिया गया है, जब तक कि इस नियम से छूट न दी गई हो ।

भाग II

स्थिरता और लदान की शर्तें

इस अनुसूची के भाग 1 में दिए गए स्थिरता मानदण्डों का पालन करने के लिये कम से कम निम्नलिखित लदान और नीरम शर्तों वाले स्थिरता लक्षणों की बकायदा जांच की जाए ।

(1) प्रकाश शर्तें यदि पोत पर स्थाई नीरम हो तो प्रकाश शर्तें में दो शर्तें अर्थात (1) ऐसे नीरम सहित प्रकाश शर्तें (2) ऐसे नीरम के बिना प्रकाश शर्तें, सम्मिलित होना चाहिए ।

(2) नीरम शर्तें · इनमें भी दो शर्तों अर्थात (1) सारी सामग्री, मीठा पानी, ईंधन और अन्य उपभोज्य सामग्री सहित पर माल के बिना नीरम प्रस्थान शर्तें और केवल दस प्रतिशत सामग्री, (2) मीठा पानी, ईंधन और अन्य उपभोज्य सामग्री सहित नीरम आगमन शर्तें ।

(3) मानक लदान शर्तें : इनमें निम्नलिखित शामिल होनी चाहिए (1) ग्रीष्म भार रेखा तक लदे पोत की प्रस्थान शर्तें इस पोत में माल के लिए उपलब्ध सभी स्थानों में एक जैसा माल भरा हो, सिवाय ऐसे स्थानों के जहां यह उपयुक्त न हो, उदाहरण के लिए इस पोत के माल स्थानों के मामले में जो मात्र वाहनों और कंटेनरों को जाने के लिए प्रयोग में लाया जाना हो (2) इसी तरह से लदे पोत की आगमन शर्त लेकिन केवल 10 प्रतिशत भण्डार, ईंधन और अन्य उपभोज्य भण्डार, सहित मीठापानी ।

(4) संबंधित लदान शर्तें इनमें अतिरिक्त लदान शर्तों की प्रस्थान और आगमन शर्तें शामिल होनी चाहिए जिनके लिये पोत का डिजाइन बनाया गया है या जो सेवा शर्तें पोत स्वामियों द्वारा वांछित है ।

6 (1) यात्री पोतों के लिये यात्रियों की संपूर्ण संख्या और उनका सामान उक्त पैरा 5 की (2) से (4) की शर्तों में सम्मिलित करना चाहिए ।

(2) यात्री पोतों में यात्रियों के चलने फिरने के प्रभाव का और पोत की मुड़ते समय युक्तिचालन के दौरान नीति का पोत की स्थिरता पर प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए यथावत् परीक्षण किया जाएगा,

भाग III

स्थिरता गणना के रूप और पद्धति

7. स्थिरता और लदान से संबंधित इन नियमों के भाग VI के प्रयोजन के लिए स्थिरता गणनाओं की पद्धति और स्थिरता पुस्तिका का रूप जहां तक व्यवहार्य हो, निम्नलिखित पैरा के अनुसार होना चाहिए ।

8 स्थिता पुस्तिका में निम्नलिखित विवरण शामिल होना चाहिए –

(1) स्थिरता के आरम्भ में, पोत का नाम, अधिकारिक संख्या, रजिस्ट्री पत्तन, सकल और रजिस्टर टनभार, मुख्य परिमाप, विस्थापन, ग्रीष्म भार रेखा तक कुल भार और डुबाव उपयुक्त रूप से दिए जाए ।

(2) पोत की पार्श्व आकृति, और यदि व्यवहार्य हो, पैमाने के अनुसार बनाई गई मानचित्र आकृति जिसमें नाम के साथ सभी मुख्य कक्षों, टंकियों, भण्डारकक्षों और आवास जगहों की रूप रेखा दी गई हो ।

(3) माल, ईंधन, भण्डार, बायलर पानी, मीठा पानी और जल नीरम के लिए उपलब्ध कक्षों की क्षमता और उनके खड़े और अनुदैर्घ्य गुरुत्व केन्द्रों की स्थिति वाहन फैरी के मामले में, जिन कक्षों में वाहन ले जाए जाते है, उनका खड़ा गुरुत्व केन्द्र गाड़ियों के अनुमानित गुरुत्व केन्द्रों पर आधारित होगा न कि कक्षों के आयतनिक केन्द्रों पर ।

(4) (क) यात्रियों और उनके सामान और (ख) कर्मीदल और उनके सामान का कुल अनुमानित भार और ऐसे प्रत्येक कुल भार के गुरुत्व केन्द्र (अनुदैर्घ्य और खड़े) ऐसे गुरुत्व केन्द्र ज्ञात करने के लिये यात्रियों और कर्मीदल को पोत पर उन जगहों पर वितरित माना जाएगा जो जगहें वे सामान्यतः घेरेंगे, इनमें वे सबसे ऊंचे डेक भी शामिल है जहां दोनों या दोनों में से कोई एक जा सकता है ।

(5) पोत खुले डेक पर उचित रीति से अधिक से अधिक जितना डेक माल ले जा सकता है, उसका अनुमानित भार, विन्यास और गुरुत्व केन्द्र ऐसे डेक माल के मामले में जिसकी पानी सोखने की संभावना है, अनुमानित वजन में ऐसे सोखे जा सकने वाले और आगमन शर्तों में स्वीकार्य

पानी का अनुमानित भार शामिल होगा, काष्ट डेक माल के मामलो में यह भार 15 प्रतिशत माना जाएगा

(6) पोत मे ऐसी टंकियो के अवाध तल का स्थिरता पर प्रभाव जिन पर द्रव्यों को लेजाया जाए और अवाध चल प्रभाव के लिये चल केन्द्री ऊंचाई किस प्रकार ठीक की जाए, इसका उदाहरण ।

9 स्थिरता पुस्तिका मे निम्नलिखित आरेख या उसके स्थान पर अनुमोदित सारणीबद्ध विवरण दिए जाएं :—

(1) कुल भार विस्थापन स्केल का आरेख, जिसमे भाररेखा चिन्ह तदनुरूपी फ्री बोर्डों, विस्थापन हर सेंटीमीटर निमज्जन, मीटरटन के साथ भार रेखा, चिन्ह और भार रेखा और हलकी स्थिति मे पोत की जल रेखा और गहनतम भार रेखा सूचक जल रेखा के बीच माध्य डुबावो के अनुरूप कुल भार टन ।

(2) पोत मे द्रव-स्थैतिक विवरणों की आरेख या सारणीबद्ध विवरण—इसमे हलकी स्थिति मे पोत की जल रेखा और गहनतम भार रेखा सूचक जल रेखा के बीच माध्य डुबावो की श्रृंखला के लिये निम्नलिखित शामिल होगे.—

(1) आधार रेखा के ऊपर अनुदैर्ध्य और अनुप्रस्थबलकेन्द्री की ऊंचाई,

(2) उत्प्लावकता केन्द्र दोनो ऊर्ध्वाधर और अनुदैर्ध्य की स्थितियां,

(3) प्लवन के अनुदैर्ध्य केन्द्रो की स्थितिया,

(4) एक सेंटीमीटर नति बदलने को घुर्ण का मान,

(5) आड़ी-काट क्षेत्र (बोनजियन वक्र) और जलस्तर क्षेत्र के मान ।

जह सारणीबद्ध विवरण प्रयुक्त हो वहा ऐसे डुबावो के मध्य अन्तराल काफी करीब होंगे ताकि सही अन्तर्वेशन हो सके । झुकने वाले पठाण के पोत के मामले मे, उत्प्लावकता और चल केन्द्रो की ऊंचाई के लिये वही माप प्रयुक्त होगे जैसे पैरा 9 में उल्लिखित गुरुत्व केन्द्रो के लिये होते हैं ।

(3) (1) स्थिरता के आड़ी-वक्रो का आरेख, जिसमें उन अक्षीय झुकाव पर पठाण बिन्दु स्पष्टतया दिखाए गए हो जहां से स्थिरक बल-माप मापा जाता है और नति को गृहीत किया जाता है । झुकने वाले पठाणो के पोत के मामले में जहां शीर्ष कील से इतर माप प्रयुक्त हो इसकी स्थिति की सही सूचना दी जाए ।

झुकाव कोणो की पर्याप्त दूरी के लिये पर्याप्त सख्या मे आड़ी-वक्रो और ऐसा हर वक्र गहनतम रेखा से पोत की हलकी अवस्था मे विस्थापन दूरी के ऊपर विस्तार होना चाहिए ताकि सभी धनात्मक दूरी के ऊपर स्थिरक बल मापो के सांख्यिकीय स्थिरता वक्र अन्तर्वेशन द्वारा पर्याप्त यथार्थता से प्राप्त किया जा सके ।

(2) आड़ी-वक्रो से स्थिरक बल माप वक्र (OZ) कैसे प्राप्त किया जा सकता है, इसके लिये एक निदर्शी उदारण दिया जाए ।

10. इस अनुसूची के भाग II में अपेक्षित हर लदान शर्त के स्थिरता लक्षण स्थिरता पुस्तिका मे निम्नलिखित आरेखो और विवरणो द्वारा प्रदर्शित होगे ।

(i) पोत का अनुदैर्ध्य आरेख कुल भार के मुख्य घटको के निपटान को दिखाने वाले योग्य लघुमाप से खीचा गया,

(ii) हलकाभार, झुलभार का विन्यास और सघटको का घूर्ण, अन्तिम विस्थापन, गुरुत्व केन्द्र, चलकेन्द्र, अवाध तल प्रभाव और चल केन्द्री ऊंचाई को अवाध तल प्रभाव के लिए संशोधित की गई तदनुरूपी स्थिति ।

(iii) स्थिरक बल माप (GZ) के सांख्यिकीय स्थिरता वक्र का आरेख । जहां काष्ठ डेक माल की उत्प्लावकता के लिये मान्यता दी गई है वहां स्थिरक बल के वक्र दोनो के साथ और इस मान्यता के बिना, खिचना आवश्यक है । अवाध तल प्रभाव के लिये स्थिरक बलमाप के वक्र विधिवत सही किए जाएंगे ।

11. (1) स्थिरता के आकलन निकालने के लिये अधिसंरचना और कारगार चौमोखो से प्राप्त स्थिरता और उत्प्लावकता का भी ध्यान रखा जाए । ऐसी अधिसंरचनाएं द्वितीय अनुसूची के पैरा 7 और 8 मे बनाई गई हैं ।

(2) निम्नलिखित अधिसंरचनाओ द्वारा दी गई स्थिरता और उत्प्लावकता को भी आम वक्र निकालते समय ध्यान में रखा जाए और नौवहन महानिदेशक हर विशेष मामले में उनके स्थल, अखण्डता और बंद करने के साधन, को ध्यान में रखते हुए ऐसे अनुमोदित करे :—

(1) अधिसंरचना डेक के ऊपर स्थित अधिसंरचना ।

(2) फ्रीबोर्ड डेक के चाहे संपूर्ण अथवा माल एक भाग में डेक पर,

(3) फ्री बोर्ड डेक के ऊपर अथवा उस पर फलकामुख संरचना ।

काष्ट डेक माल ले जाने वाले पोत के मामले मे अतिरिक्त रूप से यदि नौवहन महानिदेशक ऐसा अनुमोदित करे तो ऐसा माल ले जा रहे पोत के अनुरूप परक स्थिरता बल निकालने के लिए काष्ट डेक माल या उसके किसी अश का आयतन भी ध्यान मे रखा जाए ।

(3) जहां स्थिरता परिकलन के लिये अधिसरचना या अन्य किसी सरचना की उत्प्लावकता ली जाती है वहा गाडी-वक्रो पर सदा उचित पृष्ठांकन किया जाए और ऐसी मात्रा का स्पष्ट उल्लेख किय जाए । जलरोक दरवाजों के समीप या अन्य किसी विशेष मुख पर ऐसे नोटिस स्पष्ट रूप से लगाए जायेगे कि जब पास समुद्र मे हो तो ये मुख स्थिरता के लिये इस प्रकार बन्द रखे जाएंगे कि जलरुद्ध रहे ।

चतुर्थ अनुसूची

भारत

(नियम 5 और 26 देखिए)

अन्तर्राष्ट्रीय भार रेखा समझौता 1966

समनुदेशन की शर्तों का अभिलेख-भार रेखा सर्वेक्षण

पोत का नाम ----------सर्वेक्षण का पत्तन और तारीख----------अधिकारिक सख्या----------सर्वेक्षक के हस्ताक्षर ----------राष्ट्रीकता और रजिस्ट्री का पत्तन;----------

सर्वेक्षण सगठन

निर्माता और यार्ड स०----------निर्माण वर्ष----------

स्वामी ----------

पोत वर्ग (विद्यमान वर्ग क/वर्ग ख)-------- फ्रीबोर्ड की लबाई-----

सकल टन भार----------

1 पोतो भीतों की अधिसरचना (पैरा 6)

	सामग्री और घटक	मुखो का ब्यौरा	बद करने के उपकरण
पानी का फलका मुख			
पूत्र अग्र फलका मुख			
पुल पिछला फलका मुख			
धप फलका मुख			

क्या अधिसरचना का निर्माण कारगर है ।

2 फ्रीबोर्ड और अधिरचना डेकों में फलकामुख (पैरा 8 और 9)

विवरण	फलका सं०	फलका सं०	फलका सं०	फलका सं०	फलका सं०	फलका सं०
मुख का परिमाप						
अग्रवाल						
फलका वर्डी घटक माप और वेयरिंग तल						
अग्र और पिछले घटक						
फलका बाड पीपा आवरण						
वर्षारोधक फलका आवरण						

क्या नियम की अपेक्षाओं के अनुसार फलकों को बंद करने वाले साधन मजबूत या सक्षम हैं।

3 मशीनरी जगह के मुख (पैरा 10)

फिडन चिमनी रोशनदान और खोला की सामग्री और घटकों के विवरण	देहल और मुखों के विवरण बन्द करने वाले साधनों का विवरण

क्या मशीनरी खोला पर वातायन अच्छी तरह सुरक्षित है?

4 फ्रीबोर्ड और अधिरचनाओं डेकों पर विविध मुख (पैरा 11)

(क) नरमाखों और सपाट मोखों के मुखों और बंद वाले उपकरणों का विवरण दें। क्या ऐसे निर्माण सक्षम है,

(ख) डेक साक्षों का विवरण

5 फ्रीबोर्ड और अधिरचनाओं डेकों पर खुली स्थिति में वातायन (पैरा 12)

वातायनों की स्थितियां	मुखों का माप	अग्रवाल की ऊंचाई और मोटाई	सम्वातित जगह बंद करने के उपकरण

क्या वातायन ऐसी जगह है जो विशेषरूप से मौसम और समुद्र से प्रभावित हो सकती है यदि ऐसा है तो उनका बचाव कैसे किया गया है।

6 फ्रीबोर्ड और अधिरचना डेकों पर अभिदर्शित स्थिति में वायु नलियां (पैरा 13)

स्थिति	वायु नलिकों की संख्या और प्रकार	व्यास और ऊंचाई	बन्द करने के उपकरण

(क) मानक ऊंचाई से कम के अधिरचना डेक पर स्थित किसी वायु नली का

(ख) क्या सभी वायु नलियां मजबूती से निर्मित है?

7 पार्श्व में माल द्वार और ऐसे ही मुख (पैरा 14)

(क) फ्रीबोर्ड डेक के नीचे माल द्वारों और ऐसे ही मुखों की अनुदैर्ध्य स्थिति, आकार और संख्या है।

(ख) किसी ऐसे माल द्वारा या ऐसे ही मुख के, फ्रीबोर्ड डेक के पार्श्व से समांतर खींची गई और गहनतम भार रेखा के ऊपरी छोर से जाने वाली रेखा के संबंध में, निचले छोर की खड़ी दूरी बताएं।

(ग) ऐसे मुखों को बन्द करने के उपकरणों का ब्यौरा दें। क्या ऐसे बंद करने के उपकरणों से संरचना की अखण्डता और जलरुद्धता सुनिश्चित होती है।

8 परवाल, प्रवेश द्वार और नलियां (पैरा 15)

पाइप के प्रवेश के छोर की स्थिति	कक्ष/डेक जिनमें से होते हुए	पाइपों की संख्या और नलों का बाहरी व्यास और बन्द करने के उपकरणों और सामग्री के प्रकार
SLWL के ऊपर पठाण से 0.01L		
SLWL के ऊपर 0.01L से 0.02L		
SLWL के ऊपर 0.02 से अधिक		

(क) वाल्वों के नियंत्रण के स्थान और सुगमता का विवरण दें --

(क) प्रयोग में ली गई मशीनरी जगह और (2) प्रयोग में न ली गई मशीनरी जगह।

(ख) प्रयोग में न ली गई मशीनरी जगह में जल के प्रवेश पर चेतावनी देने वाले उपकरणों के विवरण दें।

9 मूका (पैरा 16)

(क) मूकों, अघाटियों और शीशा और उनके निर्माण का विवरण दें।

(ख) क्या सभी मूकों की देहलियों पर या फ्रीबोर्ड डेक पार्श्व से समांतर खींची गई रेखा के ऊपर है और उनका सबसे नीचा पाइट।

(1) ग्रीष्म भार रेखा के ऊपर B से 2.5 प्रतिशत है या

(2) ग्रीष्म भार रेखा के ऊपर 500 मिलीमीटर है।

10 निकास मोखा और व्यवस्थाएं (पैरा 17)

(क) खुले डेक पर निकास व्यवस्था

	मडवाल की लंबाई और ऊंचाई	निकास मोखो के आकार और संख्या	हर ओर का क्षेत्र	हर ओर निर्मित क्षेत्र
अग्र कूप				
पिछला कूप				

(ख) बंद अधिरचना से इतर अधिरचना से जल निकास के लिए की गई व्यवस्थाओं का विवरण दें। क्या ऐसी व्यवस्थाएं कारगर हैं।

11 कर्मीदल की सुरक्षा (पैरा 18)

